दैनिक
नव प्रदेश
आदित्यवर्णं तमसः परस्तात्
प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर
3 राजधानी — कोरोना संकट के बीच शुरू हुई नई फैक्टरी...
4 अभिव्यक्ति — सोच-समझकर लें स्कूल खोलने का...
9 मनोरंजन/खेल — गुंजन सक्सेना-द करगिल गर्ल नेटफ्लिक्स...
11 व्यापार — अडानी ग्रीन एनर्जी को मिला दुनिया का...

www.navpradesh.com
रायपुर, बुधवार 10 जून 2020, आषाण कृष्ण पक्ष-पंचमी, विक्रम संवत-2077 वर्ष-09 अंक-120 पृष्ठ-12 मूल्य-3 रुपए
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, झारखंड, से एक साथ प्रकाशित

आज बेबाक

कोरोना के खिलाफ भारत जंग तभी जीतेगा जब सब मिलकर यह लड़ाई लड़ेंगे। केन्द्र सरकार ने राज्य सरकारों की मांग पर उन्हे लॉकडाउन और अनलॉक पर निर्णय लेने का अधिकार देकर अपना पल्ला झाड़ लिया है। इनमे से कुछ राज्य सरकारें घोर लापरवाही बरत रही हैं और सिवा जुबानी जमा खर्च करने कुछ नहीं कर रही है। नतीजतन इन राज्यों में कोरोना का प्रकोप बढ़ने लगा है। नई दिल्ली और मुंबई में तो सामुदायिक संक्रमण का खतरा मंडराने लगा है। यदि अभी भी केन्द्र और राज्यों के बीच कोरोना को लेकर तू-तू, मै-मै होती रही तो हालात बेकाबू हो जाएंगे।

बघेल की केंद्र से मांग- अतिरिक्त उधार सीमा को शर्तों से मुक्त रखें

- केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को लिखा पत्र
- राज्यों को मिली है जीएसडीपी का दो फीसदी अतिरिक्त उधार सीमा की अनुमति

रायपुर/ नव प्रदेश। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से राज्यों को दी गई जीएसडीपी के दो प्रतिशत अतिरिक्त उधार सीमा पर पुनर्विचार करते हुए इसे सभी शर्तों से मुक्त रखने का आग्रह किया है। बघेल ने सीतारमण को लिखे पत्र में यह मांग करते हुए कहा कि केन्द्र द्वारा जीएसडीपी का दो प्रतिशत अतिरिक्त उधार सीमा की अनुमति दी गई है, किन्तु यह सुविधा कई शर्तों और मापदण्डों की पूर्ति पर आधारित होने के कारण संसाधनों की कमी की समस्या यथावत बनी हुई है। कोविड-19 महामारी एवं देशव्यापी लॉकडाउन के कारण राज्यों को होने वाली आय में कमी आई है।

अर्थव्यवस्था को पुनर्जीवित करने केंद्र का पैकेज अपर्याप्त

उन्होंने पत्र में कहा कि कोरोना संकट और लाकडाउन की वजह से उत्पन्न विषम परिस्थिति से निपटने के लिए केन्द्र सरकार द्वारा जारी आर्थिक पैकेज की घोषणाएं भी अर्थव्यवस्था को पुनर्जीवित करने के लिए अपर्याप्त एवं जनसामान्य की जरूरतों को पूरा करने में ■ शेष पृष्ठ 8 पर

सीएम ने शासकीय अधिकारी-कर्मचारियों से की अपील

मुख्यमंत्री सहायता कोष में करें पुन: सहयोग

रायपुर/नवप्रदेश। *मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने राज्य में कार्यरत सभी शासकीय अधिकारी-कर्मचारियों से अपील की है कि कोरोना महामारी के इस संकट में जरूरतमंदों और पीड़ितों की सहायता के लिए पूर्व की तरह आगे भी सहयोग राशि प्रदान करें। सीएम बघेल ने अधिकारी-कर्मचारियों को धन्यवाद देते हुए कहा है कि उनके द्वारा पूर्व में मुख्यमंत्री सहायता कोष में दी गई सहयोग राशि से इस संकटकाल में जरूरतमंदों को काफी राहत मिली है। उन्होंने सभी से पुन: अपील की है कि संकट की इस घड़ी में दैनिक वेतनभोगी मजदूरों, जरूरतमंदों और पीड़ितों की मदद के लिए आगे आकर पूर्व की तरह मुख्यमंत्री सहायता* ■ शेष पृष्ठ 8 पर

मजदूरों की बदहाली पर स्वत: संज्ञान वाली याचिका पर सुप्रीम कोर्ट का आदेश

जहां जाना चाहते हैं श्रमिक उन्हें 15 दिन में भेज दें वहां

रेलवे को राज्यों के आग्रह पर 24 घंटे के भीतर ट्रेन उपलब्ध कराने के आदेश

नई दिल्ली/(वार्ता)। उच्चतम न्यायालय ने विभिन्न प्रांतों में फंसे मजदूरों को 15 दिन के भीतर उनके इच्छित स्थानों पर भेजने का मंगलवार को आदेश दिया। न्यायमूर्ति अशोक भूषण की अध्यक्षता वाली तीन सदस्यीय खंडपीठ ने प्रवासी मजदूरों की बदहाली पर स्वतः संज्ञान वाली याचिका पर अपना बहुप्रतीक्षित आदेश सुनाते हुए कहा कि पलायन करने का मन बना चुके प्रवासी मजदूरों को आज (मंगलवार) से 15 दिन के भीतर अपने गांव या उनके इच्छित स्थान पर भेजने का समुचित इंतजाम किया जाये। न्यायालय ने कहा कि राज्य सरकारों के अनुरोध पर रेलवे 24 घंटे के भीतर श्रमिक स्पेशल ट्रेन उपलब्ध करायेगी। खंडपीठ ने अपने आदेश में स्पष्ट किया है कि अपने घर जाने की जद्दोजहद में लॉकडाउन के नियमों का उल्लंघन करने वाले मजदूरों के खिलाफ दर्ज मामले वापस लिये जाएंगे।खंडपीठ ने गत पांच जून को सभी सम्बद्ध पक्षों की दलीलें सुनने के ■ शेष पृष्ठ 8 पर

राज्य सरकार तैयार करें रोजगार की योजना

खंडपीठ ने पलायन किये सभी श्रमिकों की पहचान करके पूरी विस्तृत जानकारी वाला डाटा तैयार करने का निर्देश दिया तथा कहा कि राज्य सरकारें और केंद्र शासित प्रदेश घर लौटे मजदूरों के लिए रोजगार की योजना तैयार करेंगे और इसकी जानकारी गांव और प्रखंड स्तर तक यथाशीघ्र पहुंचाएंगे। परामर्श केंद्र इन योजनाओं के बारे में लोगों को जानकारी उपलब्ध कराएंगे। शीर्ष अदालत ने इन मजदूरों की स्किल मैपिंग करने का भी आदेश दिया है, ताकि उन्हें उनके कौशल के अनुरूप रोजगार मिल सके। न्यायालय ने आठ जुलाई को इन योजनाओं और रोजगार सृजन से संबंधित जानकारी से उसे अवगत कराने का राज्यों को निर्देश दिया है।

बंधुआ मजदूरों का मामला

याचिकाकर्ता को आयोग जाने का निर्देश

नई दिल्ली/ (वार्ता)। उच्चतम न्यायालय ने बिहार और उत्तर प्रदेश के तीन ईंट भट्ठों के कम से कम 187 बंधुआ मजदूरों को मुक्त कराने एवं उनके पुनर्वास के मामले में याचिकाकर्ता को राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग जाने का मंगलवार को निर्देश दिया। न्यायमूर्ति एल नागेश्वर राव की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने सामाजिक कार्यकर्ता जाहिद हुसैन की याचिका का निपटारा करते हुए उन्हें एनएचआरसी जाने का निर्देश दिया। न्यायालय ने कहा कि एनएचआरसी देश भर में बंधुआ मजदूरों के संरक्षण और पुनर्वास के लिए विशिष्ट ■ शेष पृष्ठ 8 पर

डीजीपी अवस्थी ने जारी किया फरमान

आईजी-एसपी कंट्रोल में रखें अपना स्टाफ

- आमजनों से दुर्व्यवहार पर होगी एफआईआर

नवप्रदेश संवाददाता

रायपुर। उरला थाना प्रभारी का आम राहगिरों की जानवरों सी पिटाई का वीडियो वायरल होने के बाद महकमे की काफी भद्द पिट गई है। पुलिस की छवि के लिए हमेशा तत्पर रहे पुलिस महानिदेशक डीएम अवस्थी ने इस पूरे वाकये को गंभीरता से लेते हुए आज एक आदेश जारी किया है। जिसमें समस्त आईजी रेंज और पुलिस कप्तानों को सख्त निर्देश दिया गया है कि वे अपने मातहत अफसरों-कर्मियों को कंट्रोल में रखें। डीजीपी ने चेताया है कि अगर अब किसी भी पुलिस कर्मी ने उरला टीआई की तर्ज पर किसी से मारपीट की तो सीधे उसे सस्पेंड कर उसके खिलाफ एफआईआर किया जाए। उरला टीआई नितिन उपाध्याय की तरह आम ■ शेष पृष्ठ 8 पर

आरोपी टीआई के निलंबन की मांग

उरला टीआई व्दारा जिस युवक की बीच सड़क पिटाई की गई थी और उसे बचाने आई मां के साथ दुर्व्यवहार किया गया था वे दोनों पहली बार मीडिया के सामने आए। दोनों मामले की शिकायत करने सीएसपी कार्यालय पहुंचे थे। हालांकि सीएसपी से उनकी मुलाकात नहीं हो पाई। मीडिया से चर्चा में पीड़ित मां-बेटा ने मांग की है कि बेरहम टीआई का निलंबन भी होना चाहिए।

अच्छी खबर

बाल श्रम व भिक्षावृत्ति में लगे 10 बच्चों को किया रेस्क्यू

रायपुर/नवप्रदेश। अंतर्राष्ट्रीय बाल श्रम प्रतिषेध दिवस 12 जून के पहले महिला बाल विकास विभाग की टास्क फोर्स टीम ने 9 जून को रायपुर जिले के विभिन्न क्षेत्रों में अभियान चला कर भिक्षावृत्ति में लगे पांच बच्चों, दो महिलाओं और बाल श्रम कर रहे पांच बच्चों को रेस्क्यू किया। इसके साथ ही जिले के तिल्दा विकासखण्ड अंतर्गत सरोरा गांव में अभिभावकों को समझाईश देकर एक नाबालिग बालिका का बाल विवाह रोकने में सफलता हासिल की। टास्क फोर्स की टीम में जिला बाल संरक्षण इकाई, श्रम विभाग, पुलिस विभाग सहित राष्ट्रीय स्तर के दो स्वैच्छिक संगठनों के प्रतिनिधि शामिल थे। महिला बाल विकास विभाग के सचिव ■ शेष पृष्ठ 8 पर

पूर्वी लद्दाख में जारी विवाद पर विराम के संकेत

पीछे हटीं भारत-चीन की सेना

नई दिल्ली/ए.। पूर्वी लद्दाख के पास वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) के नजदीक भारत और चीन के बीच पिछले कुछ समय से चला आ रहा विवाद थमता नजर आ रहा है। खबर है कि पूर्वी लद्दाख में गलवान समेत तीन जगहों से भारत और चीन की सेनाएं पीछे हट गई हैं। चीन की पीपुल्स लिबेरशन आर्मी गलवान इलाका, पेट्रोलिंग प्वॉइंट 15 और हॉट स्प्रिंग इलाके से अपनी सेना और वाहनों को ढाई किलोमीटर पीछे लेकर चले गई है। भारत ने भी अपने कुछ सैनिकों की वापसी की है। हालिया सीमा विवाद को सुलझाने के लिए भारत और चीन के बीच कई राउंड की कूटनीतिक और सैन्य स्तर की बातचीत हो चुकी है।

5 मई को हुई थी झड़प

पूर्वी लद्दाख में स्थिति तब खराब हुई जब बीते पांच मई को पेगोंग झील क्षेत्र में भारत और चीन के लगभग 250 सैनिकों के बीच लोहे की छड़ों और लाठी-डंडों से झड़प हो गई। दोनों ओर से पथराव भी हुआ था, जिसमें दोनों देशों के सैनिक घायल हुए थे। यह घटना अगले दिन भी जारी रही। इसके बाद दोनों पक्ष 'अलग' हुए, लेकिन गतिरोध जारी रहा। इसी तरह की एक अन्य घटना में नौ मई को सिक्किम सेक्टर में नाकू ला दर्रे के पास दोनों देशों के लगभग 150 सैनिकों के बीच झड़प हो गई थी। सूत्रों के अनुसार, इस घटना में दोनों पक्षों के कम से कम 10 सैनिक घायल हुए थे।

कोरोना अपडेट

देश	टोटल केस	मौत
भारत	2,73,443	7,558
अमेरिका	2,029,136	113,214
ब्रिटेन	289,140	40,883
ब्राजील	711,696	37,359
इटली	235,278	33,964
फ्रांस	154,188	29,209
स्पेन	288,797	27,136
मैक्सिको	120,102	14,053
बेल्जियम	59,437	9,619
जर्मनी	186,284	8,802
ईरान	175,927	8,425
कनाडा	96,244	7,835
रूस	485,253	6,142
नीदरलैंड	47,903	6,031
पेरू	199,696	5,571
टर्की	171,121	4,711

शेयर बाजार

सेंसेक्स- 33956.69
निफ्टी- 33956.69
गोल्ड- 10046.65 (10 ग्रा.)
सिल्वर- 46556 (1 कि ग्रा.)

कोरोना : प्रदेश में 14 नए मरीज, 12 डिस्चार्ज

रायपुर/नवप्रदेश। मंगलवार को राज्य में कोरोना के 14 नए मरीज मिले। इनमें रायपुर जिले से 7, बलौदाबाजार से 3, राजनांदगांव से 2 तथा बेमेतरा व जांजगीर चांपा से 1-1 मरीज शामिल हैं। वहीं दूसरी ओर मंगलवार को राज्य के विभिन्न अस्पतालों से स्वस्थ होने के उपरांत 12 लोगों को डिस्चार्ज कर दिया गया है। मंगलवार शाम करबी 6:30 बजे जारी मीडिया बुलेटिन में यह जानकारी दी गई। इस तरह राज्य में अब एक्टिव पॉजिटिव मरीजों की संख्या 859 हो गई है। मंगलवार को डिस्चार्ज हुए मरीजों में एम्स रायपुर से 12(महासमुंद-4, मुंगेली-3, कबीरधाम, बालोद, राजनांदगांव व रायगढ़ से 1-1) डिस्चार्ज किए गए। वहीं राज्य में कोरोना के कुल मामलों की बात करें तो ■ शेष पृष्ठ 8 पर

ज्योतिरादित्य सिंधिया और उनकी मां कोरोना पॉजिटिव

नई दिल्ली (वार्ता)। भाजपा नेता ज्योतिरादित्य सिंधिया और उनकी मां माधवी राजे सिंधिया कोरोना वायरस से संक्रमित हो गए हैं। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, मंगलवार को दोनों की कोरोना रिपोर्ट पॉजिटिव आई। दोनों को इलाज के लिए दिल्ली के साकेत स्थित मैक्स सुपर स्पेशलिटी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

रोचक — बिलासपुर के तारबाहर थाने का वाकया, कहां से आया बंदर किसी को पता नहीं

टीआई की गैरमौजूदगी में उनकी कुर्सी बैठता है ये वानर

बिलासपुर (नव प्रदेश)। पेड़ों और मकानों की छतों पर उछलकूद व लंबी छलांग लगाने वाले बंदरों में से कोई वानर अपने इन प्रकृति प्रदत्त गुणों को छोड़कर थाने में टीआई की कुर्सी पर बैठने लगे तो भला किसको आश्चर्य नहीं होगा। लेकिन हो ऐसा ही रहा है। इन दिनों बिलासपुर के तारबाहर थाने में एक बंदर को टीआई की कुर्सी पर बैठे देखा जा सकता है। जब टीआई साहब थाने में नहीं होता तो यह उनकी कुर्सी पर बैठ जाता है और जब साहब होते हैं तो उनकी गोदी में बैठ जाता है। तारबाहर थाना परिसर में यह बंदर कहां से आया इसका किसी को भी पता नहीं है। थाना परिसर के आजू-बाजू कोई मदारी भी नहीं रहता है। लेकिन अब यह इस थाने के पुलिसकर्मियों के बीच घुलमिल गया है। टीआई प्रदीप आर्य के लिए तो यह बंदर और भी ज्यादा प्यारा है। टीआई की गैरमौजूदगी में यह बंदर उनकी कुर्सी में बैठना पसंद करता है और जब टीआई प्रदीप ■ शेष पृष्ठ 8 पर

पूजा के दौरान शांत मुद्रा में रहता है खड़ा

तारबाहर थाने में बिराजने आए इस बंदर को थाने में लगी देवी देवताओं की तस्वीरों के सामने उस वक्त शांत मुद्रा में खड़ा देखा जा सकता है, जब टीआई समेत अन्य पुलिसकर्मी इन चित्रों के समक्ष खड़े होकर पूजा कर रहे होते हैं। बंदर को देख ऐसा लगता है मानों वह भी भगवान की आरधना कर रहा हो। उल्लेखनीय है कि ज्यादातर थानों में संकट मोचक हनुमान का मंदिर देखने को मिलता है।



रिसर्च में किया दावा - भारत में चीन नहीं यहां से आया कोरोना

बेंगलुरु ए.। SARS-CoVw वायरस से उत्पन्न हुए कोविड-19 ने पूरी दुनिया में तबाही मचा रखी है। कहा जा रहा है कि भारत में यह वायरस चीन से आया। इस फैक्ट को लेकर रिसर्चर्स एट इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ साइंस (IISc) ने अलग दावा किया है। ढ्ढढ्ढस्ष्ट के रिसर्च में दावा किया गया है कि यह वायरस चीन से नहीं बल्कि यूरोप, मिडिल ईस्ट, ओशिनिया और साइथ एशिया के इलाकों से आाया है, जहां से सबसे ज्यादा यात्री भारत आए।

आईआईएससी की इस रिसर्च टीम में माइक्रोबयॉलजी और सेल बयॉलजी के प्रफेसर कुमारावेल सोमसुंदरम, माइनक मंडल, अंकिता शामिल थे। उन्होंने यह वैज्ञानिक खोज जीनोमिक्स स्टडी के आधार पर की है। शोधकर्ताओं ने वायरस के जीनोम अनुक्रमों का विस्तृत विश्लेषण किया और भारत में वायरस के मूल और महत्वपूर्ण आनुवंशिक वेरिएंट के संभावित स्रोत का पता लगाया।

करंट साइंस के आर्टिकल में लिखा है, 'विश्लेषण से पता चला है कि 137 में 129 भारतीय लोगों में SARS-CoV2 इन देशों के लोगों से मिलता-जुलता था। क्लस्टर- ए से पता चला



कि भारतीय सैंपल ओशिनिया, कुवैत और साउथ एशियन सैंपलों जैसे थे। वहीं क्लस्टर बी के सैंपल यूरोपियन सैंपलों से मिलते-जुलते थे। कुछ सैंपल मिडिल ईस्ट और साउथ एशियन सैंपलों जैसे थे। यह परिणाम बताता है कि अधिकांश भारतीय लोगों में जो कोविड का वायरस मिला है वह मूलतः यूरोप, मिडिल ईस्ट, साउथ एशिया और ओशिनिया का है।'

8 सैंपल चीन के सैंपलों जैसे

137 सैंपलों में से 8 सैंपल ऐसे थे जौ चीन और ईस्ट एशिया के सैंपलों से मिल रहे थे। इससे पता चलता कि कि यह वायरस चीन से आए भारतीय लोगों से आया।

कॉन्टैक्ट हिस्ट्री और यात्रा का विवरण होता तो और विस्तृत होता अध्ययन

शोधकर्ता ने कहा, 'भारत में SARS-CoV2 संभव है यूरोप और ओशिनिया से आया है। इसके अलावा इसका श्रोत मिडिल ईस्ट और साउथ एशियाई क्षेत्र हो सकते हैं।' भारतीय मरीजों की कॉन्टैक्ट हिस्ट्री और यात्रा का विवरण न होने से इस नतीजे पर नहीं पहुंचा जा सका कि इस वायरस का मूल सोर्स कहां का है। उन्होंने कहा कि हमारे परिणाम यह भी बताते हैं कि वायरस और देशों के बीच भी कनेक्शन हैं जहां पर भारतीयों ने सबसे ज्यादा यात्रा की।

कोरोना की पहचान और मैनेजमेंट ऐसे है संभव

इस अध्ययन में यह भी हाइलाइट किया गया है कि रैपिड वायरस जीनोम सिक्वेंस का पावर और पब्लिक डेटा शेयरिंग से इस कोरोना वायरस बीमारी की पहचान और मैनेजमेंट दोनों संभव है।

सीमा विवाद: अब बातचीत के लिए गिड़गिड़ा रहा नेपाल

कहा- अब कोई दूसरा चारा नहीं

काठमांडू ए.। चीन के प्रभाव में आकर अलग रास्ते पर निकले नेपाल के कदम लौटते दिख रहे हैं। नए नक?शे में भारत के इलाकों पर अपना अधिकार जताने के बाद अब वह बातचीत की मेज पर आने लगा है। नेपाली विदेश मंत्री प्रदीप कुमार ग्यावली ने कहा कि हम सीमा विवाद को लेकर भारत के साथ बातचीत करने के इच्छुक हैं। इसके अलावा दूसरा कोई रास्ता नहीं है।

भारत ने कहा- भरोसे का माहौल पैदा करना होगा

बता दें कि इससे पहले भी नेपाल कई बार बातचीत के लिए पेशकश कर चुका है। वहीं, भारत ने दो टूक कहा है कि बातचीत के लिए नेपाल को विश्वास और भरोसे का माहौल तैयार करना होगा। नेपाली सरकार ने इससे पहले भी एक डिप्लोमेटिक नोट जारी कर कहा था कि दोनों देशों के विदेश सचिव आमने-सामने या वर्चुअल मीटिंग में कालापानी, लिपुलेख और लिंपियाधुरा के मसले पर बात कर सकते हैं। जबकि, पिछले महीने भारत ने कहा था कि कोरोना महामारी से निपटने के बाद विदेश सचिव हर्षवर्धन सिंगला और नेपाली समकक्ष शंकर दास बैरागी इस मामले पर बात करेंगे।

क्या था विवाद?

भारत के लिपुलेख में मानसरोवर लिंक बनाने को लेकर नेपाल ने कड़ी प्रतिक्रिया दी थी। उसका दावा है कि लिपुलेख, कालापानी और लिपिंयाधुरा उसके क्षेत्र में आते हैं। नेपाल ने इसके जवाब में अपना नया नक्शा जारी कर दिया जिसमें ये तीनों क्षेत्र उसके अंतर्गत दिखाए गए। इस नक्शे को जब देश की संसद में पारित कराने के लिए संविधान में संशोधन की बात आई तो सभी पार्टियां एक साथ नजर आईं। इस दौरान पीएम केपी शर्मा ओली ने भारत को लेकर सख्त रवैया अपनाए रखा।

रोड के जवाब में नया नक्शा

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने जब लिपुलेख से कैलाश मानसरोवर जाने वाले रास्ते का उद्घाटन किया, तभी नेपाल ने इसका विरोध किया था। उसके बाद 18 मई को नेपाल ने नए नक?शा जारी कर दिया। भारत ने साफ कहा था कि 'नेपाल को भारत की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता का सम्मान करना चाहिए। नेपाल के नेतृत्व को ऐसा माहौल बनाना चाहिए जिससे बैठकर बात हो सके।

तल्ख होने लगे हैं दोनों देशों के रिश्ते

नेपाल के इस कदम से भारत के साथ उसके रिश्तों पर गहरा असर पड़ रहा है। भारत ने साफ कर दिया है कि वह अपनी संप्रभुता से समझौता नहीं करेगा। विदेश मंत्रालय की तरफ से कहा गया था कि इस सीमा विवाद का हल बातचीत के माध्यम से निकालने के लिए आगे बढ़ना होगा। इसके बाद नेपाल ने पिथौरागढ़ से सटे बॉर्डर पर बरसों पुराने एक रोड प्रोजेक्ट को शुरू करवा दिया। यह रोड रणनीतिक रूप से अहम है और उसी इलाके में है जहां पर नेपाल अपना कब्जा बताता रहा है। नेपाल की न्यूज साइट काठमांडू पोस्ट के मुताबिक नेपाली कम्यूनिस्ट पार्टी में पुष्प कमल दहल और सीनियर लीडर माधव कुमार नेपाल के खेमे से ओली के इस्तीफे की मांग की जा रही थी लेकिन अब यहां सन्नाटा छाया हुआ है। माधव के एक साथी के मुताबिक देश में हालात गंभीर हैं और ऐसे में पीएम का इस्तीफा मांगना अनैतिक होगा। हालांकि, विरोधी खेमे का साफकहना है कि इस मांग को खत्म नहीं किया गया है, बजट और नए नक्शे के पारित होने तक के लिए रोक दिया गया है। पोस्ट ने पार्टी के अंदर कई लोगों के हवाले से दावा किया है कि भारत के साथ सीमा विवाद ने ओली को बचा लिया है।

लद्दाख में चीन की हरकत के पीछे है रणनीतिक साजिश

नई दिल्ली ए.। यह भारतीय राजनयिकों और जनरलों का चीनी समकक्षों के साथ बातचीत का एक असामान्य माहौल था क्योंकि दोनों देशों के बीच सीमा से जुड़े मुद्दों को विदेश मंत्रालय के स्तर पर सुलझाया जाता रहा है। हालांकि मौजूदा दांव से कुछ हासिल होता हुआ नहीं दिख रहा है। ऐतिहासिक तौर पर देखें तो चीनी ने अक्साई चीन का बड़े हिस्से पर कब्जा कर रखा है और वह उसे लौटाने से इनकार कर चुका है। इसी कारण 1962 की लड़ाई हुई थी। 1998 से भारत और चीन के नेताओं के बीच तमाम शांति समझौते और 22 दौर की उच्च स्तरीय बातचीत होने के बाद भी पेइचिंग हमारा नक्शा स्वीकार नहीं कर रहा है और लद्दाख पर हमारे एलएसी के दावे को नहीं मान रहा है। चीन में बिना उच्च स्तरीय रणनीतिक दिशानिर्देश के बिना कुछ नहीं होता है। एक तरफजहां भारत कोरोना वायरस से जंग लड़ रहा था वहीं, चीनी सेना ने सीमा पर भारतीय सेना और साउथ ब्लॉक को चौंका दिया। यह कुछ वैसा ही था जैसे 1999 में करगिल में घुसपैठ हुई थी। चीनी सेना द्वारा खासतौर पर ए्रष्ट के करीब कब्जाए गए भूभाग करीब 30 स्कायर किलोमीटर हो सकता है। अब यहां यह सवाल है कि आखिर चीन ने यह अभी क्यों किया और हमें क्या मिलेगा या फिर हम चीन से क्या हासिल करेंगे? इस समय चीन के जेहन में तीन मुद्दे चल रहे होंगे। पहला, कोरोना वायरस से सही तरीके से नहीं निपटने का पूरी दुनिया का आरोप झेल रहा चीन इससे निकलने के लिए छटपटा रहा होगा। हांगकांग में का मुद्दा भी चीन को परेशान कर रहा है।

कोरोना इफेक्ट : 2020 में नहीं दिया जाएगा रैमन मैग्सेसे अवॉर्ड्स

एशिया का नोबेल पुरस्कार कहे जाने वाले रैमन मैग्सेसे अवॉर्ड्स को पिछले छह दशकों में रद्द किया गया हो

फिलीपीन्स के प्रसिद्ध राष्ट्रपति के नाम पर दिया जाता है पुरस्कार

मनीला ए.। कोरोना वायरस महामारी के कारण एशिया का नोबेल पुरस्कार कहे जाने रैमन मैग्सेसे अवॉर्ड्स इस साल नहीं दिए जाएंगे। 60 साल में यह तीसरा मौका है जब इस अवॉर्ड समारोह को रद्द किया गया है। रैमन मैग्सेसे पुरस्कार देने वाले मनीला स्थित फाउंडेशन ने मंगलवार को कहा कि कोरोना वायरस ने पूरी दुनिया को सच में ठप कर दिया है और इसके कारण हमारे पास कोई विकल्प नहीं बचा है।

बता दें किरैमन मैग्सेसे पुरस्कार को 1970 में आर्थिक संकट के चलते और 1990 में विनाशकारी भूकंप की वजह से पूर्व में भी रद्द किया जा चुका है। वहीं इस साल कोरोना महामारी के कारण फिलीपीन्स की राजधानी मनीला में होने वाले इस समारोह को रद्द किया गया है।

60 साल में तीसरी बार हुआ रद्द

छह श्रेणियों में दिया जाता है पुरस्कार

- सरकारी सेवाएं
- सार्वजनिक सेवाएं
- सामुदायिक नेतृत्व
- पत्रकारिता, साहित्य और रचनात्मक संचार कला
- शांति और अंतरराष्ट्रीय समझ
- इमर्जेंट लीडरशिप

फिलीपीन्स के राष्ट्रपति के नाम पर दिया जाता है पुरस्कार

रेमन मैग्सेसे पुरस्कार की स्थापना अप्रैल 1957 में हुई थी। यह पुरस्कार फिलीपीन्स के राष्ट्रपति रैमन मैग्सेसे की स्मृति में दिया जाता है। इस पुरस्कार को हर साल पुरस्कार को 31 अगस्त को मनीला में एक कार्यक्रम के दौरान प्रदान किया जाता है। इसी दिन फिलीपीन्स के प्रसिद्ध राष्ट्रपति रैमन मैग्सेसे जयंती भी होती है। दक्षिणपूर्व एशिया में फिलीपीन कोरोना वायरस से अत्यधिक प्रभावित है जहां संक्रमण के 22,400 मामले हैं और 1,000 से ज्यादा लोगों की मौत हो गई है।

बीकानेर की पूर्व महारानी पदमाकुमारी की पार्थिव देह का अंतिम संस्कार

बीकानेर (वार्ता)। राजस्थान में बीकानेर के पूर्व राजघराने की महारानी पदमा कुमारी की पार्थिव देह का अंतिम संस्कार आज यहां देवीकुण्ड सागर स्थित राजपरिवार के मुक्ति धाम में कर दिया गया। उनकी पार्थिव देह को मुखाग्नि उनकी पत्नी एवं विधायक सिद्धीकुमारी, महिमा कुमारी ने दी। इससे पूर्व उनकी अंतिम यात्रा को जूनागढ़ किले से रवाना हुई जो पब्लिक पार्क, सर्किट हाऊस, जयपुर रोड़ होती हुई देवीकुण्ड सागर स्थित राजपरिवार के मुक्ति धाम पहुंची।

जर्मनी से सैनिकों को हटाने की कोई घोषणा नहीं : व्हाइट हाउस

नई दिल्ली ए.। व्हाइट हाउस ने स्पष्ट किया है कि जर्मनी से अमेरिकी सैनिकों को वापस बुलाने के संबंध में कोई घोषणा नहीं की जानी है और कहा है कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप अमेरिकी सैन्य बलों के लिए बेहतरीन रुख और विदेशों में उनकी मौजूदगी की लगातार समीक्षा कर रहे हैं। व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैली मेकनैनी ने सोमवार को मीडिया की उन रिपोर्टों पर प्रतिक्रिया करते हुए प्रेस वार्ता में यह टिप्पणी की जिनमें दावा किया जा रहा है कि ट्रंप ने जर्मनी से हजारों अमेरिकी सैनिकों को वापस बुलाने का फैसला किया है।

मेकनैनी ने कहा, हमें इस वक्त कोई घोषणा नहीं करनी है। मुझे पता है कि कुछ रिपोर्टें आ रही हैं लेकिन इस वक्त ऐसी कोई घोषणा नहीं है।÷ उन्होंने कहा, ÷राष्ट्रपति अमेरिकी सैन्य बलों के लिए बेहतरीन रुख और विदेशों में हमारी उपस्थिति का लगातार आकलन कर रहे हैं। मेरा मतलब है कि हम अपने मजबूत सहयोगियों के साथ काम करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

अधिकारियों ने शुक्रवार को बताया था कि ट्रंप प्रशासन ने व्हाइट हाउस के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार रॉबर्ट ओब्रायन द्वारा हाल में हस्ताक्षर किए गए ज्ञापन में बदलाव का आदेश दिया है। वाशिंगटन पोस्ट की रिपोर्ट में कहा गया कि शुक्रवार तक जर्मनी को इस फैसले की जानकारी नहीं थी।

जर्मनी में अभी तकरीबन 34,500 अमेरिकी सैनिक तैनात

जर्मनी में अभी तकरीबन 34,500 अमेरिकी सैनिक तैनात हैं। वॉल स्ट्रीट जर्नल और वाशिंगटन पोस्ट के मुताबिक, ट्रंप की सैनिकों में कटौती की योजना की खबरें अगर सच होती हैं तो जर्मनी में 25,000 अमेरिकी सैनिक रह जाएंगे। अमेरिका के एक शीर्ष अधिकारी ने कहा कि प्रशासन सितंबर से इस कदम पर विचार कर रहा है और यह जून के अंत में वाशिंगटन में ट्रंप की मेजबानी में होने वाली जी-7 की बैठक में जर्मनी की चांसलर एंजेला मर्केल के शामिल नहीं होने से जुड़ा हुआ नहीं है।

यूपी : 69000 शिक्षक भर्ती मामले की जांच एसटीएफ को सौंपी गई

नई दिल्ली ए.। उत्तर प्रदेश के प्राथमिक स्कूलों में 69000 सहायक शिक्षकों की भर्ती मामले की जांच एसटीएफको सौंप दी गई है। डीजीपी मुख्यालय ने मंगलवार को यूपी एसटीएफ को जांच के आदेश दिए। गड़बड़ियों की पड़ताल के लिए एएसपी रैंक के अधिकारी की अगुवाई में यूपी एसटीएफ की टीम बनाई गई है। आपको बता दें कि शिक्षक भर्ती परीक्षा में प्रश्न पत्र से लेकर परीक्षा के टॉपर तक पर सवाल खड़े किए गए हैं।

यूपी सरकार के बेसिक शिक्षा मंत्री सतीश द्विवेदी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कहा कि एक शिकायतकर्ता की शिकायत के बाद पुलिस ने भर्ती में फर्जीवाड़ा करने के आरोप में के एल पटेल समेत 11 लोगों की गिरफ्तारी की है। पूरा मामला एसटीएफको सौंप दिया गया है। सेंटरों पर हुई नकल और लापरवाही की जांच होगी। दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

बेसिक शिक्षा मंत्री ने कहा 'आरोपियों से पूछताछ में पता चला है कि यह गिरोह पंचम लाल आश्रम उच्चतर माध्यमिक स्कूल प्रयागराज से साठगांठ कर भर्ती परीक्षाओं में अभ्यर्थियों की गैरकानूनी ढंग से मदद करता है और उसके बदले में धन वसूली करता है। अगर जांच में यह साबित होता है कि कुछ अभ्यर्थियों ने गलत तरीके से परीक्षा पास की है तो उन्हें डिबार किया जाएगा। परीक्षा केंद्र भी भविष्य की परीक्षाओं के लिए डिबार किया जाएगा। परीक्षा केंद्र के प्रबंधक व अन्य स्टाफपर कार्रवाई की जाएगी।' उन्होंने कहा कि योगी सरकार ने भ्रष्टाचार के प्रति जीरो टोलरेंस की नीति अपनाई है। गड़बड़ी करने वाले किसी भी शख्स को बख्शा नहीं जाएगा।

सुप्रीम कोर्ट ने यूपी सरकार को 37339 पदों को होल्ड करने का आदेश दिया

कट ऑफमामले में सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को आदेश जारी कर यूपी सरकार को 37339 पदों को होल्ड करने का आदेश दिया। कोर्ट ने अगली सुनवाई के लिए 14 जुलाई 2020 की तारीख तय की है। 69000 शिक्षक भर्ती में कट ऑफ मामले को लेकर शिक्षामित्रों की याचिका पर सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने यूपी सरकार को 37, 339 पदों को रोकने का निर्देश दिया है। दरअसल सुप्रीम कोर्ट ने पिछली सुनवाई में यूपी सरकार से 40/45 के कटऑफ पर कितने शिक्षामित्र पास हुए हैं, इसका डाटा मांगा था। लेकिन शिक्षामित्रों का कहना है कि लिखित परीक्षा में टोटल 45357 शिक्षामित्रों ने फॉर्म डाला था, जिसमें से 8018 शिक्षामित्र 60-65त्न के साथ पास हुए। लेकिन इसका कोई डेटा नहीं है कि कितने शिक्षामित्र 40-45 के कटऑफ पर पास हुए। इसीलिए 69000 पदों में से 37339 पद रिजर्व करके सहायक शिक्षक भर्ती की जाए या फिर पूरी भर्ती प्रक्रिया पर स्टे किया जाए।

रवींद्र संगीत की जगह बंगाल में अब बम धमाके, गोलियों की आवाज

नई दिल्ली ए.। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने मंगलवार को पश्चिम बंगाल के लिए 'डिजिटल रैली' की। इस दौरान उन्होंने राज्य की ममता बनर्जी सरकार को निशाने पर रखा। उन्होंने कहा कि ममता बनर्जी ने मोदी जी की लोकप्रियता से डरकर बंगाल में आयुष्मान भारत योजना और पीएम किसान सम्मान निधि जैसी योजनाओं को लागू नहीं होने दिया। गृहमंत्री ने अम्फान और कोरोना महामारी में भी भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए कहा कि जिस बंगाल में कभी रवींद्र संगीत की गूंज होती थी वह बंगाल अब बम धमाकों से दहल रहा है।

पश्चिम बंगाल के लिए वर्चुअल रैली में गरजे अमित शाह

'बीजेपी का सीएम लागू करेगा आयुष्मान भारत योजना'

अमित शाह ने कहा ममता बनर्जी सरकार को निशाने पर लेते हुए कहा कि ममता बनर्जी ने राज्य के गरीबों को आयुष्मान भारत योजना का लाभ नहीं लेने दिया है। उन्हें डर है कि इससे मोदी जी की लोकप्रियता बढ़ जाएगी। गृहमंत्री ने कहा कि चुनाव बाद जब बीजेपी के मुख्यमंत्री शपथ लेंगे तो उसके एक मिनट बाद यहां आयुष्मान भारत योजना लागू हो जाएगी।

'बम धमकों की संख्या ना बता देना'

गृहमंत्री अमित शाह ने कहा-ममता दीदी मैं तो हिसाब लेकर आया हूं, कल आप अपने 10 साल का हिसाब दे दीजिए। ध्यान से हिसाब देना, बम धमाकों की संख्या ना बता देना, बंद फैक्ट्रियों की संख्या ना बता दीजिएगा, भाजपा के मार दिए गए कार्यकर्ताओं का हिसाब ना बता दीजिएगा। हिसाब आना है तो विकास का लेकर आइए ममता दीदी।

भारी पड़ेगा सीएए का विरोध

अमित शाह ने संशोधित नागरिकता कानून का जिक्र करते हुए कहा कि मोदी सरकार ने करोड़ों शरणार्थियों को सम्मान देना का वादा पूरा किया। ममता जी का चेहरा मैंने उस दिन देखा था, गुस्से से चेहरा लाल हो गया था। नाम लेने, बोलने की तमीज नहीं रह गई थी। मैंने इतना गुस्सा कभी को नहीं देखा था। मैं ममता दीदी को पूछना चाहता हूं कि बांग्लादेश से आए बंगाली भाइयों ने आपका क्या बिगाड़ा है। यह बंगाल की जनता जानना चाहती है। उन्हें बताना चाहिए कि वह किन वजहों से विरोध कर रही है। मैं ममता जी जी कहना चाहता हूं कि जब मत पेटियां खुलेंगी तो बंगाल की जनता आपको राजनीतिक शरणार्थी बनाने वाली है। सीएए का विरोध आपको बहुत महंगा पड़ेगा।

'किसानों को पैसा नहीं लेने दे रही हैं ममता दीदी'

अमित शाह ने कहा- राहुल बाबा चुनाव में कहते थे किसानों का लोन माफकरो। यूपीए सरकार ने 3 करोड़ किसानो का 10 साल में 60 हजार करोड़ रुपये का लोन माफकिया। मोदी सरकार किसान सम्मान निधि योजना के तहत 9 करोड़ से ज्यादा किसानों के अकाउंट में 72 हजार करोड़ रुपये पहुंच गया है और हर साल छह हजार रुपए जाएगा। लेकिन इस बात बंगाल वाले ताली ना बजाएं, क्योंकि ममता दीदी यहां के किसानों की सूची नहीं देती है। क्योंकि उन्हें डर है कि इससे मोदी लोकप्रिय हो जाएंगे। ममता जी राजनीतिक लड़ाई लड़ लेंगे, लेकिन आप बंगाल के किसानों को क्यों दुखी कर रही हो।

■ न्यूज गैलरी

रेलवे ट्रैक मरम्मत के लिए बंद रहेगा सड़क यातायात

रायपुर। रायपुर रेल मंडल के आर.व्ही.लाइन में स्थित मंदिर हसौद रेलवे लेवलक्रासिंग क्रमांक आर.व्ही.-14 (कि.मी.15/12-13) उक्त फाटक पर रेलवे ट्रैक की मरम्मत का कार्य दिनांक 10.06.2020 दिन बुधवार को रात 08:00 बजे से दिनांक 11.06.2020 दिन गुरुवार को सुबह 08:00 बजे तक समपार फ ाटक से वाहनों का आवागमन बंद रहेगा। समपार फ ाटक की मरम्मत करना रेल यातायात व यात्रियों की संरक्षा की दृष्टि से अति आवश्यक हैं। यात्रियों से आग्रह किया जाता है कि प्रशासन के इस कार्य में अपना सहयोग प्रदान करें।

बारसूर आवर्धन जल योजना हेतु 11.30 करोड़ रूपए स्वीकृत

रायपुर। छत्तीसगढ़ शासन द्वारा ग्रामीण तथा वनक्षेत्रों के निवासियों के लिए पेयजल व्यवस्था सुनिश्चित की जा रही है। इसी कड़ी में दंतेवाड़ा जिले के विकासखण्ड गीदम की नगर पंचायत बारसूर में आवर्धन जल प्रदाय योजना के लिए 11 करोड़ 30 लाख 25 हजार रूपए की पुनरीक्षित स्वीकृति प्रदान की है। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग मंत्रालय महानदी भवन से बारसूर आवर्धन जल प्रदाय योजना का कार्य कराने के लिए प्रमुख अभियंता लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी नया रायपुर को प्रशासकीय स्वीकृति जारी कर दी गई है।

ट्रेक्टर के नीचे आने पर अधेड़ की मौत

रायपुर। खरोरा थाने से मिली जानकारी के अनुसार आरोपी ट्रेक्टर क्रमांक सीजी 04/8386 के चालक नंदलाल वर्मा पिता स्व. ताराचंद वर्मा द्वारा तेज रफ्तार ट्रेक्टर लापरवाही पूर्वक चलाकर ग्राम भैंसमुड़ी खरोरा निवासी प्रेमलाल यादव पिता बिहारी लाल यादव के ऊपर ट्रेक्टर चढ़ाने के कारण अधेड़ की घटना स्थल पर ही मौत हो गई।

कोरोना संकट के बीच शुरू हुई नई फैक्टरी, लोगों को मिला रोजगार

■ **मुख्यमंत्री ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से निजी क्षेत्र की पहली फ्रोजन फूड इकाई 'गोल्ड' का किया शुभारंभ**

नव प्रदेश संवाददाता

रायपुर। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आज यहां अपने निवास कार्यालय से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से छत्तीसगढ़ में निजी क्षेत्र की पहली फ्रोजन फूड इकाई 'गोल्ड' का शुभारंभ किया। यह इकाई रायपुर के उरला क्षेत्र के बोरझरा में स्थित है। गोयल ग्रुप द्वारा प्रारंभ की गई इस इकाई में शाकाहारी फूड प्रोडक्ट तैयार किए जा रहे हैं।

मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर कहा कि कोरोना काल में जब लोगों का रोजगार छूट रहा है, प्रदेश में एक नई फैक्टरी शुरू हुई, जिसमें स्थानीय लोगों को रोजगार मिला है। श्री बघेल ने इस अवसर पर गोयल ग्रुप ऑफ कंपनीज के चेयरमैन श्री सुरेश गोयल सहित ग्रुप से जुड़े सभी लोगों को बधाई और शुभकामनाएं दीं। मुख्यमंत्री ने कहा कि जब इस फैक्ट्री के उत्पादों का छत्तीसगढ़ में और छत्तीसगढ़ के बाहर देश-विदेश के लोग उपयोग करेंगे तो उन्हें छत्तीसगढ़ की माटी की सोंधी महक का अहसास होने लगेगा।

मुख्यमंत्री श्री बघेल वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बोरझरा स्थित इस इकाई में उपस्थित लोगों से रूबरू हुए, जहां गोयल ग्रुप ऑफ कंपनीज के चेयरमैन श्री सुरेश गोयल, विधायक श्री सत्यनारायण शर्मा सहित ग्रुप के सदस्य और कर्मियों से बातचीत की। मुख्यमंत्री ने फैक्ट्री में काम कर रही लक्ष्मी निषाद और भूमिका ठाकुर से बात की। उन्होंने मुख्यमंत्री को बताया कि कोरोना काल में उन्हें अपने गांव के पास ही काम मिला है, जिससे काफी राहत मिली है। गोयल समूह के मैनेजिंग डायरेक्टर नरेन्द्र गोयल ने बताया कि यह छत्तीसगढ़ का पहला फ्रोजन फूड उद्योग है। इसके खाद्य उत्पाद शत प्रतिशत शुद्ध और शाकाहारी है। इसमें शाकाहारी उपभोक्ताओं को नए विकल्प मिलने लगेंगे। साथ ही इस उत्पाद को बनाने में किसी भी प्रकार के प्रिजरवेटिव केमिकल एवं आर्टिफिशियल कलर का उपयोग नहीं किया गया है। उन्होंने बताया कि जहां इस उद्योग में 60 प्रतिशत महिलाओं को रोजगार दिया गया है वहीं काम-काज के सुचारू संचालन के लिए उनकी स्वच्छता तथा सुरक्षा आदि के लिए पर्याप्त प्रबंध किए गए हैं। वहां कार्यरत लोगों के लिए सेनेटाईजर, मास्क की व्यवस्था के साथ उन्हें फिजिकल डिस्टेंसिंग का पालन कराया जा रहा है।

डीएमएफ से अधोसंरचना विकास के एक हजार कार्यों को मंजूरी

■ **पेयजल, स्वास्थ्य, शिक्षा, कृषि एवं अधोसंरचना के 44.56 करोड़ के प्रस्ताव शामिल**

■ **गृह विभाग और बिलासपुर जिले के प्रभारी मंत्री ताम्रध्वज साहू की अध्यक्षता में विडियो कांफ्रेसिंग के जरिए डीएमएफकी शासी परिषद की बैठक**

नव प्रदेश संवाददाता

रायपुर। गृह एवं लोक निर्माण विभाग और बिलासपुर जिले के प्रभारी मंत्री ताम्रध्वज साहू की अध्यक्षता में आयोजित बिलासपुर जिला खनिज संस्थान न्यास की शासी परिषद की बैठक में शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल, कृषि, महिला एवं बाल विकास और अधोसंरचना विकास से संबंधित कार्यों के लिए 44 करोड़ 56 लाख 58 हजार रूपये के प्रस्तावों का अनुमोदन किया गया। मंत्री श्री साहू ने यह बैठक अपने रायपुर निवास कार्यालय से वीडियो कांफ्रेसिंग के जरिये ली। बैठक में शासी परिषद के सदस्य एवं विधायक धरमलाल कौशिक, शैलेष पाठक, श्रीमती रश्मि आशिष सिंह, डॉ. कृष्णमूर्ति बांधी, रजनीश कुमार सिंह सहित कलेक्टर एवं जिला अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में जिले में समुचित पेयजल आपूर्ति के लिए 01 एच.पी. 900 वॉट सोलर ड्यूल पंप टंकी स्टैण्ड सहित, सिंगल फेस पॉवर पंप, नलजल योजना, पाईप लाईन सुदृढ़ीकरण के 135 कार्यों के लिए 7 करोड़ 05 लाख 40 हजार रूपये, कोविड-19 वायरस के रोकथाम एवं स्वास्थ्यगत अधोसंरचना निर्माण कार्यों एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों के जीर्णोद्धार एवं आवश्यक उपकरणों के लिए 08 करोड़ 32 लाख 55 हजार रूपये, शिक्षा विभाग के अन्तर्गत छात्रावास-आश्रमों के नवीनीकरण, उन्नयन, शाला भवन निर्माण, पेयजल, विद्युतीकरण आदि के 690 कार्यों के लिए 17 करोड़ 45 लाख 72 हजार रूपये के प्रस्ताव का अनुमोदन किया गया।

शासी परिषद की बैठक में कृषि एवं कृषि से संबंद्ध गतिविधियों को बढ़ावा देने, सिंचाई विस्तार एवं उन्नत कृषि तकनीक को प्रोत्साहित करने और धान के अलावा दलहन एवं तिलहन फसलों का रकबा बढ़ाने तथा सुराजी गांवों में नरवां, गरूवा, घुरूवा, बाड़ी योजना सहित 139 विभिन्न विकास कार्यों के लिए 08 करोड़ 33 लाख 91 हजार रूपये, जिले के एक सौ आंगनबाड़ी केन्द्रों को आदर्श आंगनबाड़ी केन्द्र के रूप में विकसित करने के लिए 01 करोड़ 39 लाख रूपये और सभी जनपद पंचायतों में नाली-पुलिया आदि अधोसंरचना से संबंधित विकास कार्यों के लिए 02 करोड़ रूपये के प्रस्ताव का अनुमोदन किया गया।

नहरपारा व्यापारी संघ ने पुलिस का किया अभिनंदन

रायपुर। नहरपारा व्यापारी संघ के संरक्षक गण सेनापति जग्गी, भीमनदास बठेजा, आनन्द कुकरेजा, आनन्द चोपकर, कन्हैया अग्रवाल, ठाकुर राजेश्वर सिंह, अमर पंजवानी, घनश्याम मनवानी, सुरेश केशवानी, अशोक धावना ने छत्तीसगढ़ मे कोरोना के इस दौर मे लाकडाउन के दौरान जब समस्त अर्थ व्यवस्था पूरी तरह से ध्वस्त हो रही थी व चारो तरफ बेरोजगारी का आलम होने के कारण प्रदेश मे अपराधों में बढोतरी भी होने की संभावनाएं भी बढ रही थी ऐसे समय मे स्थानीय पुलिस प्रशासन द्वारा लगातार हर क्षेत्र मे अपनी जिम्मेदारी निभा कर एक मिसाल कायम की, संघ के पदाधिकारियों ने कुछ दिनों पूर्व कैट के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अमर पारवानी के साथ घटीत एक घटना पर पुलिस प्रशासन द्वारा त्वरित कार्यवाही कर एक मिसाल कायम किया जिसका हम उनके इस सराहनीय कार्य के लिए उनका हार्दिक अभिनंदन करते हैं। विज्ञप्ति जारी कर नरहपारा व्यापारी संघ के महासचिव जैराम बठेजा ने दी।

गोरखपुर में मंदिर टूटा, सिंधी समाज में रोष

रायपुर। सेन्ट्रल सिन्धी पंचायत के अध्यक्ष अमर पंजवानी, महासचिव गोपीचंद मोटवानी, अशोक धावना ,दौलत रोहडा, संजय मंधान एवं युवा मोर्चा के अध्यक्ष विशाल कुकरेजा ने संयुक्त रूप से एक वक्तव्य मे कहा कि गोरखपुर के गोरखनाथ मे बिना किसी पूर्व सूचना के हमारे सिन्धी समाज के ईष्ट देव साई झुलेलाल मंदिर को तोड़ दिए जाने पर सिन्धी समाज मे रोष व्याप्त है और हम इस घटना की कड़े शब्दों में नींदा करते हुए उन्होंने इस घटना को एक सोची समझी चाल निरुपित करते हुए कहा कि समाज के साथ इस तरह की शर्मनाक घटना को बर्दास्त नही किया जाएगा। समाज ने आनलाइन बैठक मे यह निर्णय लिया कि इस घटना के विरोध स्वरूप प्रधानमंत्री,राज्यपाल, मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर इसका विरोध प्रगट किया जाएगा व हम मांग करते है कि इस घटना के लिये संबंधित दोषियों पर सख्त कार्यवाही करते हुए अतिशीघ्र हमारे इष्टदेव झुलेलाल जी को पर्याप्त स्थान पर स्थापित कराने आदेश पारित करेंअन्यथा इसका खामियाजा स्थापित सरकार कोआनेवाले समय मे भुगतान करना होगा।

महाप्रभु हुए बीमार, काढ़ा पिलाकर किया जाएगा स्वस्थ्य

नव प्रदेश संवाददाता

रायपुर। राजधानी के गायत्री नगर स्थित भगवान जगन्नाथ कोरोना काल में बीमार पड़ गए हैं. भगवान जगन्नाथ के जल्द स्वस्थ होने के लिए हिन्दू धर्म शास्त्रों के अनुसार उन्हें औषधियुक्त काढ़ा पिलाने की रस्म निभाई जाती है. भगवान बीमार पड़ने के साथ ही, उसी दिन से पूजा-अर्चना और महाआरती कर मंदिर के पट 15 दिनों के लिए बंद कर दिए जाते हैं. इस समय भगवान एकांतवास में विश्राम करते हैं। यानी कोरोना काल में भगवान क्वारेनटाइन में रहेंगे. भगवान जगन्नाथ हर साल इसी समय बीमार पड़ते हैं. तब मंदिर के पट बंद रहने के दौरान भगवान को दिन में 4 बार काढ़ा पिलाया जाता है. इस दौरान भक्तों को भगवान के दर्शन

नहीं करने देते है. 22 जून को भगवान स्वस्थ होंगे, तब 23 जून को भगवान अपने भक्तों को दर्शन देने के लिए रथ पर सवार होकर नगर भ्रमण करेंगे। उक्त अवसर पर रथ यात्रा निकाली जाएगी। मंदिर के पुजारी सीतराम पंडा ने बताया कि 5 जून से भगवान की तबीयत बिगड़ी है. इस दौरान उनका विशेष ख्याल रखा जा रहा है. उन्हें 4 बार काढ़ा पिलाया जा रहा है. दर्शन करने वाले भक्तों को भी इसी काढ़े का सेवन कराया जाता है. मंदिर के पुजारी ने बताया कि इस काढ़े के पीने से रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है. कोरोना के इलाज में भी रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाने का प्रयास किया जाता है. भगवान के इस काढ़े में 10 प्रकार की जड़ी बूटियों के साथ ही अदरक, लोंग, इलाइची और तुलसी पत्ते का मिश्रण होता है.

रथ यात्रा के संबंध में पुजारी ने बताया कि भगवान की रथ यात्रा मंदिर से ही निकाली जाएगी, लेकिन रथ बाहर ले जाकर भक्तों को दर्शन नहीं देंगे।

पंचायतों को जिम्मेदारी मिलने से भाजपा को क्यों पीड़ा हो रही है -मोहन मरकाम

रायपुर (नव प्रदेश)। पूर्व मुख्यमंत्री एवं भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रमन सिंह के बयान पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुये प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम ने कहा हां, हमें सरपंचों पर भरोसा है । वे निर्वाचित जन प्रतिनिधि हैं। अपनी जिम्मेदारी समझते हैं । जनता के चुने हुए पंचायत के जनप्रतिनिधि को मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की सरकार ने महामारी को नियंत्रित करने एवं प्रवासी मजदूरों की देखभाल के लिए बनाई गई क्वॉरेंटाइन सेंटर की जिम्मेदारी देकर करोना महामारी के नियंत्रण के महत्वपूर्ण काम में पंचायतों की सहभागिता सुनिश्चित की है । क्वॉरेंटाइन सेंटर में ठहरे

प्रवासी मजदूरों को इससे घर जैसा माहौल और पारिवारिक वातावरण क्वॉरेंटाइन सेंटर में मिल रहा है। प्रवासी मजदूरों पंचायतों द्वारा संचालित क्वॉरेंटाइन सेंटर में खुद को सुरक्षित और बेहतर महसूस कर रहे हैं । किसी भी प्रकार की रहने खाने की दिक्कतें नहीं हो रही है।पंचायतों को कोरोना महामारी नियंत्रित करने और क्वॉरेंटाइन सेंटर की जिम्मेदारी देने से पूर्व मुख्यमंत्री डॉक्टर रमन सिंह को क्यों तकलीफहो रही है? प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम ने कहा कि लाक डाउन वन से उत्पन्न परिस्थितियों के बाद मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की सरकार ने स्पेशल ट्रेनों बसों व अन्य माध्यमों से प्रवासी मजदूरों के घर वापसी के पुख्ता इंतजाम किए हैं । राज्य में लगभग साढे तीन लाख प्रवासी मजदूरों के घर वापसी सुनिश्चित हुई है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की सरकार ने मजदूरों के घर वापसी के लिए लगभग 3.30 करोड़ की राशि खर्च की है।

कार्य में तेजी सैंपल का बैकलॉग कम हुआ, सभी प्रकार के सैंपल की हो रही जांच

एम्स में आरएनए एक्सट्रेशन मशीन, कोविड-19 सैंपल की बढ़ी जांच

नव प्रदेश संवाददाता

रायपुर। अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान रायपुर की वीआरडी लैब में आरएनए एक्सट्रेशन मशीन पहुंच गई है। इसकी मदद से कोविड-19 के सैंपल की जांच क्षमता और अधिक बढ़ जाएगी। इसके साथ ही अगले कुछ दिनों में एक और अत्याधुनिक आरटी-पीसीआर मशीन भी एम्स पहुंचने वाली है जिसकी मदद से लैब की क्षमता और अधिक बढ़ जाएगी।

निदेशक प्रो. (डॉ.) नितिन एम. नागरकर ने बताया कि वीआरडी लैब में आरएनए एक्स्ट्रेशन अब पूरी तरह से ऑटोमेटिक हो जाएगा। कोविड-19 की टेस्ट प्रक्रिया के इसी भाग में सबसे अधिक समय लगता था जो अब चार घंटे से कम होकर डेढ़ घंटा रह जाएगा। इसके साथ ही टेक्नीशियन की भूमिका भी इसमें काफी कम है। मशीन के ऑटोमेटिक होने की वजह से मैनुअल इंटरवेंशन कम हो गया है। इसकी वजह से कोविड टेस्ट में अब कम समय लगेगा और ज्यादा सैंपल टेस्ट किए जा सकेंगे। फिलहाल इसमें एक साथ 96 सैंपल टेस्ट हो रहे हैं।

एक और आरटी-पीसीआर मशीन भी शुरू हो जाएगी कुछ दिनों में

उन्होंने बताया कि एक और आरटी-पीसीआर लैब में स्थापित की जा रही है। इससे एम्स में आरटी-पीसीआर की संख्या तीन से बढ़कर चार हो जाएगी। यह मशीन भी अत्याधुनिक है। इसमें एक साथ 96 सैंपल टेस्ट हो सकते हैं। टेस्टिंग में समय भी कम लगता है। उन्होंने आशा व्यक्त की है कि इसकी वजह से वर्तमान में 1500 प्रतिदिन टेस्ट क्षमता को और अधिक बढ़ाया जा सकेगा। प्रो. नागरकर ने स्पष्ट किया है कि एम्स में 24 घंटे सैंपल टेस्ट किए जा रहे हैं। कुछ समय के लिए सैंपल कम भेजने का अनुरोध किया गया था जिससे बैकलाग खत्म किया जा सके। वर्तमान में बैकलाग कम होने के बाद पुनः सैंपल लिए जा रहे हैं। एम्स की वीआरडी लैब में क्षमता बढ़ाने के लिए लैब टेक्नीशियन और डाटा एंट्री ऑपरेटर की संख्या भी बढ़ा दी गई है। प्रदेश के किसी भी जिले से सैंपल आने पर उनका टेस्ट करके रिपोर्ट शीघ्र प्रदान की जाएगी। उन्होंने कहा कि विभिन्न लैब के साथ समन्वय करके सभी की क्षमता को निरंतर बढ़ाया जा रहा है। यह प्रयास आगे भी जारी रहेंगे।

ज्ञानेंद्र उपाध्याय ने जनता कांग्रेस छोड़ कांग्रेस प्रवेश किया

रायपुर (नव प्रदेश)। स्व. अजीत जोगी के विधायक प्रतिनिधि ज्ञानेंद्र उपाध्याय ने प्रदेश कांग्रेस के मुख्यालय राजीव भवन रायपुर में प्रदेश अध्यक्ष मोहन मरकाम के अनुमति से उपाध्यक्ष गिरीश देवांगन के समक्ष जनता कांग्रेस को छोड़ कांग्रेस में वापसी की। ज्ञानेंद्र उपाध्याय ने मुख्यमंत्री निवास पहुँच कर मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल जी का आशीर्वाद प्राप्त किया। ज्ञानेंद्र उपाध्याय अजीत जोगी के बहुत ही करीबी माने व जाने जाते है । अजीत जोगी के चुनाव की कमान ज्ञानेंद्र उपाध्याय के हाँथो में ही रहती थी उनका कांग्रेस में वापस जाना जनता कांग्रेस एवं अमित जोगी के लिये बहुत बड़ा झटका है। अब मरवाही में अमित जोगी की राह आसान नहीं है क्यूँकि अजीत जोगी हो या अमित जोगी मरवाही सिर्फ़ चुनाव लड़ने जाते थे बाक़ी मरवाही विधानसभा का पूरा कार्यभार ज्ञानेंद्र उपाध्याय के द्वारा ही उनकी ओर से सम्भाला जाता रहा है। ज्ञानेंद्र उपाध्याय 1980 से

सक्रिय राजनीति में है, ये इस क्षेत्र से जनपद अध्यक्ष एवं मंडी अध्यक्ष भी रह चुके है ये कांग्रेस के विभिन्न पदो में कार्य कर चुके है इनके द्वारा अब तक मरवाही में 7 विधानसभा और लोकसभा चुनाव का सफल संचालन किया जा चुका है। ये भँवर सिंह पोर्ते के वक़्त से चुनाव का काम करते आ रहे है । इनकी पैठ मरवाही विधानसभा के हर बूथ एवं हर घर तक है। अब ऐसे वक्त में जब अमित जोगी मरवाही से चुनाव लड़ने की तैयारी में है अजीत जोगी के बहुत ही करीबी उनका दाहिना हाँथ विधायक प्रतिनिधि का कांग्रेस में शामिल होना मतलब अमित जोगी के लिये ख़तरे की घंटी माना जा रहा है अब अमित की राह आसान नही है ज्ञानेंद्र उपाध्याय के साथ छोड़ने से अमित जोगी का पूरा समीकरण गड़बडा जायेगा। जनता कांग्रेस जे के अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता अमित जोगी के क्रियाकलापों से खुश नही है। अमित जोगी की ख़राब छवि एवं बुरे बर्ताव की वजह से विधानसभा चुनाव के पहले भी कई दिग्गज जनता कांग्रेस छोड़ कर जा चुके है।

संपादकीय

सेहत पर सियासत शर्मनाक

वैश्विक महामारी कोरोना का कहर भारत पर टूटा है जिससे निपटने के लिए देश में दो माह तक लॉकडाउन किया गया और अब कुछ शर्तो के साथ देश के एक बड़े हिस्से को अनलॉक किया गया है। किन्तु इस बीच देश में कोरोना वारयस से संक्रमित लोगों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है। खासतौर पर देश की राजधानी नई दिल्ली में तो हालात लगातार खराब हो रहे है। कोरोना के खिलाफ जंग करने की जगह केन्द्र और राज्य सरकार के बीच लड़ाई शुरू हो गई है। दिल्ली में अब तक 30,000 से अधिक लोग कोरोना वायरस से संक्रमित हो चुके है और उनके लिए अस्पतालों में बेड कम पड़ रहे है। इस बीच केजरीवाल सरकार ने दिल्ली के अस्पतालों में अन्य राज्यों के मरीजों को भर्ती न करने का आदेश देकर नया विवाद खड़ा कर दिया। मुख्यमंत्री के इस आदेश को उपराज्पाल ने पलट दिया, अब इस मुद्दे को लेकर केन्द्र व केजरीवाल सरकार के बीच तकरात बढ़ गई है। दिल्ली के उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने आरोप लगाया है कि केन्द्र सरकार के दबाव में आकर उप राज्यपाल ने उनकी सरकार के निर्णय को बदला है। मनीष सिसोदिया का कहना है कि भाजपा इस मुद्दे पर राजनीति कर रही है। नई दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री सतेन्द्र जैन ने भी दिल्ली में कोरोना बम के फूटने का ठिकरा केन्द्र सरकार के सिर पर फोड़ा है। उनका कहना है कि केन्द्र सरकार की उपेक्षा के कारण ही दिल्ली में हालात बिगड़ रहे है और दिल्ली में सामुदायिक संक्रमण का खतरा मंडराने लगा है जिसके चलते जुलाई माह के अंत तक दिल्ली में कोरोना संक्रमित मरीजों की संख्या पांच लाख तक पहुंचने की आशंका बनी हुई है। दरअसल विभिन्न राज्यों के मुख्यमंत्रियों की मांग पर ही केन्द्र सरकार ने कोरोना काल में लॉकडाउन जारी रखने या अनलॉक करने का फैसला राज्य सरकारों पर छोड़ दिया है। किन्तु नई दिल्ली सहित कई राज्यों की सरकारें हालात पर काबू पाने में विफल रही है। जिसकी वहज से इन राज्यों में कोरोना वायरस का प्रकोप फैलता जा रहा है। नई दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल टीवी चैनलों पर आकर लगातार यह दावा करते रहे है कि उनकी सरकार कोरोना से चार कदम आगे चल रही है और कोरोना वायरस का संक्रमण रोकने हर संभव प्रयास किए जा रहे है किन्तु उनका यह दावा खोखला सिद्ध हुआ है। अब दिल्ली में हालत यह है कि कोरोना संक्रमित मरीजों को अस्पताल में बेड नहीं मिल रहे है। कोरोना संक्रमितों को घर पर रहकर ही अपना उपचार कराने की सलाह दी जा रही है। यह स्थिति तब है जब कोरोना संक्रमितों की संख्या हजारों में ही है यदि यह संख्या लाखों में पहुंच गई तो क्या होगा।

विचार- आत्मविश्वास

तबस्सुम परवीन

अपनी इच्छाशक्ति से अपने आप को मजबूत बनाए और वह काम करने के लिए आगे बढ़े जिससे आप डरते हो। आप पाएंगे कि वह चीज जिससे आप डरते थे उतनी मजबूत नही है, जितनी वह दिखाई पड़ती है। जब कोई व्यक्ति अपने अंदर चुपचाप यह संकल्प कर लेता है, कि उनके लिए कुछ भी असंभव नही है, तो उसके भय उसे स्वयं ही मुक्त कर देता है ।

इस इच्छाशक्ति की अहमियत समझने की आवश्यकता है क्योंकि हममें से अधिकांश लोगों कि इच्छाशक्ति बेहद कमजोर है लेकिन उपयोग के द्वारा इसे मजबूत किया जा सकता है , इसलिए इसका उपयोग तत्काल शुरू कर देना चाहिए। आपके अंदर साहस की भावना का संचार होने के बाद आप पाएंगे कि आप उससे कहीं शक्तिशाली हैं, जितना आप स्वयं को मानते है आप जितना प्रभावी तरीके से अपनी दिनचर्या मे जगह देते जाएंगे उतने ही अनुपात मे आपके अंदर भय का नाश और आत्मविश्वास मे वृद्धि होगी।

पहले साहस से विचार करने का अभ्यास करें और दूसरा, अभ्यास के साथ काम करने का प्रयास करे। इससे दूसरी आध्यात्मिक शक्तियों मे वृद्धि होगी और आप अपने भय पर नियंत्रण स्थापित करने मे कामयाब हो जाएंगे। ह्यह्यह्य

टेक ज्ञान-

TCL ने पेश की स्मार्ट TV की नई रेंज

नई दिल्ली। टेक कंपनी TCL ने अपने स्मार्ट टीवी की रेंज को बढ़ाते हुए TCL P715 सीरीज को लॉन्च किया है। इन टीवी की कीमत 39,990 रुपये से 99,990 रुपये के बीच है। सभी टीवी ऐंड्रॉयड ओएस पर चलते हैं और इस सीरीज में पॉप-अप कैमरा वाले टीवी का भी ऑप्शन मिल जाता है। टीसीएल के मुताबिक P715 सीरीज आर्टिफिशल इंटेलिजेंस, हैंड्स फ्री कंट्रोल वाले माइक्रोफोन रिसीवर जैसे धांसू फीचर्स से लैस है। इन टीवी में वॉइस सपॉर्ट फीचर भी दिया गया है ताकि यूजर्स वॉइस कमांड देकर अपने मनपसंद मूवी या म्यूजिक का लुत्फ उठा सकें। 4K डिस्प्ले से धांसू पिक्चर क्वॉलिटीकंपनी का दावा है कि ये टीवी 4K सपॉर्ट के साथ आते हैं। 4K डिस्प्ले के कारण इसमें शानदार पिक्चर क्वॉलिटी मिलती है।

सोच-समझकर लें स्कूल खोलने का फैसला

राजेश माहेश्वरी

> विशेषज्ञों और मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक ऐसी सम्भावना व्यक्त की जा रही है उसके अनुसार तो कोरोना का असर आगामी कुछ महीनों तक रहने वाला है। ऐसे में जब तक ये सुनिश्चित नहीं हो जाता कि संक्रमण का प्रसार रुक गया है तब तक छोटे बच्चों को घर से बाहर भेजना खतरे से खाली नहीं होगा। सवाल ये है कि उनकी पढ़ाई का क्या होगा तो इसका सीधा जवाब है कि देश के भविष्य को सही-सलामत रखना सबसे बड़ी प्राथमिकता है। जहां तक बात पाठ्यक्रम के पूरी होने की है तो उसको इस तरह नए सिरे से निर्धारित किया जाए जिससे कुछ हिस्सा अगले वर्ष में जोड़ा जा सके। क्योंकि अगस्त में भी यदि सत्र शुरू नहीं हो सका तब पाठ्यक्रम पूरा करना संभव नहीं होगा। जहाँ तक बात शून्य वर्ष मानकर प्राथमिक और माध्यमिक स्तर तक के विद्यार्थियों को बिना परीक्षा अगली कक्षा में पदोन्नत कर देने की है तो आपातकालीन व्यवस्था के कारण वैसा करना जरूरी है किन्तु इस स्तर पर बच्चों की बुनियाद कमजोर न हो इसका ध्यान भी रखना होगा।

कोरोना वायरस के संक्रमण को रोकने के लिए लॉकडाउन इन दिनों देश में चल रहा है। चूंकि इस लॉकडाउन में काफी रियायतें दी गई है इसलिए इसे अनालॉक-1 का नाम दिया गया है। बाजार, मॉल व धार्मिक स्थल खुलने के बाद स्कूल-कॉलेज खोलने की बात कही जाने लगी। लॉकडाउन का सीधा असर शैक्षणिक संस्थानों पर भी पड़ा। दसवीं और बारहवीं कक्षा के विद्यार्थियों की परीक्षाएं बीच में छूट गई। वहीं स्कूल, कॉलेज और विश्वविद्यालय के दरवाजें बंद होने से शैक्षणिक सत्र प्रभावित हुआ। इस बीच देश में अधिकांश स्कूलों ने ऑनलाइन क्लासेज शुरू कर दी हैं। हालांकि, स्कूल न खुलने की वजह से स्टूडेंट्स को स्टडी का पारंपरिक माहौल नहीं मिल पा रहा है। ऐसे में पैरेंट्स की चिंता बढ़ने लगी है। वहीं केंद्रीय मानव संसाधन विकास मंत्री रमेश निशंक पोखरियाल ने सभी कयासों को विराम लगाते हुए एलान किया है कि कोरोना संक्रमण के दौरान हम स्कूल-कॉलेजों को खोलने का रिस्क नहीं ले सकते है। इसलिये हालात को देखते हुए 15 अगस्त के बाद ही इस दिशा में कोई फैसला लिया जाएगा। साथ ही उन्होंने उम्मीद भी जताई कि संभवता 15 अगस्त के बाद स्कूल और कॉलेज नियमित तौर पर खुल सकेंगे।

वास्तव में जब देश में कोरोना संक्रमितों का ग्राफ तेजी से बढ़ रहा है तो अभिभावकों का अपने बच्चों को लेकर चिंतित होना स्वाभाविक है। इन हालातों में शैक्षणिक संस्थान खोले जाए या नहीं, इसको लेकर सोशल मीडिया के मंच पर समाज दो भागों में बंट गया था। सोशल मीडिया पर तो बाकायदा इस बारे में आभियान भी चल पड़ा। वास्तव में जिनके बच्चे प्राथमिक और माध्यमिक कक्षाओं में पढ़ते हैं, वे अभिभावक काफी चिंतित थे। पीएम मोदी ने 25 मार्च को देशव्यापी लॉकडाउन की घोषणा की थी। तब से सभी स्कूल,कॉलेज अनिश्चितकाल के लिए बंद हैं। देश भर के लगभग 33 करोड़ छात्र फिलहाल पूरी तरह भ्रम में थे। और इससे संबंधित संदेह को दूर करने के लिए स्कूलों के फिर से खुलने की खबरों का इंतजार कर रहे थे। केंद्रीय मंत्री के बयान के बाद से तमाम तरह के कयासों और आंशकाओं पर विराम लगा है।

वैसे तो देश के कई स्कूल ऑन लाइन पढ़ाई करवा रहे हैं। लेकिन तमाम स्कूल ऐसे भी हैं जो सुविधा सम्पन्न नहीं है, ऐसे में वो ऑनलाइन पढ़ाई करवा पाने में असमर्थ हैं। वैसे भी ऑनलइन पढ़ाई के लिए बच्चों के पास भी तो मोबाईल और लैपटॉप की व्यवस्था होनी जरूरी है। जब भारत में केवल 24?फीसदी घरों तक ही इंटरनेट की उपलब्धता है तो ऑनलाइन शिक्षा की सार्थकता पर स्वयं सवाल उठ जाते हैं। ऐसे में ऑनलाइन शिक्षा से वंचित छात्रों के अभिवावकों का चिंतित होना स्वाभाविक है। असल में स्कूल प्रबंधन चाह रहा है कि लॉकडाउन के दौरान बच्चे

शिक्षा से विमुख न हो। वो नयी क्लास के हिसाब से अपना पाठयक्रम पढ़े। ऑनलाइन पढ़ाई में कई व्यवाहारिक दिक्कतें भी हैं, लेकिन लॉकडाउन में जब स्कूल खोलना खतरे से खाली नहीं है, ऐसे में ऑनलाइन क्लास ही बड़ा सहारा है।

कोरोना काल में चूंकि सब कुछ अस्त-व्यस्त हो गया है इसलिए शिक्षा व्यवस्था भी अछूती नहीं रह सकती। लेकिन विद्यार्थियों की जीवन रक्षा सबसे ज्यादा जरूरी है और उसके लिए पूरा शैक्षणिक सत्र भी यदि रद्द करना पड़े तो संकोच नहीं करना चाहिए। हां, एक बात जरुर है कि निजी शिक्षा संस्थान अभिभावकों पर दबाव बनाकर जो शुल्क वसूल कर रहे हैं उस बारे में जरुर कोई समाधान निकालना होगा। निजी स्कूलों ने अभिभावकों पर नयी पुस्तकें खरीदने और फिर फीस जमा करने के लिए नोटिस जारी कर दिया है। उल्लेखनीय है कि सोशल मीडिया और व्हाट्सएप पर भी अभिभावकों के द्वारा फीस का विरोध किया जा रहा है। मानव एवं संसाधन विकास मंत्रालय को यह विषय गंभीरता से लेना चाहिए। ये बात सही है कि संस्थान के प्रबन्धन को भी वेतन सहित अन्य खर्चे वहन करना पड़ रहे हैं किन्तु विद्यालय या महाविद्यालय में शिक्षण कार्य नही होने से काफी खर्च घटे भी होंगे। सरकार को समन्वय स्थापित करते हुए दोनों पक्षों के आर्थिक हित सुरक्षित रखने संबंधी प्रबंध करना चाहिए। असल में अर्थव्यवस्था के साथ ही देश के शैक्षणिक कैलेंडर का भी बड़ा महत्व है क्योंकि भविष्य का पूरा नियोजन शिक्षा संस्थानों से निकले युवाओं पर ही निर्भर है।

मीडिया रिपोर्ट के अनुसार मानव संसाधन विकास मंत्रालय फिलहाल स्कूलों को खोलने की जल्दी में कतई नहीं है। मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों के मुताबिक फिलहाल 1 से 15 जुलाई के बीच 10वीं और 12वीं कक्षा की शेष रह गई बोर्ड परीक्षाएं करवाने की तैयारी की जा रही है। परीक्षाओं के उपरांत पहली प्राथमिकता 10वीं और 12वीं के नतीजे घोषित करना है। इसके बाद ही स्कूल कॉलेजों को खोलने की प्रक्रिया आरंभ की जा सकेगी। केन्द्रीय मानव संसाधन मंत्री ने 15 अगस्त के बाद की तारीख बताकर अनिश्चितता तो फिलहाल दूर कर दी लेकिन सत्र जब भी शुरू हो तब आगे की व्यवस्था सुचारू रूप से चल सके इस बात पर भी अभी से ध्यान दिए जाने की जरूरत है। स्कूल खुलने के बाद स्कूल और कॉलेज प्रशासन के सामने सबसे बड़ा जोखिम सोशल डिस्टेंसिंग को मेनटेन रखना होगा, क्योंकि इस दौरान सोशल डिस्टेंसिंग का पालन अनिवार्य रूप से करना होगा। भीड़ को काम करने के लिए कक्षा का संचालन में भी सावधानी बरतनी में होगी। जब भी स्कूल और कॉलेज खुल जाएंगे तो ऐसे में शिक्षकों के लिए गलब्स और मास्क पहनना जरूरी हो जाएगा। इसके अलावा सभी स्कूलों में थर्मल स्कैनर लगा दिए जाएंगे। साथ ही सभी कक्षाओं में सीसीटीवी कैमरे से इस बात की निगरानी रखी जाएगी कि स्कूलों में सोशल डिस्टेंसिंग का पालन हो रहा है या नहीं। यदि स्कूल या कॉलेज प्रशासन द्वारा इनका ध्यान नहीं रखा गया तो बहुत बड़ी मुसीबत खड़ी हो सकती है। निःसंदेह कोरोना के बाद के काल में शिक्षा के तौर-तरीके बदलने वाले हैं, जिसके लिए शिक्षकों और छात्रों को तैयार रहने की जरूरत है। वह भी तब जबकि वैकल्पिक योजनाएं व्यावहारिक साबित नहीं हो पा रही हैं। वहीं सकूल खोलने से पहले छात्रों के स्वास्थ्य और सुरक्षा, स्कूलों में सफाई को लेकर विशेष सावधानी बरतने की जरूरत है। जानकारों की मानें तो स्कूलकृकॉलेज अभी बंद रखना काफी मुफीद साबित होगा। क्योंकि कितने भी नियम बना लिए जाएं लेकिन स्कूल खुलने के बाद बच्चों से सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करा पाना मुश्किल होगा।

शिवराज सिंह चौहान के चौंकाने वाले फैसले

एल एस हरदेनिया

> वर्तमान ताकत के अनुसार, एक उच्च सदन की सीट के लिए आवश्यक वोटों की संख्या 52 है। वर्तमान विधान सभा का समीकरण भाजपा के पक्ष में है। भाजपा राज्य की तीन में से दो खाली सीटों को हासिल करने के लिए पूरी तरह तैयार दिख रही है। कांग्रेस के लिए, दिग्विजय सिंह को राज्यसभा में अपना दूसरा कार्यकाल मिलना निश्चित है, जबकि पार्टी के दूसरे उम्मीदवार फूल सिंह बरैया के चुनाव में 12 मतों की कमी होने की संभावना है। कांग्रेस बसपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष फूल सिंह बरैया के दलित कार्ड और चार निर्दलीय विधायकों, दो बसपा विधायकों और एक सपा विधायक के साथ व्यक्तिगत तालमेल पर निर्भर है। लेकिन इन सभी सदस्यों को जोड़ने के बाद भी वह भाग्यशाली नंबर नहीं जुटा पर रहे हैं।

शिवराज सिंह चौहान सरकार के दो फैसले चौंकाने वाले हैं। एक निर्णय उस समय के आईएएस अधिकारियों के स्थानान्तरण से संबंधित है जब राज्य को कोरोना संकट का सामना करना पड़ रहा है। जिन आईएएस अधिकारियों का तबादला किया गया है, उनमें कमिश्नर, इंदौर संभाग और भोपाल नगर निगम के आयुक्त भी शामिल हैं। इनमें कुछ जिलों के कलेक्टर भी शामिल हैं।

नए कार्यभार संभालने वाले अधिकारियों को नए क्षेत्र में पकड़ बनाने के लिए कुछ समय की आवश्यकता होगी। इसका कोविद -19 के खिलाफ अभियान पर बुरा असर पड़ेगा। इसके अलावा स्थानांतरित अधिकारियों को अपने परिवारों के बिना नए क्षेत्रों में जाना होगा। संकट की इस घड़ी में अधिकारियों को परिवारों की कंपनी की जरूरत होती है। इसके अलावा स्कूल परीक्षाएं जल्द ही शुरू हो रही हैं। तबादला अधिकारियों के बेटे और बेटियां इन परीक्षाओं में शामिल हो सकती हैं। स्थानांतरित अधिकारियों के वार्ड अपने माता-पिता की उपस्थिति को याद करेंगे। यह स्पष्ट है कि इन अधिकारियों को स्थानांतरित करने से पहले इन कारकों पर ध्यान नहीं दिया गया।

एक अन्य निर्णय के अनुसार राज्य सरकार ने शराब की दुकानों पर महिला कर्मचारियों को बिक्री गर्ल के रूप में पोस्ट करने का निर्णय लिया है। यहां यह उल्लेख किया जा सकता है कि शराब की दुकानें चलाने के लिए जिन व्यापारियों ने निविदाएं जीती थीं, उन्होंने उन्हें सरेंडर कर दिया है क्योंकि सरकार ने उनकी शर्तों को मानने से इनकार कर दिया है। तालाबंदी के दौरान दुकानों के बंद होने के कारण व्यापारियों को उनसे हुए नुकसान की भरपाई करनी थी। चूंकि यह मांग सरकार द्वारा स्वीकार नहीं की गई थी, इसलिए व्यापारियों ने अपनी दुकानों को सरेंडर कर दिया। इसे देखते हुए सरकार ने दुकानें चलाने का फैसला किया है। इस निर्णय के बाद महिला कर्मचारियों को बिक्री गर्ल के रूप में पोस्टिंग निर्णय लिया गया है। लोग इस फैसले से खुश नहीं हैं।

राजनीतिक मोर्चे पर भाजपा और कांग्रेस दोनों को कई मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। पहली कठिनाई राज्यसभा चुनाव के कारण है जो अब 19 जून को होने वाली है। मध्य प्रदेश को तीन सदस्यों का चुनाव करना है। चुनाव लड़ने वालों में दिग्विजय सिंह और ज्योतिरादित्य

सिंधिया शामिल हैं। दिग्विजय सिंह कांग्रेस और सिंधिया भाजपा द्वारा प्रायोजित हैं। मध्य प्रदेश विधानसभा के 230 सदस्यों में 24 सीटें हैं।

वर्तमान ताकत के अनुसार, एक उच्च सदन की सीट के लिए आवश्यक वोटों की संख्या 52 है। वर्तमान विधान सभा का समीकरण भाजपा के पक्ष में है। भाजपा राज्य की तीन में से दो खाली सीटों को हासिल करने के लिए पूरी तरह तैयार दिख रही है। कांग्रेस के लिए, दिग्विजय सिंह को राज्यसभा में अपना दूसरा कार्यकाल मिलना निश्चित है, जबकि पार्टी के दूसरे उम्मीदवार फूल सिंह बरैया के चुनाव में 12 मतों की कमी होने की संभावना है। कांग्रेस बसपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष फूल सिंह बरैया के दलित कार्ड और चार निर्दलीय विधायकों, दो बसपा विधायकों और एक सपा विधायक के साथ व्यक्तिगत तालमेल पर निर्भर है। लेकिन इन सभी सदस्यों को जोड़ने के बाद भी वह भाग्यशाली नंबर नहीं जुटा पर रहे हैं।

राज्य कांग्रेस के नेताओं ने दावा किया कि आगामी राज्यसभा चुनाव में आश्चर्यजनक नतीजे आ सकते हैं और उसके डर से ही अभीतक क्योंकि मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चैहान ने अपने कैबिनेट के विस्तार को स्थगित कर दिया है। कमलनाथ सरकार को गिराने के लिए पूर्व कांग्रेसी विधायकों ने विधानसभा से इस्तीफा दे दिया अब वे भाजपा में हैं, और मंत्री पद की दौड़ में शामिल हैं। मंत्री पद सिंधिया वफादारों को जितनी अधिक दी जा रही हैं, उतनी ही भाजपा के भीतर विद्रोह और असंतोष की संभावनाएं हैं।

राज्यसभा चुनावों में, कोई व्हिप जारी नहीं किया जाता है। इसलिए, एक विधायक अपनी अयोग्यता के जोखिम के बिना क्रॉस-वोट कर सकता है ÷, एआईसीसी मीडिया समन्वयक अभय दुबे ने बताया। बीजेपी भले ही राज्यसभा की दो सीटों पर जीत हासिल कर ले, लेकिन कांग्रेस को इतनी जल्दी हार नहीं माननी चाहिए। पार्टी के सूत्रों ने कहा कि द्विवार्षिक चुनावों के बाद, कांग्रेस भाजपा उम्मीदवारों ज्योतिरादित्य सिंधिया और सुमेर सिंह सोलंकी के खिलाफ अदालतों का रुख करेगी। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता दिग्विजय सिंह ने मार्च में चुनाव आयोग के समक्ष आपत्ति जताते हुए दावा किया था कि सिंधिया ने नामांकन पत्र में उनके खिलाफलंबित मामलों का विवरण नहीं दिया है। फूल सिंह बरई ने निर्वाचन आयोग से संपर्क किया था और सुमेर सिंह सोलंकी को अयोग्य घोषित करने की मांग की थी क्योंकि वह नामांकन पत्र दाखिल करने के दिन एक सरकारी कॉलेज में प्रोफेसर थे। नामांकन दाखिल करने के एक दिन बाद उनका इस्तीफा स्वीकार किया गया था। सिंधिया और सोलंकी ने रिटर्निंग ऑफिसर को अपने बयान दर्ज कराए और राज्यसभा चुनाव लड़ने के लिए उन्हें मंजूरी दे दी गई। लेकिन कांग्रेस का दावा है, वह अदालतों तक पहुंच जाएगी और भाजपा के दो उम्मीदवारों के खिलाफकानूनी लड़ाई लड़ेगी। (संवाद)

पाठकों की बात

पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

धरा से गगन तक

धरा से गगन तक अद्भुत देश हमारा, राम कृष्ण की प्यारी धरती , वेदों का इतिहास पुराना, ऋषि मुनियों का नाम गूंजे, विश्व में अहिंसा का नारा, जिस की माटी चंदन लगती , कोहिनूर की ख्याति विश्व में, चमके नाम हमारा।

- हरि शंकर श्रीवास्तव

संगीन गुनाह अकसर

संगीन गुनाह अकसर छुपकर या बंद दरवाजे के पीछे ही किये जाते है इसलिए प्रेम भी सबसे छुपकर दिल में रहता है और मन के दरवाजे को बंद करके रखता है ताकि प्रेमी के अलावा दूसरा कोई प्रवेश न कर सके उसमें और वो जी ले अपने प्रेम को महबूब के एहसास के साथ क्योकिं समाज की नजर में प्रेम भी तो एक गुनाह ही है न !!

- रूबी प्रसाद

खास पाती

बेहाल से हम एक चीथड़े से

बेहाल से हम एक चीथड़े से..!! कई सुराख़ और जख्मी दिल.. पनपते है रेंगते है उसी रोजमर्रा की दल दल में मूंदे आँख कान और दिमाग...!! आदत बना रखी है ... कुंद कर रखे है दिमाग के सपायें(आधार) , और बाँध रखा है रीती रिवाजो के सांकल मे वह बेचारा दिल...!! जो सिर्फ रक्त प्रवाह के बल बुते पर जी रहा है चरमराता हुआ...!! संवेदनहीन और सुप्त होते इस इंसानी जिस्म का वजूद सिर्फ दो आँख और दो कान मात्र है..!! . जो जानते है सिर्फजीना और सिर्फजीना ..वह भी आधे अधूरे या ओने पौने.. .महज एक जिस्त की खातिर..!!

- सुरेखा अग्रवाल

गिले सब भुलाकर मनाओगे कैसे

गिले सब भुलाकर मनाओगे कैसे। हमें पास अपने बुलाओगे कैसे।1 नज़र फेरकर भूल जाने का दावा मगर याद दिल से मिटाओगे कैसे।2 फ़िज़ाओं की रंगत जो होगी गुलाबी हमारे बिना मुस्कुराओगे कैसे। सदाक़त की जो शम्अ तुमने जलाई शरर अपने हाथों बुझाओगे कैसे। कशिश प्यार की कम कभी भी न होती ज़माने से उल्फ़त छुपाओगे कैसे। नमक आँसुओं का है गालों पे दिखता रही वज़ह क्या ये बताओगे कैसे। जफ़'अंशु' को रास आती नहीं है वफ़ादारी उससे निभाओगे कैसे।

- अंशु विनोद गुप्ता

समझदार व्यक्ति कई बार जवाब

समझदार व्यक्ति कई बार जवाब होते हुए भी पलट कर नही बोलते क्यों कि, कई बार रिश्तो को जिताने के लिए..... खामोश रह कर, हारना जरूरी होता है किसी ने सच ही कहा है कि लड़ना चाहता हूं अपनो से लेकीन डरता हूँ, की जीत गया तो सब कुछ हार जाऊँगा।

- डा. दुलारी चंद्राकर

कोई अहसास नहीं कोई आसपास

कोई अहसास नहीं कोई आसपास नहीं कोई आस नहीं है तो बस मैं और मेरी तनहाई। यह तन्हाई जिसे ओढ़ लेता हूं बना लेता हूं खुद ही कुछ नया सोचने के लिए। नये सामान के लिए कमरा खाली भी तो चाहिए। डर जाता हूं कभी कभी बोझिल तन्हाई से कोई तो तरंग चाहिए शांत सरोवर को लहरों से खेलने के लिए। फिर भी तनहाई खूबसूरत है एक कलाकार की कलात्मक कृति को उकेरने के लिए चलो इस तन्हाई को फिर ओढ़ लेते हैं तन्हाई से बचने के लिए।

- नवीन शंकर शर्मा

हों मुखर ज़ज्बात कुछ इज़हार

हों मुखर ज़ज्बात कुछ, इज़हार होना चाहिए। कौन कुंठा में जिये, स्वीकार होना चाहिये। छोड़ कर खुशियाँ सुहानी, औढ लीं रुसवाईयाँ, सिद्दतों से पल मिले तो प्यार होना चाहिये।

- हरिवल्लभ शर्मा 'हरि' शर्मा

राधिका दूर है तन से मन वही

राधिका दूर है तन से। मन वही छोड़ आई है। याद सारे ही वादे हैं प्रीत मैंने निभाई है। तू मुझसे दूर है , कैसे ये तुमसे कह दिया होता। मेरे गीतों में कान्हा है। श्याम मेरी रुबाई है।

- शोभा किरण

कहते सब अच्छा ही अच्छा पर

कहते सब अच्छा ही अच्छा पर बात बात पे है देते गच्चा ! बताते पक्का निकलता कच्चा रंगे सियार हैं सियासी चच्चा! कौन है झूठा कौन है सच्चा पहचानता,अब बच्चा बच्चा!

- जावेद उस्मानी

QUIZ TIME

1) 'दुम पुख्त' उत्तर प्रदेश में .... की एक लोकप्रिय प्रक्रिया है।
(क) व्यंजन पकाने की विधि (ख) कपड़ा सिलाई (ग) बीज बोने (घ) लकड़ी पर नक्काशी

2) भोजन के समय खाद्य पदार्थों को सजाने की औपचारिक परम्परा निम्नलिखित में से कौन है? (खरीजा / दस्तरखान)

3) उत्तर प्रदेश के किस शहर को 'सिरैमिक सिटी' कहा जाता है?

4) कौन-सा देश भारतीय चाय का सबसे बड़ा आयातक है?

5) हाल ही में हुई भारत-चीन वार्ता में भारत के कमांडर कौन है?

Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) व्यंजन पकाने की विधि (2) दस्तरखान (3) खुर्जा (4) रूस (5) हरिंदर सिंह

आज का इतिहास

नई दिल्ली (वार्ता)। 1624 - हॉलैंड और फ्रांस के बीच स्पेन विरोधी संधि पर हस्ताक्षर किये गये। 1848 - न्यूयॉर्क और शिकागो के बीच पहला टेलीग्राफ लिंक शुरू हुआ। 1931- नार्वे ने पूर्वी ग्रीनलैंड पर कब्जा किया। 1934- सोवियत संघ और रोमानिया के बीच राजनयिक संबंध दोबारा स्थापित किये गये। 1940- इटली ने द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान फ्रांस और ब्रिटेन के खिलाफलड़ाई की घोषणा की। 1940 -नार्वे ने नाजी सेना के समक्ष आत्मसमर्पण किया। 1940 - कनाडा ने इटली के खिलाफलड़ाई की घोषणा की। 1944 - द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान जर्मनी की सेना ने यूनान के 218 लोगों की हत्या की। 1946 - राजशाही खत्म होने के बाद इटली गणतांत्रिक राष्ट्र बना।

न्यूज गैलरी

अतिरिक्त गतिविधियों की मिली अनुमति

दुर्ग। राज्य शासन के सामान्य प्रशासन विभाग के निर्देशानुसार नोवेल कोरोना वायरस संक्रमण नियंत्रण के लिए जिले के कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने घोषित लॉकडाउन के दौरान 8 जून 2020 से निम्न अतिरिक्त गतिविधयों में छूट प्रदान की है। जिसमें शॉपिंग मॉल को छोड़कर सार्वजनिक पार्क व उद्यान, धार्मिक व पूजा स्थल की अनुमति रहेगी। इसके साथ क्लब, स्पोटिंग कॉम्प्लेक्स सिर्फ बाहरी खेल गतिविधियों के लिए संचालित करने के लिए अनुमति मिलेगी।

वृद्धा को बचाने लगाई छलांग

दुर्ग। शिवनाथ नदी महमरा एनीकट पर मंगलवार की सुबह अजीबो गरीब वाकिया सामने आया। यहां चार घंटे तक नदी के पानी में डूबे रहने के बाद भी एक बुजुर्ग महिला जिंदा बच गई। नदी तट पर स्नान कर रहे कुछ लोगों को पानी में तैरता एक इंसानी शरीर नजर आया। तत्काल मछुआरों ने नदी में छलांग लगाई और बॉडी को पानी से बाहर निकाला। बॉडी निकालने से पूर्व लोगों ने इसकी सूचना पुलगांव थाने को दे दी। जब नदी से शरीर को बाहर निकाला गया तो वह 80.85 साल की वृद्ध महिला निकली। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की तो शरीर में हरकत हुई कुछ देर बाद वृद्ध महिला के जीवित होने का आभास हुआ।

पोटिया क्षेत्र में बनेगा स्वास्थ्य केंद्र

जनता को मिलेगी घर के निकट बेहतर ईलाज की सुविधा : वोरा

नवप्रदेश संवाददाता

दुर्ग। शहर की बढ़ती आबादी एवं जिला अस्पताल में मरीजों के बढ़ते दबाव को देखते हुए नए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र की मांग प्रमुखता से की जा रही थी। जिस पर स्वास्थ्य विभाग द्वारा 75 लाख रु की राशि पोटिया क्षेत्र में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र निर्माण हेतु स्वीकृति मिली। विधायक अरुण वोरा द्वारा एक वर्ष पूर्व भूमिपूजन करने के पश्चात लगातार मॉनिटरिंग से अब लॉकडाउन के पश्चात विधायक वोरा व महापौर धीरज बाकलीवाल ने लेंटर लेवल तक का कार्य पूर्ण के बाद छत ढलाई का कार्य प्रारंभ किया गया। तीन माह के अंदर कार्य पूर्ण कर लिया जाएगा। श्री वोरा ने कहा कि नया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र शुरू हो जाने से आसपास के 14 वार्डो की लगभग 60 हजार जनता को जिला अस्पताल की लंबी दूरी का चक्कर नहीं लगाना पड़ेगा व घर के निकट अच्छी स्वास्थ्य सुविधा प्राप्त हो सकेगी जो अपने आप में मोहल्ला क्लिनिक मॉडल का स्वरुप होगा। 10 बिस्तर वाले पोटिया स्वास्थ्य केंद्र के अतिरिक्त शहर में तीन अन्य स्थानों शनिचरी बाजार, बघेरा एवं पटरीपार क्षेत्र में भी स्वास्थ्य केंद्र निर्माण कराने मुख्यमंत्री से मांग की गई है। महापौर धीरज बाकलीवाल से सीजीएमएससी के अधिकारियों ने नगर निगम द्वारा स्वास्थ्य केंद्र के सामने नाली निर्माण करने की मांग रखी। इस दौरान जिला चिकित्सालय के डॉ. राजेन्द्र खण्डेलवाल, एमआईसी अब्दुल गनी, राजेश शर्मा, पोषण साहू, अंशुल पांडेय, निगम उपअभियंता जितेंद्र समैया, परियोजना अधिकारी संजीव दुबे, लोनिवि अभियंता आर के राव मौजूद थे।

24 घंटे के अंतराल में जिले में कोरोना से दूसरी मौत

कल महिला के बाद बुजुर्ग ने तोड़ा दम

नवप्रदेश संवाददाता

दुर्ग। कोरोना को लेकर एक बड़ी खबर निकल आ रही है। एम्स में एक बुजुर्ग ने दम तोड़ा है। वह छत से गिरने की वजह से घायल हो गया था। सिर पर गंभीर चोटें लगी थी। एम्स में जब कोरोना सैंपल लिया तो उसकी रिपोर्ट पॉजिटिव आई। मंगलवार को बुजुर्ग ने दम तोड़ दिया। दुर्ग जिला प्रशासन ने मौत की पुष्टि की है। प्रशासन के अधिकारियों ने बताया कि मृतक कैप क्षेत्र का है। वह माली का काम करता था।अपने काम के दौरान छत से गिर गया था। सिर पर गंभीर चोटे आई थी। जिसके बाद उसे एम्स में भर्ती कराया गया था। एम्स ने एहतियात के तौर पर उसका कोरोना सैंपल लिया था। कोरोना सैंपल की रिपोर्ट 6 जून को पॉजिटिव आई थी। रिपोर्ट पॉजिटिव आने के बाद कैंप क्षेत्र को कंटेनमेंट जोन घोषित कर दिया था। साथ ही उसके संपर्क में आने वाले लोगों को क्वारेंटाइन प्रशासन ने कराया था। आपके जानकारी के लिए बता दें कि कल रात में भी कोरोना से दुर्ग जिले की एक मौत हुई थी। एम्स रायपुर ने कल रात को टवीट करके बताया था कि दुर्ग की रहने वाली 24 वर्षीय एक महिला की मौत हुई है। उसे 2 जून को एम्स रायपुर में एडमिट किया गया था। कोरोना जांच के बाद रिपोर्ट पॉजिटिव आई थी। कल 7 जून की रात को आईसीयू में उसे एडमिट किया गया था। 8 जून को शाम 5 बजे मौत हो गई। वैशाली नगर जोन 2 क्षेत्र में कोरोना से मृत बुजुर्ग का शासन के गाइड लाईन के अनुसार अंतिम संस्कार किया गया। इस दौरान जोन आयुक्त सुनील अग्रहरी, तहसीलदार योगेन्द्र वर्मा सहित पुलिस विभाग के अधिकारीगण मौजूद थे।

कलेक्टर भूरे ने नागरिकों से सतर्क रहने की अपील

नवप्रदेश संवाददाता

दुर्ग। कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेंद्र भूरे ने कोरोना संक्रमण की आशंका के चलते नागरिकों से सतर्क रहने की अपील की। उन्होंने कहा कि मास्क लगाने, सोशल डिस्टेंसिंग का पालन तथा अन्य एहतियात बरतने से कोरोना संक्रमण की आशंका नहीं रहेगी। कलेक्टर ने इस संबंध में वीडियो संदेश के माध्यम से नागरिकों से यह आग्रह किया। उन्होने कहा कि पिछले 3 दिनों में कोरोना संक्रमण के अधिक मामले हैं। अभी व्यावसायिक संस्थाएं भी आरंभ हो गई हैं। इसके चलते अभी सतर्कता बरतना बेहद आवश्यक है। कलेक्टर ने नागरिकों से आग्रह किया कि कोरोना संक्रमण को रोकने सुरक्षात्मक उपाय अमल में लाएं। भीड़भाड़ वाली जगहों में न जाएं। अनावश्यक कार्य से बाहर न निकलें। घर में बुजुर्ग एवं गर्भवती महिलाओं का विशेष ध्यान रखें। क्वारंटीन में रहने वाले लोगों को इसके नियम का पालन पूरी तरह अनिवार्य है। जिले में यह पाया गया कि कुछ लोगों द्वारा होम क्वारंटीन के नियमों का पालन नहीं किया गया। उन पर पुलिस कार्रवाई दर्ज की गई है। कलेक्टर ने कहा कि नागरिकों के सहयोग से कोरोना की जंग जीतेंगे।

मोदी की पारी राष्ट्रहित में फैसलों का रिकार्ड : सुंदरानी

जनसंपर्क कर पीएम मोदी के उपलब्धि भरे कार्यो को किया साझा

नवप्रदेश संवाददाता

दुर्ग। छत्तीसगढ़ प्रदेश भाजपा के प्रवक्ता श्रीचंद सुंदरानी मंगलवार को दुर्ग पहुंचे। उन्होने शहर के विभिन्न वार्डो में जनता, व्यापारी व सामाजिक संगठनों के कार्यकर्त्ताओं से जनसंपर्क कर देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रधानमंत्री के रुप में दूसरी पारी के पहले वर्ष के उपलब्धि भरे कार्यो को साझा किया। इस दौरान उन्हे उपलब्धि भरे कार्यो से संबंधित पाम्पलेट भी बांटे गए। जनसंपर्क उपरांत स्थानीय जिला भाजपा कार्यालय में प्रदेश प्रवक्ता श्रीचंद सुंदरानी ने मीडिया से चर्चा में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दूसरे पारी के पहले वर्ष के कार्यकाल को ऐतिहासिक बताया। उन्होने कहा कि कम समय में केन्द्र सरकार ने वन नेशन वन टैक्स (जीएसटी), धारा 370 की समाप्ति, मुस्लिम महिलाओं को तीन तलाक से मुक्ति, नागरिकता कानून संशोधन, राम मंदिर निर्माण विवाद का निराकरण, देश को भ्रष्टाचार मुक्त, गरीबों के बैंक खाता खोलना, उज्जवला योजना के माध्यम से निरूशुल्क गैस कनेक्शन, मुफ्त बिजली कनेक्शन, शौचालय निर्माणए बेरोजगारों को रोजगारए किसानों को पीएम किसान सम्मान निधिए शुद्ध पेयजल की उपलब्धताए आदिवासियों को शिक्षा जैसे देश हित में साहसिक कार्य किए है। यह राष्ट्रहित में फैसलों का एक रिकार्ड है। श्री सुंदरानी ने कहा कि प्रदेश में विष्णुदेव साय को भाजपा का नया अध्यक्ष बनाया गया है। जल्द ही नए प्रदेश कार्यकारिणी व जिलाध्यक्षों की टीम तैयार कर ली जाएगी। चर्चा के दौरान पूर्व महापौर चंद्रिका चंद्राकर, जिला भाजपा महामंत्री डोमार सिंह वर्मा, भाजपा नेता कांतिलाल बोथरा, जिला भाजपा मीडिया प्रभारी सतीश समर्थ, गौरव शर्मा भी मौजूद थे।

87 लोगों से लिया 8320 अर्थदण्ड

भिलाईनगर। मास्क लगाए बिना या फेस कवर किए बिना ही घर से बाहर निकलने वालों पर निगम की टीम ने जुर्माना लिया। निगम की टीम वैशालीनगर, एकता चौक व ओम शांति ओम चौक सहित विभिन्न क्षेत्रों मे बिना मास्क लगाए आने.जाने वालों से अर्थदंड वसूलने की कार्यवाही किए। निगम के सभी जोन में निगम के कर्मचारी टीम बनाकर अपने अपने क्षेत्र में दुपहिया व चार पहिया वाहनों मे अधिक सवारी का भी निरीक्षण कर रहे हैं अधिक लोग बैठे पाए जाने पर उनसे भी अर्थदंड लिया जा रहा है आज जोन 02 क्षेत्र में 87 लोगों से 8320 अर्थदण्ड लिया।

मोदी का कार्यकाल अविस्मरणीय : शर्मा

नवप्रदेश संवाददाता

भिलाई। भाजपा जिला पदाधिकारियों मंडल प्रभारियों मंडल अध्यक्ष एवं महामंत्री की बैठक संपन्न हुई। संपर्क अभियान के अतिथि भाटापारा विधायक एवं पूर्व प्रदेश महामंत्री शिवरतन शर्मा ने बैठक में कहा कि केंद्र सरकार की दूसरे कार्यकाल के प्रथम वर्ष की समाप्ति पर पीएम के नेतृत्व में केंद्र सरकार की ऐतिहासिक उपलब्धियों को प्रदेश के 25 लाख लोगों से संपर्क कर घर.घर पहुंचाने का संकल्प दिलाते हुये कहा कि गत वर्ष मोदी ने नए स्वप्न देखें नए संकल्प लिया और उन संकल्पों को धरातल पर उतारा। आरंभ में जिलाध्यक्ष व पूर्व विधायक राज महंत सांवलाराम डाहरे ने अतिथि का स्वागत करते हुए कहा देश के प्रधानमंत्री की उपलब्धियों को संपर्क अभियान के माध्यम से हर घर में पहुंचाने का लक्ष्य होना चाहिए। अभियान का शुभारंभ रिसाली मंडल से किया। इस दौरान शंकरलाल यादव, परमानंद ठाकुर, मोहन बड़े, सुहास कस्तूरे आदि से मार्केट में संपर्क किया।

नहीं हुई नाले नालियों की सफाई : नेता प्रतिपक्ष वर्मा

नवप्रदेश संवाददाता

दुर्ग। नेता प्रतिपक्ष अजय वर्मा ने इस वर्ष बरसात पूर्व निगम की तैयारियों के विषय में चर्चा करते हुए कहा कि प्रतिवर्ष निगम बरसात पूर्व शंकरनाला, शक्तिनगर नाला, कसारीडीह नाला एवं पोटियानाला, केलाबाड़ी नाला के साथ.साथ इन नालों के सहायक बड़ी नालियों की पूरी सफाई की जाती है साथ ही नालों में हुए अतिक्रमण को हटाया जाता है। इस बात की हकीकत देखने भाजपा पार्षद दल नेता प्रतिपक्ष अजय वर्मा के नेतृत्व में गायत्री साहू, काशीराम कोसरे, पुष्पा गुलाब वर्मा, ओम प्रकाश सेन, नरेश तेजवानी, मनीष साहू, अजीत वैद्य एवं कुमारी बाई साहू ने शहर के बड़े नालों एवं नालियों की स्थितियों का जायजा कर देखा की सफाई के नाम पर औपचारिकता निभाई गई है। निरीक्षण के दौरान पार्षद देवनारायण चंद्राकर भी मौजूद थे।

क्वारंटाइन के उल्लंघन पर निगम करेगी सख्त कार्यवाही : सर्वे

नवप्रदेश संवाददाता

रिसाली। निगम क्षेत्र में होम क्वारंटाइन का उल्लंघन करने वालों पर सख्त कार्यवाही करने के निर्देश अपर कलेक्टर व निगम आयुक्त प्रकाश कुमार सर्वे ने मातहत अधिकारियों व उड़नदस्ता टीम को दिये है। होम क्वारंटाइन में रह रहे व्यक्तियों द्वारा शासन द्वारा जारी नियमों निर्देशों का प्रदेशभर में उल्लंघन किये जाने के मद्देनजर कलेक्टर के आदेशानुसार यदि क्वारंटाइन के समयावधि पूर्ण किये बिना उल्लंघन करते पाये जाने पर भारतीय दण्ड संहिता की धारा 188 के अंतर्गत छः माह की सजा अथवा एक हजार जुर्माना अथवा दोनों से दण्डनीय होगा। यदि क्वारंटाइन में रह रहे व्यक्तियों को उसके परिवार सदस्यों द्वारा सहयोग किया पाये जाने पर सहयोगी सदस्यों पर भी उल्लेखित दाण्डिक कार्यवाही की जायेगी। श्री सर्वे ने होम क्वारंटाइन में रह रहे व्यक्तियों एवं उनके परिवार के सदस्यों की सतत् निगरानी के निर्देश के साथ साथ क्वारंटाइन व्यक्तियों की दिनचर्या व आवश्यक सेवाओं तथा उनकी आवश्यकताओं की आपूर्ति करने के भी निर्देश क्वारंटाइन क्षेत्र के प्रभारी अधिकारियों को दिये है।

न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा

रा.प्र.क्र./187/अ-74/वर्ष 2019-20

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक चेतन चंद्राकर पिता विष्णु शंकर चंद्राकर निवासी केलाबाड़ी दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा अपने भूमिस्वामी हक की भूमि ग्राम भरदा प.ह.न. 60 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 250, 255, 384 रकबा 0.1100, 0.3100, 0.6600 हें. भूमि का प्राप्त ऋण पुस्तिका गुम/जीर्ण शीर्ण हो जाने के कारण नया ऋण पुस्तिका मिलने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है जिस पर प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 15.06.2020 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 28.05.2020 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — नायब तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा-पत्र

रा.प्र.क्र./191/अ-74/ वर्ष 2019-20

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक चेतन चंद्राकर पिता विष्णु शंकर चंद्राकर निवासी केलाबाड़ी दुर्ग के द्वारा आवेदन पेश किया गया है कि उनके भूमिस्वामी हक की भूमि मौजा भरदा प.ह.नं. 60 रा.नि.मं. अण्डा तह. व जिला दुर्ग में स्थित भूमि ख.न. 07, 252, 253, 254, 08 रकबा 0.0800, 0.0700, 0.0300, 0.0400, 0.0700 हे. भूमि दर्ज है। उक्त भूमि का मूल ऋण पुस्तिका गुम हो गया है जिसका द्वितीय प्रति में ऋण पुस्तिका प्राप्त करने हेतु आवेदन इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतएव उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा/ आपत्ति करना हो तो नियत पेशी दिनांक 15.06.2020 अथवा प्रकाशन तिथि से 15 दिवस तक स्वयं अथवा अपने द्वारा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से कार्यालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 28.05.2020 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — नायब तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
ईश्तहार

रा.प्र.क्र./अ-06/वर्ष 2019 -20

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती प्रभा साहू अन्य 02 आ. स्व. विनोद कुमार साहू साकिन प्लाट नं. 33 सड़क नं. 13 प्रगति नगर रिसाली द्वारा ग्राम रिसाली प.ह.न. 22 रा.नि.मं. दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि स्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 397/43 का टु. रकबा 0.01 हे. जो उसके स्व. विनोद कुमार साहू पिता गोवर्धन साहू के नाम पर दर्ज है की फौती दर्ज किए जाने के संबंध में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। जिस पर प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः उपरोक्त भूमि को आवेदक के नाम पर नामांतरण किए जाने पर जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति या उजर दावा हो तो सुनवाई तिथि दिनांक 22.06.2020 तक या उसके पूर्व स्वयं या अपने मान्य अधिवक्तागण के साथ उपस्थित होकर अपना आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त आवेदन पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 11.03.2020 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुहर के साथ जारी किया गया।

मुहर — नायब तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा-पत्र

रा.प्र.क्र./190/अ-74/ वर्ष 2019-20

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक चेतन चंद्राकर अन्य 01 पिता विष्णु शंकर चंद्राकर निवासी केलाबाड़ी दुर्ग के द्वारा आवेदन पेश किया गया है कि उनके भूमिस्वामी हक की भूमि मौजा भरदा प.ह.नं. 60 रा.नि.मं. अण्डा तह. व जिला दुर्ग में स्थित भूमि ख.न. 257/2, 380 रकबा 1.0900, 1.8000, 0.3400 हे. भूमि दर्ज है। उक्त भूमि का मूल ऋण पुस्तिका गुम हो गया है जिसका द्वितीय प्रति में ऋण पुस्तिका प्राप्त करने हेतु आवेदन इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतएव उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा/ आपत्ति करना हो तो नियत पेशी दिनांक 15.06.2020 अथवा प्रकाशन तिथि से 15 दिवस तक स्वयं अथवा अपने द्वारा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से कार्यालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 28.05.2020 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — नायब तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा-पत्र

रा.प्र.क्र./189/अ-74/ वर्ष 2019-20

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक चेतन चंद्राकर पिता विष्णु शंकर चंद्राकर निवासी केलाबाड़ी दुर्ग के द्वारा आवेदन पेश किया गया है कि उनके भूमिस्वामी हक की भूमि मौजा भरदा प.ह.नं. 60 रा.नि.मं. अण्डा तह. व जिला दुर्ग में स्थित भूमि ख.न. 257/3 रकबा 1.7000 हे. भूमि दर्ज है। उक्त भूमि का मूल ऋण पुस्तिका गुम हो गया है जिसका द्वितीय प्रति में ऋण पुस्तिका प्राप्त करने हेतु आवेदन इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतएव उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा/ आपत्ति करना हो तो नियत पेशी दिनांक 15.06.2020 अथवा प्रकाशन तिथि से 15 दिवस तक स्वयं अथवा अपने द्वारा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से कार्यालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 28.05.2020 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — नायब तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा-पत्र

रा.प्र.क्र./188/अ-74/ वर्ष 2019-20

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक चेतन चंद्राकर पिता विष्णु शंकर चंद्राकर निवासी केलाबाड़ी दुर्ग के द्वारा आवेदन पेश किया गया है कि उनके भूमिस्वामी हक की भूमि मौजा कोनारी प.ह.नं. 60 रा.नि.मं. अण्डा तह. व जिला दुर्ग में स्थित भूमि ख.न. 283, 288/2 रकबा 0.1200, 0.2800 हे. भूमि दर्ज है। उक्त भूमि का मूल ऋण पुस्तिका गुम हो गया है जिसका द्वितीय प्रति में ऋण पुस्तिका प्राप्त करने हेतु आवेदन इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतएव उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा/ आपत्ति करना हो तो नियत पेशी दिनांक 15.06.2020 अथवा प्रकाशन तिथि से 15 दिवस तक स्वयं अथवा अपने द्वारा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से कार्यालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 28.05.2020 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — नायब तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा

रा.प्र.क्र./अ-06/ वर्ष 2018-19

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदिका कौशिल्या चंद्राकर एवं अन्य 01 पिता/पति पुनीतराम चंद्राकर निवासी उरला मौजा उरला प.ह.नं. 07 रा.नि.मं. दुर्ग 02 तह. व जिला दुर्ग में स्थित भूमि ख.न. 839/18 रकबा 0.011 हे. के नाम पर दर्ज है। भूमिस्वामी की मृत्यु दिनांक 03.08.2017 को हो जाने के कारण वारीसानों का नाम दर्ज करने आवेदन पेश किया है।

अतएव उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा/ आपत्ति करना हो तो नियत पेशी दिनांक 19.06.2020 अथवा प्रकाशन तिथि से 15 दिवस तक स्वयं अथवा अपने द्वारा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से कार्यालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 19.05.2020 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — नायब तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा

रा.प्र.क्र./947/अ-06/वर्ष 2019-20

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक दीपक सिंह पवार पिता घनश्याम सिंह पवार निवासी ग्राम शंकरनगर तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 1207/22 रकबा 0.011 हे. भूमि जो कि आवेदक/ शामिलात सहखातेदार के नाम पर वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदित भूमि के खातेदार सीता पवार पति घनश्याम पवार की मृत्यु हो जाने पर फौती दर्ज कर मृतक खातेदार के सभी विधिक वारिसानों का नाम राजस्व अभिलेख में दर्ज किये जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 26.06.2020 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 25.05.2020 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला - दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा-पत्र

रा.प्र.क्र. ई-कोर्ट	पक्षकार का नाम	ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन नं.
	श्री डुपेन्द्र चौधरी	202005100400539

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक श्री डुपेन्द्र चौधरी आ. श्री छत्तरलाल चौधरी निवासी म.न. 26/ए सड़क 6 सेक्टर 02 भिलाई तहसील व जिला दुर्ग छ.ग. द्वारा नीचे अनुसूची में दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन/पुर्ननिर्धारण हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 172 सहपठित धारा 59(2)(5) तहत् आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया हैं, जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन हैं।

अनुसूची

ग्राम/प.ह.नं.जहां भूमि स्थित है	खसरा नंबर	रकबा	प्रयोजन
ग्राम रिसाली प.ह.न. 22 तह.व जिला दुर्ग	732/4	0.015 हें 1647 वर्गफीट	आवासीय

अतएव उपरोक्त वर्णित आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति, संस्था, शासकीय विभाग, सार्वजनिक या अर्धसार्वजनिक उपक्रम को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वे इस उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस के भीतर अपनी लिखित आपत्ति/दावा स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत कालावधि के बाद प्राप्त आपत्ति/दावा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 30.05.2020 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की पदमुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी, दुर्ग, जिला दुर्ग

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला - दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा-पत्र

रा.प्र.क्र. ई-कोर्ट	पक्षकार का नाम	ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन नं.
	श्री अशोक कुमार साहू	202006100400052

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक श्री अशोक कुमार साहू आ. स्व. लखनलाल साहू निवासी क्वा. नं. 13 जी सड़क 10 सेक्टर 05 भिलाईनगर तहसील व जिला दुर्ग छ.ग. द्वारा नीचे अनुसूची में दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन/पुर्ननिर्धारण हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 172 सहपठित धारा 59(2)(5) तहत् आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया हैं, जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन हैं।

अनुसूची

ग्राम/प.ह.नं.जहां भूमि स्थित है	खसरा नंबर	रकबा	प्रयोजन
ग्राम रिसाली प.ह.न. 22 तह.व जिला दुर्ग	762/25 763/25	0.02 हें 2400 वर्गफीट	आवासीय

अतएव उपरोक्त वर्णित आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति, संस्था, शासकीय विभाग, सार्वजनिक या अर्धसार्वजनिक उपक्रम को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वे इस उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस के भीतर अपनी लिखित आपत्ति/दावा स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत कालावधि के बाद प्राप्त आपत्ति/दावा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 01.06.2020 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की पदमुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी, दुर्ग, जिला दुर्ग

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला - दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा-पत्र

रा.प्र.क्र. ई-कोर्ट	पक्षकार का नाम	ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन नं.
	श्री तोरनलाल साहू	202006100400046

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक श्री तोरनलाल साहू आ. समलिया राम साहू निवासी सेक्टर 06 भिलाईनगर तहसील व जिला दुर्ग छ.ग. द्वारा नीचे अनुसूची में दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन/पुर्ननिर्धारण हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 172 सहपठित धारा 59(2)(5) तहत् आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया हैं, जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन हैं।

अनुसूची

ग्राम/प.ह.नं.जहां भूमि स्थित है	खसरा नंबर	रकबा	प्रयोजन
ग्राम रिसाली प.ह.न. 22 तह.व जिला दुर्ग	762/37 663/38	0.02 हें 2400 वर्गफीट	आवासीय

अतएव उपरोक्त वर्णित आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति, संस्था, शासकीय विभाग, सार्वजनिक या अर्धसार्वजनिक उपक्रम को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वे इस उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस के भीतर अपनी लिखित आपत्ति/दावा स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत कालावधि के बाद प्राप्त आपत्ति/दावा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 01.06.2020 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की पदमुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी, दुर्ग, जिला दुर्ग

न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा

रा.प्र.क्र.//अ-74/वर्ष 2019-20

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक इन्द्र कुमार आ. पुछुपलाल साहू निवासी राजीव नगर दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम हनोदा तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खाता क्रमांक... में दर्ज भूमि खसरा 742/7 रकबा 0.22 हे. अर्थात 2390 वर्गफीट भूमि जो कि आवेदक/ आवेदिका इन्द्र कुमार साहू के नाम पर शामिलात रुप से वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज है। उक्त भूमि का पूर्व में हुए आपसी बंटवारा एवं कास्त कब्जा के आधार पर सामान हिस्सो में खाता विभाजन किए जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 22.06.2020 तक स्वयं अथवा अपने के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक.. को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — नायब तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग अण्डा सर्किल (छ.ग.)
उद्घोषणा

रा.प्र.क्र./अ-06/ वर्ष 2019-20

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक सरयु प्रसाद आ. ईश्वरी प्रसाद साकिन निकुम के द्वारा ग्राम आलबरस प.ह.न. 34 रा.नि.मं. अण्डा तह व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 04, 129 रकबा 3.080, 0.140 हे./ भूमि को विक्रेता भारत लाल आ. कल्याण सिंह से रजिस्टर्ड बैनामा दिनांक 15.03.2019 को क्रय किया गया है। उक्त आवेदित भूमि को क्रेता के नाम पर प्रमाणीकरण किये जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत दिनांक 24.06.2020 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 06.06.2020 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — नायब तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

नाम परिवर्तन सूचना

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं चन्द्र कैलाश जैन पिता श्री मिश्रीलाल जैन उम्र 50 वर्ष निवासी ग्राम जामगांव (आर) तह. पाटन जिला दुर्ग (छ.ग.) का हूं। मेरे नाम से भारतीय यूनिट ट्रस्ट में बीमा है जिसमें मेरा नाम चौथमल जैन दर्ज है तथा मेरे शैक्षणिक अभिलेखों, आधार कार्ड, पैन कार्ड व अन्य दस्तावेजों में मेरा नाम चन्द्र कैलाश जैन एवं राजस्व अभिलेखों में मेरा नाम चन्द्र कैलाश दर्ज है। चन्द्र कैलाश जैन, चन्द्र कैलाश एवं चौथमल जैन यूनिट ट्रस्ट एवं समस्त शासकीय, अशासकीय एवं अर्धशासकीय दस्तावेजों में अपना नाम चौथमल जैन, चन्द्र कैलाश के स्थान पर चन्द्र कैलाश जैन दर्ज कराने हेतु छ.ग. राजपत्र में प्रकाशन कराना चाहता हूं तथा भविष्य में यही नाम विधि अनुसार लिखा जावे, जिसके बाबत् सारी विधिक कार्यवाही मेरे द्वारा पूर्ण हो गई है।

अतः आज दिनांक के पश्चात से मुझे चन्द्र कैलाश जैन पिता श्री मिश्रीलाल जैन के नाम से जाना पहचाना व पुकारा जावे।

दिनांक :-......

चन्द्र कैलाश जैन

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा

रा.प्र.क्र./965/अ-06/वर्ष 2019-20

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका सीमा हिरवानी पति दिलीप हिरवानी निवासी ग्राम केलाबाड़ी दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम बोरसी तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 57/234 का टु. रकबा 0.009 हें. भूमि को विक्रेता श्रीमती दुर्गावती पाण्डेय पति रमेशकांत पाण्डेय निवासी ग्राम कैम्प 2 भिलाई से रजिस्टर्ड बैनामा दिनांक 16.03.2020 को क्रय किया गया है। उक्त आवेदित भूमि को रजिस्टर्ड बैनामा के आधार पर क्रेता के पक्ष में प्रमाणीकरण किये जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 24.06.2020 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 04.06.2020 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा

रा.प्र.क्र./957/अ-06/वर्ष 2019-20

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक तौशिफ खान पिता शब्बीर खान निवासी ग्राम केलाबाड़ी दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम बोरसी तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 170/2 का टु. रकबा 198 वर्गफुट भूमि को विक्रेता राजेश सिंह ठाकुर पिता स्व. प्रहलाद सिंह ठाकुर अन्य 02 निवासी ग्राम कसारीडीह से रजिस्टर्ड बैनामा दिनांक 25.05.2020 को क्रय किया गया है। उक्त आवेदित भूमि को रजिस्टर्ड बैनामा के आधार पर क्रेता के पक्ष में प्रमाणीकरण किये जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 17.06.2020 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 01.06.2020 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

■ न्यूज गैलरी

बाइक की ठोकर से वृद्ध की मौत

महासमुंद। सरायपाली थाना क्षेत्र के ग्राम बिछिया में अज्ञात बाइक की ठोकर से एक वृद्ध की मौत हो गई। घटना 5 मई की शाम 6-7 बजे के बीच की बताई जा रही है। पुलिस ने अज्ञात आरोपी चालक के खिलाफ धारा 304 ए के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है। पुलिस के अनुसार श्रीराम यादव खाना खाने की तैयारी कर रहा था उसी समय घर के बाहर अचानक चीखने चिल्लाने की आवाज आई, बाहर जाकर देखा तो सामने मेन रोड पर उनके पिताजी जलसिंग यादव (70) सड़क पर खून से लथपथ पड़े थे। सिर व नाक से खून बह रहा था। उन्हें इलाज के लिए 112 से सरकारी अस्पताल पहुंचाया गया। जहां इलाज दौरान उनकी मृत्यु हो गई।

खेत से वायर चोरी

महासमुंद। बसना थाना क्षेत्र के ग्राम रसोड़ा में चोरों ने कौशिक मेहेर के खेत से इलेक्ट्रानिक केबल पार कर दी। चोरी गई वायर की कीमत 30 हजार रूपए आंकी गई है। मामले में पुलिस ने अपराध दर्ज कर लिया गया है।

मृत्यु भोज खाने गए व्यक्ति की पिटाई

महासमुंद। मृत्यु भोज खाने गए व्यक्ति की तीन लोगों ने पिटाई कर दी। राजेन्द्र कुर्रे पिता संतराम कुर्रे (32) ने पुलिस को बताया कि वो गांव में मृत्यु भोज खाने के लिए गया था। इस दौरान ईश्वर धृतलहरे पिता घसिया सहित अन्य दो लोगों ने उसे देखते ही बिना बुलाए आने की बात को लेकर उनकी पिटाई कर दी। शिकायत पर पिथौरा पुलिस ने धारा 294, 323, 506, 34 के तहत मारपीट का मामला दर्ज किया है।

घायल की मौत, हाइवा चालक के खिलाफ जुर्म दर्ज

महासमुंद। विगत दिनों तुमगांव सड़क हादसे में घायल बाइक सवार की मौत हो गई। जांच के बाद पुलिस ने हाइवा चालक के खिलाफ304 ए के तहत मामला दर्ज किया है। जानकारी के मुताबिक वार्ड 12 निवासी संतोष यादव पिता कमल यादव (34) बाइक क्रमांक सीजी 06 जीआर 6202 से जा रहा था। इस दौरान हाईवा क्रमांक सीजी 10 सी 6054 के चालक ने ठोकर मार दी। चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। जांच उपरांत पुलिस ने जुर्म दर्ज किया है।

घायल युवक की उपचार के दौरान मौत

महासमुंद। सड़क हादसे में घायल बाइक सवार युवक की रायपुर में उपचार के दौरान मौत हो गई। बोइरडीह निवासी दुकालू राम पिता जीवर्धन (25) बाइक क्रमांक सीजी 06 डी 4818 से कहीं जा रहा था। रास्ते में गंभीर रूप से घायल हो गया बाद रायपुर में उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। पुलिस ने 304 ए के तहत जुर्म दर्ज किया है।

तीन लोगों से तीन-तीन लीटर महुआ शराब जब्त

महासमुंद। बसना पुलिस ने शराब की अवैध बिक्री की शिकायत पर तीन स्थानों पर रेड मारकर करीब 18 सौ रूपए की शराब जब्त की। भंवरपुर निवासी गंगाधर यादव (30), देवरी निवासी सुरेन्द्र साव (49) और बड़े डाभा निवासी नीरोबाई कोसरिया (30) के पास से अवैध बिक्री के लिए रखी करीब तीन-तीन लीटर महुआ शराब बरामद कर सभी के खिलाफ आबकारी एक्ट 34 (ए) के तहत जुर्म दर्ज किया।

अंबेडकर चौक की लगभग 11 दुकानें खाली

महासमुंद। ओव्हरब्रिज निर्माण में तेजी लाने के लिए अंबेडकर चौक की लगभग 11 दुकानें खाली हो चुकी है। हालांकि व्यापारियों ने अभी तक दुकानों की चाबी पालिका को नहीं सौंपी है। पालिका ने व्यापारियों को बुधवार तक का समय दिया है। दुकान की चाबी मिलते ही इसे सेतु निर्माण विभाग को सौंप दिया जाएगा। सेतु निर्माण विभाग और निर्माण कंपनी ने ब्रिज निर्माण कार्य को गति देने के लिए दुकानों को ढहाने की तैयारी कर ली है। सेतु निर्माण के अफसरों की माने तो इस सप्ताह से दुकानों को डिस्मेंटल करने की कार्रवाई प्रारंभ कर दी जाएगी। उनका कहना है कि संभवतः इसी माह मलबे को हटा लिया जाएगा और पिल्हर निर्माण के लिए पाइप की खुदाई का कार्य प्रारंभ किया जाएगा।

मोपेड की डिक्की से 49 हजार रुपए पार

महासमुंद। बैंक से रूपए निकालने के बाद होटल में नास्ता कर रहे किसान की मोपेड की डिक्की से 49 हजार रूपए अज्ञात ने पार कर दिए। चोरी की जानकारी पीड़ित किसान को घर पहुंचने के बाद हुई जिसकी शिकायत उन्होंने थाने में की है। पिथौरा थाना प्रभारी ने बताया कि उठाईगिरी की लिखित शिकायत किसान ने की है। उन्होंने बताया कि ग्राम डोंगरीपाली निवासी किसान परखित साहू जिला सहकारी बैंक से करीब 49 हजार रूपए निकालकर अपनी मोपेड की डिक्की में रख लिया। रास्ते में वे नाश्ता करने के लिए एक होटल में रूका। घर पहुंचने के बाद डिक्की खोलकर देखा तो नकदी से भरा बैग गायब था। इसकी शिकायत उसने थाने में की। पुलिस ने मामले में धारा 379 के तहत जुर्म दर्ज कर जांच में लिया है।

धार्मिक स्थलों में थर्मामीटर भेंट

महासमुंद। देशभर में धार्मिक स्थल खुल रहे हैं। इसी कड़ी में स्थानीय महासमुंद मेडिकल स्टोर्स द्वारा नगर के धार्मिक स्थलों में इंफ्रारेड थर्मामीटर प्रदाय किया गया। मेडिकल संचालक अरिश अनवर ने गुरुतेग बहादुर सिंघ गुरुद्वारा, बरोंडा चौक स्थित दुर्गा मंदिर और मस्जिद में में इंफ्रारेड थर्मामीटर भेंट की।

क्वारंटाइन सेंटरों में महिलाओं की विशेष देखभाल

■ 6160 गरिमा किट वितरित, गर्भवती माताओं की डिलीवरी के लिए बनाया गया विशेष आइसोलेशन वार्ड

नवप्रदेश संवाददाता

महासमुंद। बागबाहरा तहसील के अंतर्गत स्थित क्वारंटाइन सेंटरों में प्रवासी श्रमिकों का आना जारी है। इन प्रवासी श्रमिकों में पुरुष, महिला एवं बच्चे शामिल हैं। ये सभी प्रवासी श्रमिक अन्य राज्यों एवं जिले से आ रहे हैं। इन श्रमिकों को क्वारंटाइन सेंटर में रोकना स्थानीय प्रशासन की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) बागबाहरा भागवत प्रसाद जायसवाल के मार्गदर्शन में ना केवल पुरुष, बच्चों अपितु महिलाओं की समस्याओं का भी विशेष ध्यान रखते हुए स्थानीय स्तर पर कार्य किए जा रहे हैं। क्वारंटाइन सेंटर में माताओं को निःशुल्क गरिमा किट (सेनेटरी पैड) का वितरण किया गया। बागबाहरा तहसील के अंतर्गत स्थित क्वारंटाइन सेंटर में वर्तमान में 1391 महिलाएं आइसोलेशन में हैं। इन महिलाओं के मासिक दिनों की समस्याओं को ध्यान में रखते हुए स्थानीय प्रशासन द्वारा पहल करते हुए कुल 1160 गरिमा किट वितरण करने का लक्ष्य रखा है। बागबाहरा तहसील के विभिन्न क्वारंटाइन सेंटर में स्वास्थ्य कर्मियों, मितानिन, महिला एवं बाल विकास विभाग की आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के सहयोग से बड़ी संख्या में गरिमा किट का वितरण किया गया। इसके साथ-साथ विकासखण्ड मुख्यालय में 09 माह की गर्भ धारण अवधि वाली महिलाओं को विकासखंड स्तर के आइसोलेशन चिकित्सा केन्द्र में लाकर उनकी सुरक्षित डिलीवरी की भी तैयारी की जा रही है, जिससे कि उनको और उनके होने वाले बच्चे को संक्रमित होने से बचाया जा सके। प्रशासन की इस योजना को केवल क्वारंटाइन सेंटर में रहने वाली महिलाएं प्रशासन की विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत खाद्य पदार्थों का वितरण, क्वारंटाइन सेंटर में रहने की व्यवस्था ,पीने के पानी की व्यवस्था, गर्मी के दिनों में कूलर की व्यवस्था और अब गरिमा किट का वितरण किया जा रहा है।

क्वारंटाइन सेंटरों में अव्यवस्था, सुधार हेतु कलेक्टर को पत्र

महासमुंद। पूर्व विधायक एवं भाजपा नेता डा विमल चोपड़ा ने जिला प्रशासन से अनुरोध किया है कि क्वारंटाइन सेंटरों के बचे 15 दिनों में व्यवस्थाओं में सुधार कर लोगों को राहत दिलाएं। इन सेंटरों की व्यवस्था को लेकर लगातार फोन के माध्यम से शिकायतें मिल रही है। यहां तक कि ग्राम पंचायतों द्वारा महासमुंद जिले के ऐसे ग्रामों से आए लोगों को भी क्वारेंटाइन कर दिया जा रहा है, जहां एक भी कोरोना पाजिटिव नहीं मिले है। डॉ चोपड़ा ने कहा कि आज फोन के माध्यम से करीेडीह टिमरी-बागबाहरा के गणेश नामक व्यक्ति ने बताया कि वे लोग महासमुंद ब्लाक के ग्राम पटेवा में काम कर रहे थे और अपने गांव गए तो पंचायत द्वारा उन्हें 14 दिन के लिए क्वारेंटाइन कर दिया गया। जबकि, एक ही जिले के ग्रीन जोन के लोगों ने घर से खाना लाने, पीने के पानी, गर्मी आदि व्यवस्थाओं पर कोई रोक नहीं है। गणेश और उनके साथी करीडीह के क्वारेंटाइन सेंटर में अव्यवस्था से परेशान होकर सबसे संपर्क का प्रयास कर अपनी मुक्ति का अनुरोध कर रहे हैं। इसी प्रकार ग्राम खोमा के क्वारंटाइन सेंटर के लोगों ने भी घर से खाना लाने, पीने के पानी, गर्मी आदि व्यवस्थाओं के संबंध में शिकायत की। डा चोपड़ा ने जिला कलेक्टर को पत्र लिखकर नियमानुसार क्वारंटाइन करने एवं व्यवस्थाओं में सुधार का अनुरोध किया है।

क्वारंटाइन सेंटर में महिला बाल विकास विभाग वितरित करा रहा सैनेटरी पैड

महासमुंद। जिले के विभिन्न गांवों में बनाए गए क्वारंटाइन सेंटर में लोगों की बुनियादी जरूरतों को पूरा करने के साथ-साथ वहां निवासरत् महिलाओं की स्वास्थ्य सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए जिला प्रशासन द्वारा विशेष पहल कराई जा रही है। महिलाओं के मासिक धर्म के समय स्वच्छता उनकी स्वास्थ्य मूलभूत आवश्यकता है। इस बात को ध्यान में रखते हुए महासमुन्द जिले के सभी क्वारंटाइन सेंटर में महिला बाल विकास विभाग द्वारा निवासरत् सभी महिलाओं एवं किशोरी बालिकाओं को सैनेटरी पैड वितरित की जा रही है। महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी सुधाकर बोदले ने बताया कि इनमें विकासखण्ड महासमुन्द में 850, सरायपाली में 635, बसना में 1336, पिथौरा में 1643 एवं बागबाहरा विकासखण्ड में 1451 महिलाएँ एवं किशोरी बालिकाएं क्वारंटाइन सेंटरों में निवासरत् हैं। जिले के सभी सेंटरों में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के माध्यम से सैनेटरी पैड वितरित कराई जा रही हैं। आठ जून 2020 को विकासखण्ड सरायपाली के ग्राम मोखापुटका क्वारंटाइन सेंटर में जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी स्निग्धा तिवारी, महासमुन्द विकासखण्ड के विभिन्न क्वारंटाइन सेंटर जाकर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मेघा टेम्भुलकर, डिप्टी कलेक्टर पूजा बंसल एवं बागबाहरा विकासखण्ड में अनुविभागीय अधिकारी पुलिस लितेश सिंह द्वारा क्वारंटाइन सेंटरों में जाकर किशोरी बालिकाओं एवं महिलाओं को सैनेटरी पैड वितरित की गई।

जिले के तीन और कोरोना पाजिटिव स्वस्थ होकर लौटे

महासमुंद। सोमवार को तीन और कोरोना पाजिटिव राजधानी स्थित एम्स के चिकित्सालय से उपचारित होकर सकुशल घर वापस लौट आए हैं। स्वास्थ्य विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार इनमें सरायपाली विकासखण्ड के ग्राम तोषगांव के 24 वर्षीय युवक के साथ बसना विकासखण्ड के ग्राम बरतियाभाठा के 48 वर्षीय तथा बागबाहरा मुख्यालय से 54 वर्षीय पुरुष शामिल हैं। इन्हें 31 मई 2020 को उपचार के लिए, राजधानी रायपुर के एम्स चिकित्सालय भेजा गया था, वहीं बसना विकासखण्ड के ग्राम संतपाली निवासी एक और कोविड-19 पाजिटिव प्रकरण 29 मई 2020 को उपचार के लिए एम्स रवाना किया गया था। पिछले 24 घंटों में यह चौथा प्रकरण रहा जिसे मंगलवार 8 जून 2020 की दोपहर तक उपचार उपरांत कोविड-19 का निगेटिव घोषित कर दिया गया है। उल्लेखनीय है कि जिले में लगातार दो दिनों से मिल रही सकारात्मक सूचनाओं के साथ स्वास्थ्य विभाग ने अब तक कुल पांच प्रकरणों में कोविड पाजिटिव से कोविड निगेटिव हो जाने की पुष्टि कर दी है।

कोरोना से बचने लोगों को जागरूक

महासमुंद। पुलिस अधीक्षक प्रफुल्ल कुमार ठाकुर व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मेघा टेम्भुरकर एवं एसडीओपी बागबाहरा के निर्देशन में तेंदूकोना थाना प्रभारी कमला पी ठाकुर लोगों को कोरोना से बचने के लिए विभिन्न माध्यमों से जागरूक कर रही हैं। ग्राम बगारपाली में शहीद सकुर सिंह ठाकुर के परिवार में उनकी पत्नी व पुत्री से मुलाकात कर उनका कुशलक्षेम पूछकर मास्क भेंट की। टीआई पुसाम ने शहीद के परिवार को हरसंभव सहयोग का भरोसा दिलाया। इस दौरान थाना के मुंशी प्रेमलाल कर, आरक्षक किशोर साहू व पुलिस बालमित्र रोशना डेविड मौजूद रहे।

क्वारंटीन केन्द्रों में नशा उन्मूलन का माहौल

महासमुंद। जिले में अन्य राज्यों से आए प्रवासी श्रमिक क्वारंटीन केन्द्र में रह रहे हैं। जिला प्रशासन द्वारा इनके समुचित देख-रेख और खान-पान के लिए पर्याप्त प्रबंध क्वारंटीन केन्द्रों पर ही किए हैं। स्वास्थ्य विभाग राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के तहत् जिला तंबाकू नशा मुक्ति केन्द्र दल आवश्यक सावधानियां बरतकर लगातार क्वारंटीन केन्द्रों में जाकर कोरोना वायरस के संक्रमण से बचाव एवं नशा उन्मूलन के लिए जागरूकता जानकारी प्रदान कर रहा है। इसी कड़ी में सोमवार को महासमुंद विकासखण्ड के ग्राम घुनवारी, बावनकेरा और पिथौरा विकासखण्ड के ग्राम गड़बेड़ा एवं ग्राम मुढ़ीपार के शासकीय विद्यालयों में स्थापित दो क्वारंटीन केन्द्रों में रह रहे लोगों को सुरक्षा, सावधानी एवं तंबाकू व अन्य नशा उन्मूलन संबंधी जागरूकता जानकारी दी गई।

भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ब्रिगेड के जिला उपाध्यक्ष बने महेश

लवन। भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ब्रिगेड के राष्ट्रीय अध्यक्ष मनजीत सिंह कालसी, राष्ट्रीय सचिव श्यामवीर मीणा, छ.ग.कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष मोहन मरकाम, संगठन के प्रदेश अध्यक्ष प्रकाश

अनंत प्रदेश सचिव धर्मेंद्र बंजारे व क्षेत्रीय विधायक शकुन्तला साहू की अनुशंसा से संगठन के जिला अध्यक्ष रोशन प्रेमी द्वारा बलौदाबाजार जिला में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ब्रिगेड में पदाधिकारी नियुक्त किया गया। जिसमें लवन क्षेत्र से महेश कुर्रे जिला उपाध्यक्ष, भोला बारेन (सचिव), भीखमसिंह राजपूत व राजेश वर्मा को (जिला महामंत्री), विजय यादव, मोनेस साहू, व बंटी बघेल (कार्यकारिणी सदस्य) नियुक्त किया गया है। इनकी नियुक्ति लिए क्षेत्र के कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने खुशी जाहिर की साथ ही नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाई दी। इस नियुक्त से जिला में कांग्रेस पार्टी मजबूत होगा व इसके विस्तार के लिए ब्लॉक में भी पदाधिकारी जल्द ही नियुक्त किया जाएगा। नियुक्ति पर प्रसन्नता व्यक्त करने वालों में अजय ताम्रकार, दयाशंकर कुर्रे, दवेश कुर्रे, भागवत कुर्रे, रुपलाल, लेखराम, मुकेश कुर्रे, लोचन साहू लकेश बघेल, अशोक वर्मा, सुनिल यादव व अन्य कार्यकर्ताओं द्वारा बधाई दी गई।

पंजीयन निष्पादन और प्रीमियम राशि जमा नहीं करने पर निकाय को हो रही है राजस्व की हानि

■ निकाय ने व्यापिरयों को राशि जमा करने 7 दिवस का दिया समय

■ राशि जमा नही करने वाले व्यापिरयो को डॉक से भेजी नोटिस

■ नगर पंचायत को व्यापिरयों से लेना है 1करोड़ 30लाख रुपये

गंडई पंडरिया। नगर पंचायत गंडई की माली स्थिति ऐसे ही खराब है कर्मचारियों को समय पर तन्खाह भी नशीब नही होता। और यहाँ राजस्व विभाग के अंतर्गत जो दुकान की नीलामी गत 2 वर्ष पहले हुई थी। उसमे से अधिकांश व्यापिरयों ने बोली लगाने के समय अमानत राशि जमा करने के बाद दुकान लेने बोली लगाकर संकल्प तो खरीद लिए।लेकिन 2 वर्ष बीत गए अभी तक दुकानदारो ने प्रीमियम राशि जमा नही की है। जिससे पंजीयन निष्पादन की प्रक्रिया भी नही की जा रही है। 48 दुकानों में 30 दुकान व्यस्थापन 18 दुकान नीलामी जिसमे 06 दुकानदार अभी तक नही किये एक भी किश्त जमा :- नगर पंचायत से मिली जानकारी के अनुसार गत 26 अप्रैल 2018 को ए मार्केट में बने 48 दुकानों में 30 दुकान व्यस्थापन पर और 18 दुकान नीलामी पर गए थे। जिसमे से सिर्फ 2 दुकानदार राजकुमार देवांगन 9लाख 50हजार दुकान क्रमांक 29 एवम आलोक अग्रवाल 4लाख 32हजार दुकान 33 का पूरा प्रीमियम राशि निकाय में जमा कर रसीद भी प्राप्त करने की जानकारी मिली है। वही 07 दुकानदार 50त के आसपास प्रीमियम राशि जमा किये है।03 दुकानदार 50त्प्रतिशत से भी कम प्रीमियम राशि जमा किये है।वही 06 दुकानदारो को निकाय द्वारा लगभग 6 बार नोटिस भेजने के बाद आज तक अमानत राशि 30 हजार के अलावा एक भी प्रीमियम की किश्त जमा नही की है। जिसको 8 जून 2020 को निकाय ने पोस्ट ऑफिस से शेष बचे हुए व्यापिरयो के लिए अंतिम सूचना के तहत 7 दिवस के भीतर प्रीमियम राशि जमा नही करने पर अमानत राशि सहित प्रीमियम राशि निरस्त करते हुए राशि राजसात करने की कार्यवाही किये जाने की खबर जानकारी में आई है निरस्त और राशि राजसात करने के बाद दुकानदार स्वयं जिम्मेदार होंगे।

क्या कहता है दुकान नीलामी की प्रक्रिया :-

वहीं निकाय सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार जिस दिन दुकान लेने के लिए अमानत राशि जमाकर बोली लगाकर दुकान क्रय किया जाता है उसके बाद 50प्रतिशत राशि दुकान लेने वाले व्यक्ति को जमा करने का प्रावधान है।उसके बाद राज्य शासन के नगरीय प्रशासन विभाग को स्वीकृति के लिए भेजी जाती है। स्वीकृति आने के बाद शेष राशि निकाय द्वारा ली जाती है और पंजीयन कराने की प्रक्रिया प्रारंभ हो जाती है। लेकिन निकाय ने व्यापिरयो को बोली में दुकान लेने वाले व्यक्ति को कुछ राहत देते हुए 3 माह से 6 माह और साल भर तक का समय दे रखी है। अभी कुछ नियम में संशोधन करते हुए शासन के जमीन को रजिस्टर रजिस्ट्री नहीं करता बल्कि शासन के जमीन को निकाय का भूस्वामित्व होने के बाद रजिस्ट्री की कार्यवाही होना बताया जा रहा है। स्वीकृति के लिए निकाय ने कई बार राज्य शासन को भेजा है लेकिन स्वीकृति अभी तक इस संबंध में कोई गाइड लाइन नहीं आया है।जिसके कारण पंजीयन निष्पादन भी नहीं हो पा रहा है।

शिक्षा का अलख **75 लाख की लागत से बनेगा हाईस्कूल भवन**

लोहारडीह में हाईस्कूल भवन के लिए विधायक ने रखी नींव

महासमुंद। ग्राम पंचायत लोहारडीह में हाईस्कूल भवन निर्माण के लिए विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर ने भूमिपूजन किया। 75 लाख 23 हजार की लागत से भवन का निर्माण होगा।

सोमवार को भूमिपूजन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक चंद्राकर थे। अध्यक्षता जनपद अध्यक्ष भागीरथी चंद्राकर ने की। विशेष अतिथि विधायक प्रतिनिधि राजेन्द्र चंद्राकर, जसबीर ढिल्लो, जनपद सदस्य रमाकांत ध्रुव थे। विधायक चंद्राकर ने कहा कि जिस प्रकार शरीर के लिए भोजन की आवश्यकता होती है, उसी प्रकार दिमाग के लिए और आज के भौतिक युग में जीवन निर्वाह के लिए ज्ञान

की आवश्यकता है। प्रदेश सरकार ने स्कूलों में शिक्षक-शिक्षिकाओं की पदस्थापना कर सभी नौनिहाल बच्चों को शिक्षा उपलब्ध कराने का संकल्प लिया है। सोमवार को 75 लाख 23 हजार की लागत से हाई स्कूल भवन निर्माण के लिए नींव रखी गई। अब इस गांव और आसपास के छात्र-छात्राओं को पढ़ने के लिए सुविधायुक्त भवन में शिक्षा उपलब्ध हो सकेगी। चंद्राकर ने शासन द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं का आगे आकर लाभ उठाने का आह्वान किया। इस अवसर पर सरपंच शकुंतला साहू, हरिराम साहू, भीम साहू, बोबदा यादव, शिवा, अशोक, शिक्षिका नेहा सिंह मौजूद थे। ग्राम लंहगर में 2.60 लाख की लागत से सीसी रोड तथा ग्राम मोहकम में सामुदायिक भवन निर्माण के लिए भूमिपूजन किया गया। इस अवसर पर जिपं सदस्य अमर अरुण चंद्राकर, त्रिलोकी राधेश्याम ध्रुव, जसबीर ढिल्लो, रमाकांत ध्रुव, राधेलाल सिन्हा, लक्ष्मण पटेल सरपंच मीना देवदास, पोषण यादव, गौतम ध्रुव, खेदूराम यादव मौजूद रहे।

रिंकू चंद्राकर की मौजूदगी में साढ़े 11 करोड़ के विकास कार्यों का भूमिपूजन

महासमुंद। नगर पालिका अध्यक्ष प्रकाश चंद्राकर ने वार्ड पार्षद सरला मदनकार एवं रिंकू चंद्राकर की मौजूदगी में वार्ड 14 में साढ़े 11 करोड़ की पाइपलाइन विस्तारीकरण और शंकर नगर में नाली निर्माण का भूमि पूजन किया। शंकर नगर से लगे डॉ. जाकिर हुसैन वार्ड क्रमांक 14 में मंगलवार को नगर पालिका अध्यक्ष प्रकाश चंद्राकर ने जल प्रदाय विस्तार योजना के तहत पाइपलाइन बिछाएं जाने एवं शंकर नगर वार्ड नंबर एक में नाली निर्माण की शुरुआत की। इस दौरान पालिका अध्यक्ष ने ठेकेदार को हिदायत देते हुए कहा कि वर्ष 2018 को शासन से स्वीकृति मिलने के बावजूद भी कार्य धीमी गति से चल रही है। उन्होंने कहा कि अक्टूबर 2020 तक काम पूरी तरह समाप्त हो जाना चाहिए।

जंगलों एवं पहाड़ों में बिखरी नैसर्गिक मनोरम छटा, उल्लास भरे चेहरे बयां कर रहे खुशियां

नवप्रदेश संवाददाता

राजनांदगांव। जंगलों एवं पहाड़ों की नैसर्गिक छटा मनोरम है। दूरस्थ ग्रामों में वनवासियों के उल्लास भरे चेहरे उनकी खुशी बयां कर रही है। जैवविवधिता से भरपूर इन जंगलों में किस्म-किस्म के फल-फूल और औषधीय वृक्ष है। अभी लघुवनोपज संग्रहण का कार्य अपनी चरम पर है और शासन की ओर से ग्रामीण आदिवासी संग्राहकों को पर्याप्त लाभ दिलाने के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य पर निर्धारित किया गया है। ताकि वे बिचौलियों से बचे रहें और उनकी आमदनी में बढ़ोत्तरी हो सके। छुईखदान विकासखंड के दूरस्थ ग्राम सरईपतेरा में यह मौसम ग्रामवासियों के लिए सौगात की तरह है। पीले रंग के फूल सरई वृक्ष से गिरकर जमीन पर बिखरे हुए हैं। साल वृक्षों की अधिकता के कारण ही इस गांव का नाम सरईपतेरा पड़ गया है। गांव की श्रीमती जलवती, बिस्ता, ज्योति, रिना, संवरी, राजीम, हिमानी, प्रेमवती, श्रीमती तिजा, राधिका, थामन, पांचोबाई, साहिबिन, सुखवारो, जसवंतिन, भागवती, हेलेंद्री एवं अन्य महिलाएं सरई फूल बीज एकत्रित

करने के लिए सुबह से निकल जाती है। कोविड-19 से बचाव के लिए महिलाएं वनोपज संग्रहण के दौरान मास्क का उपयोग कर रही है। लघुवनोपज संग्रहण उनका प्रिय कार्य है और कार्य करते हुए वे आपस में सुख-दुख भी बांट लेती हैं। गांव में जामुन की अधिकता होने के कारण जामुन संग्रहण का कार्य भी प्रगति पर है। छुईखदान विकासखंड के दूरस्थ ग्राम ढोलपिट्टा में बैगा जनजाति के परिवार के लिए लघुवनोपज आजीविका का प्रमुख साधन है। ,

बैगा जनजाति के बुजुर्ग कमल मरकाम ने कहा कि वे सुबह से बेल गुदा एवं हर्रा संग्रहण में लग जाते हैं। जिससे उन्हें आमदनी हो रही है और परिवार की अच्छी गुजर-बसर हो जाती है। उन्होंने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को न्यूनतम समर्थन मूल्य में लघुवनोपज खरीदी करने के लिए धन्यवाद दिया। उनकी पत्नी श्रीमती भगतीन और उनकी नतनी उषा सयाम ने भी खुशी जाहिर की। शासन की ओर से बैगा जनजाति के उत्थान के लिए ग्राम में निरंतर कार्य किए जा रहे हैं। घाटी में ग्राम रेंगाखार के खानू एवं गुलाब खान भी बेलगुदा एकत्रित करने में व्यस्त थे। वहीं बांधाटोला के हरे सिंह और सदाराम ध्रुर्वे हर्रा बहेरा एकत्रित कर रहे थे। माहुल पत्ता की तोड़ाई में भी अब तेजी आ गई है। जिससे ग्रामवासी दोना-पत्तल बनाने का कार्य करेंगे। जिले में आंवला बीज, पुवाड़ बीज, कौंच बीज, बायबिडिंग, कालमेघ, नागरमोथा, हर्रा, धवई फूल, बहेड़ा, महुआ फूल, शहद, फूलझाड़ु, इमली, रंगीन लाख, कुसमी लाख, सालबीज, गम कराया, महुआ बीज, बेल गुदा, करंज बीज, चिरौंजी गुठली और जामुन बीज के संग्रहण का कार्य किया जा रहा है। दूरस्थ ग्राम सरईपतेरा, ढोलपिट्टा में लघुवनोपज संग्राहक अपना वनोपज शासन की समिति में विक्रय करते हैं। वन विभाग की ओर से लघुवनोपज संग्रहण के लिए वनवासियों को जागरूक किया जा रहा है और उन्हें कोरोना वायरस के बचाव के लिए भी बताया जा रहा है। ग्रामवासियों को कोविड-19 से सुरक्षा के लिए मास्क दिया जा रहा है।

न्यूज गैलरी

धर्मेन्द्र साहू सरपंच संघ छुरिया के अध्यक्ष निर्वाचित

राजनांदगांव। जनपद पंचायत छुरिया में पंचायत चुनाव संपन्न होने के 3 माह पश्चात आखिर में सरपंच संघ का चुनाव संपन्न हो गया, जिसमें बम्हनी चारभाठा सरपंच धर्मेन्द्र साहू व पदुड़ा सरपंच हेमंत कौशल ने अपनी-अपनी दावेदारी पेश की। कुल 118 ग्राम पंचायत

वाली सबसे बड़े विकासखंड में कुल 114 सरपंचों ने अपना-अपना मत का प्रयोग किया, जिसमें से धर्मेन्द्र साहू को 78 मत व हेमंत कौशल को 32 मत प्राप्त हुई। इस प्रकार धर्मेन्द्र साहू ने 46 वोट से धर्मेन्द्र साहू ने प्रचंड बहुमत से विजय प्राप्त किया। अध्यक्ष पद निर्वाचन के पश्चात उपाध्यक्ष पद का भी चुनाव लॉट सिस्टम द्वारा किया गया, जिसमें अंजली घावड़े, शारिका, हौसी लाल, घनश्याम साहू को उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया। संघ के अन्य कार्यकारणी का गठन संघ के प्रथम बैठक में किया जाएगा। नवनिर्वाचित अध्यक्ष निर्वाचित होने के पश्चात धर्मेन्द्र साहू को विधायक छन्नी साहू, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष मिथलेश ठाकुर, छुरिया ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष चुम्मन साहू, जनपद सदस्य कन्हैय्या कोले, विधायक प्रतिनिधि एकनाथ सिन्हा, वरिष्ठ कांग्रेस कमलेश यादव, भुवन कोठारी, युकां अध्यक्ष रामगुलाल घावड़े, युकां महासचिव ललित साहू, दया साहू, भावेश सिन्हा के साथ-साथ सरपंच संघ के सभी सदस्यों ने नवनिर्वाचित बधाई शुभकामनाये दी।

कलेक्टर वर्मा ने ली अधिकारियों की बैठक

राजनांदगांव। कलेक्टर टोपेश्वर वर्मा ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में अधिकारियों की बैठक लेकर विभागीय कार्यों की समीक्षा की एवं लंबित प्रकरणों को समय-सीमा में निराकरण करने के सख्त निर्देश दिए। श्री वर्मा ने कहा कि कोरोना संक्रमण में प्रोटोकाल का पालन करते हुए सभी अधिकारी-कर्मचारी अपने कार्यों में प्रगति लाए। लॉकडाउन की अवधि में लंबित कार्यों को प्राथमिकता से पूरा करें। इस अवसर पर अपर कलेक्टर ओंकार यदु, अपर कलेक्टर हरिकृष्ण शर्मा, सीईओ जिला पंचायत श्रीमती तनुजा सलाम, नगर निगम आयुक्त चंद्रकांत कौशिक, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी मिथलेश चौधरी, एसडीएम राजनांदगांव मुकेश रावटे सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे। कलेक्टर श्री वर्मा ने नरवा, गरवा, घुरवा और बाड़ी के कार्यों की समीक्षा करते हुए कहा कि बारिश से पहले निर्माणाधीन गौठानों को तैयार कर लिया जाए। यहां पशुओं के लिए पर्याप्त चारागाह की व्यवस्था किया जाना चाहिए। गौठान में ही बाड़ी का निर्माण भी करें और इसमें महिला स्व सहायता समूह तथा बिहान की महिलाओं को जोड़कर कार्य करें। ताकि इन समूहों को आजीविका से जोड़ा जा सके। इसके लिए गौठान समिति का चयन किया जाए। गौठान में पशुओं की देखभाल के लिए पशुचिकित्सक नियमित रूप से निरीक्षण करें। घुरवा संवर्धन का कार्य प्राथमिकता से करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने वर्मी कम्पोस्ट का उत्पादन करने पर जोर दिया। श्री वर्मा ने कहा कि भूमिहिन परिवारों का चिन्हांकन करें, ताकि उन्हें योजना में शामिल कर लाभान्तिव कर सके।

अधिकारी-कर्मचारी आपसी समन्वय रखते हुए टीम भावना से करें कार्य : चुरेन्द्र

राजनांदगांव। संभागायुक्त दुर्ग जीआर चुरेन्द्र ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में सभी विभागों के जिला अधिकारियों की बैठक लेकर कार्यों की समीक्षा की एवं नये कार्यों के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। संभागायुक्त चुरेन्द्र ने अधिकारियों का मनोबल बढ़ाते हुए कहा कि सभी अधिकारी-कर्मचारी आपसी समन्वय रखते हुए टीम भावना और लक्ष्य के अनुरूप समय-सीमा में कार्य करें। अपने ज्ञान और व्यवहार के माध्यम से ही लोगों को सामाजिक कार्यों से जोड़ा जा सकता है। कोरोना संकट के इस वर्ष को निर्माण वर्ष के रूप में बदलते हुए काम करें इसके लिए सभी को प्रेरित करे। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय संपदा जल, वन, पेड़, पौधे एवं अन्य हमारे लिए बहुमूल्य है। इसे बचाने और पुनः उद्धार के लिए जनमानस को जोड़कर इसमें कार्य करने की जरूरत है। इस अवसर पर कलेक्टर टोपेश्वर वर्मा उपस्थित थे। संभागायुक्त श्री चुरेन्द्र ने कोरोना संक्रमण के रोकथाम की समीक्षा करते हुए कहा कि सभी क्वारेंटाईन सेंटर में मूलभूत सुविधाएं जैसे बिजली, पानी और शौचालय अनिवार्य रूप से उपलब्ध हो। यहां साफ-सफाई की व्यवस्था सुनिश्चित कि जाए। उन्होंने कहा कि क्वारेंटाईन सेंटर में घर जैसा माहौल तैयार करे। उन्होंने कहा कि जिन परिवार के सदस्य कोरोना से पीड़ित है, उन परिवारों से मिलकर उनके परेशानियों को दूर करे। संभागायुक्त श्री चुरेन्द्र ने कहा कि अन्य राज्यों से अधिक संख्या में मजदूर यहां आ चुके है और क्वारेंटाईन की अवधि भी पूरी कर लिए हैं इन श्रमिकों को उनकी कुशलता के आधार पर काम दिलाना हमारी प्राथमिकता है।

कोरोना काल में दाढ़ी और मुंछ सेट कराना हुआ महंगा

नवप्रदेश संवाददाता

कवर्धा। सेविंग कराना है तो एक बार दुकानदार से वर्तमान में तय किए गए किमत को जानना आवश्यक है। क्योंकि अब इस कोरोना काल में दाढ़ी और मुंछे की सेटिंग सहित सेलून से जुडे अन्य कार्यो को कराना अब महंगा हो गया है। इसमें भी सेलून दुकान के संचालक अपने हिसाब से रेट निर्धारित कर ग्राहकों की सेविंग कर रहे है। तो कोई पुराने निर्धारित रेट पर ही अपने कार्य को कर रहा है। जिले में कई ऐसे सेलून दुकान है जहां बाल कटिंग में 10 रूपए का इजाफा किया गया है। दरासल पहले जहां बाल कटिंग के लिए 30 रूपए लिए जाते थे वहां अब 40 रूपए कर दिए गए है। और कोई सेलून तामझाम के साथ खोला गया है तो वहां 50 रूपए भी देने पड रहे है। तो कई ऐसे दुकानदार भी है जो आज भी 30 रूपए में बाल तो, 20 रूपए दाढ़ी बना रहे है। फेसियल अगर कराना हो तो पूराने किए गए चस्पा को न देखे। क्योंकि कोरोना काल में अब सेलून में थ्रेडिंग, फेसियल, कंटिंग, सेटिंग सहित अन्य के दामों में इजाफा हो चुका है। हालाकि अभी इस कोरोना काल का असर ग्रामीण क्षेत्रो में देखने को नही मिल रहा है। ग्रामीण इलाको में आज भी पूराने निर्धारित रेटो पर ही यह कार्य

किया जा रहा है। दूसरी ओर माना जा रहा है कि वर्तमान समय में सेविंग के कार्य करने वालो को मास्क, सेनेटाईजर सहित नियमों का पूरा ध्यान रखते हुए उन्हे कार्य करना पड रहा है। जिसके चलते कुछ दुकानदारो ने 10 रूपए तक के दाम बढा दिए है। अब ऐसी स्थिति में बहुत से लोगो ने हाथो से ही दाढी बनाना शुरू कर दिया है। लेकिन कटिंग के लिए तो सेलून जाना ही पडेगा। वहीं प्रत्येक सेलूनो में हैंड सेनेटाईजर की व्यवस्था भी की गई है।

सिर मालिश से पहले रेट को सून चकरा जाएगा सिर

कोरोना काल में अब फिर मालिश कराने से पहले सिर चकराना तो लाजमी है। दरासल पहले जहां 30 रूपए में सिर की मालिश कराकर लोग राहत महसूस करते थे वहीं अब बढते हुए रेट ने सिर दर्द पैदा कर दिया है। दरासल अब फिर मालिश कराना 10 से 20 रूपए महंगा हो चुका है।

कोरोना काल से पहले व अब के रेट

कोरोना काल के पहले	कोरोना काल मे बढे रेट
सेविंग सादा - 30 रूपए	सेविंग सादा - 40 रूपए
सेविंग स्पेशल - 40 रूपए	सेविंग स्पेशल - 50 रूपए
ट्रीमिंग - 30 रूपए	ट्रीमिंग - 40 रूपए
दाढ़ी सेटिंग - 40 रूपए	दाढी सेटिंग - 50 रूपए
सिर मालिस - 30 रूपए	सिर मालिस - 40 रूपए
पूरा मालिस - 50 रूपए	पूरा मालिस - 60 रूपए
सादा कटिंग - 40 रूपए	सादा कटिंग - 50 रूपए
कटिंग स्टाईलिश - 50 रूपए	कटिंग स्टाईलिश - 60 रूपय
बेबी कटिंग - 40 रूपए	बेबी कटिंग - 50 रूपए
हेयर ड्रायर - 30 रूपए	हेयर ड्रायर - 40 रूपए
थ्रेडिंग - 30 रूपए	थ्रेडिंग - 40 रूपए

84 छात्राओं को किया गया साइकिल वितरण

कवर्धा। स्थानीय शासकीय आदर्श कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, कवर्धा में मंगलवार को को स्कूली छात्राओं के स्कूल पहुंच को सुगम बनाने हेतु शासन की महती योजना 'सरस्वती सायकल योजना' के अंतर्गत कक्षा नवमीं की 169 छात्राओं में से मंगलवार को 84 छात्राओं को सोशल डिस्टेंसिंग का पालन कराते हुए सायकल वितरण किया गया, वर्तमान परीस्थिति के कारण अन्य छात्राओं को भी इसी प्रकार अलग अलग दिन बुलाकर सायकल का वितरण किया

जाएगा, ताकि एक साथ छात्राओं की उपस्थिति न हो । इस अवसर पर शाला प्रबंध एवं विकास समिति अध्यक्ष श्रीमती गंगोत्री योगी ने बताया कि शासन की इस योजना से लाभान्वित छात्राओं को स्कूल तक पहुंच सुगम हुई जिससे पढ-लिखकर वे अपने भविष्य उज्जवल की नींव रखेंगी । संस्था के प्राचार्य बी.पी. गुप्ता ने छात्राओं को बधाई देते हुए इस सत्र कडी मेहनत कर सफल होने के लिए प्रेरित किया । सायकल मिलने से छात्राओं के चेहरे खिल उठे । इस अवसर पर गणेश योगी, तारणी सिंह, ओमित्रा योगी, पार्वती सोनी तथा छात्राओं के पालकगण, आर.पी. सिंह, ए.पी. शर्मा, प्रभारी व्याख्याता एम.के. डोंगरे उपस्थित रहे। अध्यक्ष श्रीमती योगी ने बताया कि शासन की इस योजना से लाभान्वित छात्राओं को स्कूल तक पहुंच सुगम हुई जिससे पढ-लिखकर वे अपने भविष्य उज्जवल की नींव रखेंगी । संस्था के प्राचार्य ने छात्राओं को बधाई देते हुए इस सत्र कडी मेहनत कर सफल होने के लिए प्रेरित किया । सायकल मिलने से छात्राओं के चेहरे खिल उठे ।

पांडातराई का सप्ताहिक बाजार हर सोमवार बंद

पांडातराई। शहर में सप्ताहिक बंद व शहर की ट्रैफिक व्यवस्था को सुचारू व व्यवस्थित रूप से करने के उद्देश्य से विगत दिनों नगर पंचायत पांडातराई में व्यापारी संघ तथा पुलिस विभाग का संयुक्त बैठक का आयोजन नगर पंचायत अध्यक्ष फिरोज खान के अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया था।

जिसमें यह निर्णय लिया गया कि सप्ताह में 1 दिन सोमवार प्रति सोमवार को नगर के सभी व्यापारिक संस्थान बंद रहेंगें। साथ ही नगर के ट्रैफिक व्यवस्था को व्यवस्थित करने के लिए सड़क के दोनों ओर दुकान से 6 फीट की दूरी पर एक सफेद पट्टी लगाया जाएगा। सभी व्यापारियों से निवेदन किया गया कि ग्राहकों को उस सफेद पट्टी के अंदर ही वाहनों को खड़ी कराए जिससे नगर में आवागमन को किसी प्रकार की बाधा ना उत्पन्न हो। और इसके साथ ही बैठक में लिए गए निर्णय का नगर पंचायत पांडातराई में अब पूर्ण रूप से पालन किया जा रहा है। जिसके चलतें यातायात व्यवस्था तो सुगम हुई। साथ ही लोग सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करते हुए खरीददारी भी कर रहे है। विगत दिनो हुए बैठक में नगर के व्यापारी संघ से सतीश गुप्ता, भूपेंद्र गुप्ता पुलिस विभाग से टीआई बी पी तिवारी, मुख्य नगर पालिका अधिकारी योगेश्वर नेताम सहित व्यापारी वर्ग के लोग उपस्थित थे।

कबीरधाम पुलिस के सहायक उप निरीक्षक केन्द्रीय गृहमंत्री पदक से हुये सम्मानित

कवर्धा। भारत सरकार, गृह मंत्रालय नई दिल्ली द्वारा कबीरधाम जिले के वर्ष 2019 में अन्वेषण में उत्.ष्ठता हेतु केन्द्रीय गृह मंत्री पदक से सहायक उप निरीक्षक दीपक सिंह चैहान को सम्मानित किया गया है। पुलिस अधीक्षक के.एल. ध्रुव के द्वारा पुलिस मुख्यालय से प्राप्त प्रमाण-पत्र व पदक देकर सम्मानित किये। सहायक उप निरीक्षक दीपक सिंह चैहान के द्वारा वर्ष 2018

में थाना कोतवाली मे पदस्थ रहते हुये नाबालिग से दुष्कर्म के मामले में 18 वर्षीय युवक विनोद पिता ईश्वर नट को धारा 363,366,376(3) भादवि के अपराध में उत्.ष्ठ विवेचना कर आरोपी को न्यायालय द्वारा 20 साल की सजा एवं अर्थदण्ड से दण्डित करने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। पुलिस अधीक्षक के.एल. ध्रुव के द्वारा सउनि दीपक चैहान को निरंतर इसी प्रकार उत्कृष्ट कार्य कर कबीरधाम पुलिस का नाम गौरान्वित करने हेतु बधाई दिये।

छत्तीसगढ़ जनसेवा पार्टी ने कुटकीपारा के कन्या विवाह में दिया योगदान

कवर्धा। छत्तीसगढ़ जनसेवा पार्टी ने सोमवार जिले के सहसपुर लोहारा ब्लाक अंतर्गत ग्राम कुटकीपारा में आयोजित एक गरीब परिवार के कन्या विवाह में अपना योगदान दिया। छत्तीसगढ़ जनसेवा पार्टी के जिलाध्यक्ष ईश्वरी गंधर्व ने बताया कि जिले के सहसपुर लोहारा ब्लाक अंतर्गत ग्राम कुटकीपारा में सोमवार 8 जून को कन्हैया पोर्ते व श्रीमति मनटोरा पोर्ते के घर में उनकी पुत्री धारणी पोर्ते का विवाह कार्यक्रम आयोजित था। श्री पोर्ते अनुसूचित जनजाति व गरीब तबके है। वह विवाह का खर्च उठाने में सक्षम नहीं थे। जिसे देखते हुए छत्तीसगढ़ जन सेवा पार्टी ने श्री पोर्ते के घर आयोजित कन्या विवाह में अपना सहयोग प्रदान किया। इस दौरान श्री गंधर्व ने कहा कि छत्तीसगढ़ जन सेवा पार्टी का गठन लोगों की सेवा के लिए किया गया। पार्टी की ओर से किसी भी गरीब तबके के सामाजिक या पारिवारिक कार्य में हर संभव सहयोग प्रदान किया जाएगा।

आदेश को लेकर बन रही थी असमंजस की स्थिति, देर से ही सही हुआ निराकरण

कवर्धा। शिक्षकों और शिक्षाकर्मियों को अब महज एक क्लिक से मिल जाएंगे सारे विभागीय आदेश..... अवकाश से लेकर वेतनमान तक की सारी जानकारी होगी अब मोबाइल पर..... आदेश/निर्देश के नाम पर अब नहीं होंगे शिक्षक गुमराह।

प्रदेश में शिक्षक और शिक्षाकर्मी शासकीय कर्मचारियों का एक ऐसा समुदाय है जिसके लिए सबसे अधिक विभागीय आदेश जारी हुए हैं और नियमों का इतना अधिक फेरबदल हुआ है कि कई बार इस बात को लेकर भी शिक्षक उलझन में पड़ जाते हैं कि कौन सा नियम वर्तमान में विद्यमान है और कौन सा नही, लेकिन अब 24 घंटे उनके मोबाइल पर ही सारे के सारे आदेश उपलब्ध रहेंगे इसके लिए शिक्षाकर्मियों के संगठन संविलियन अधिकार मंच ने नई पहल करते हुए वेबसाइट का निर्माण किया है जिसमें सारे सर्कुलर यानी शासकीय निर्देश डाल दिए गए हैं साथ ही उन्हें फ्री डाउनलोड करने की भी सुविधा दी गई है यानी शिक्षक जब चाहें अपनी सुविधानुसार आदेश को डाउनलोड करके उपयोग कर सकते हैं और अब उन्हें किसी भी आदेश को अपने मोबाइल में स्टोर रखने की जरूरत नही पड़ेगी। यही नहीं वेबसाइट को उपयोग करने के लिए बकायदा गूगल प्ले स्टोर में एप्लीकेशन भी तैयार किया गया है यानी जिस प्रकार व्हाट्सएप, टेलीग्राम और टिकटॉक जैसे एप्लीकेशन डाउनलोड किए जाते हैं ठीक उसी प्रकार प्ले स्टोर में जाकर शिक्षक सीजीएसटीयू टाइप करके इस एप्प को डाउनलोड कर सकते है और उसके बाद सारी जानकारी 24 घंटे उनके मोबाइल पर उपलब्ध रहेगी। यही नहीं शिक्षकों और शिक्षाकर्मियों की समस्याओं को हल करने के लिए वेबसाइट में क्वेश्चन-आंसर का भी सेक्शन बनाया गया है जिसमें यदि किसी शिक्षक को किसी नियम-निर्देश को लेकर दुविधा हो तो वह अपने सवाल पूछ सकते हैं और उसके बाद अनुभवी शिक्षक उन्हें उस सवाल का जवाब और समाधान बता देंगे।

धर्म-कर्म भक्तों ने टेका मंदिर में माथा, कोरोना से मुक्ति पाने की कामना

प्रभु के दर्शन हुए लेकिन प्रसाद से वंचित रहे भक्त

कवर्धा । मंदिरो में प्रभु के दर्शन तो होंगे पर चरणामृत और प्रसाद नही मिल सकेगा। साथ ही मंदिर की घंटी को भी भक्त अब बजा नही पाएंगे। मंदिर में प्रवेश करने से पहले नियमों का पालन करना अनिवार्य है। साथ ही मंदिर में भक्त अब प्रसाद भी नही चढा पांएगे। धर्म स्थलों के द्वार लगभग 75 दिनो बाद अब भक्तो के लिए खुल चुके है। लेकिन अब प्रभु के दर्शन भी पूरे नियमों का पालन करते हुए करना होगा। वर्तमान समय में कोरोना महामारी के समय के चलते धर्म स्थलो के द्वार बंद थे। जो अब खुल चुका है। मंदिर के खुलने से भक्तो की आस्था छलक उठी है। मंदिरो में प्रवेश करने के द्वार और बाहर निकलने के द्वार अब अलग ही होंगे। लंबे अंतराल के बाद सोमवार से जहां मंदिर, मस्जिद, गुरूद्वारा, चर्च खुले है। वहीं अब इन धार्मिक स्थलो में लोग नियमों का पालन करते हुए पहुंच रहे है। धार्मिक स्थलो की समिति के द्वारा गाइडलाइन कें मुताबिक व्यवस्था किए गए है।

धार्मिक स्थलों में प्रवेश हेतु भारत सरकार द्वारा जारी एस.ओ.पी.: प्रवेश द्वार पर हैण्ड वाश, हैण्ड सेनिटाईजर एवं थर्मल स्कीनिंग की व्यवस्था करना अनिवार्य होगा। केवल ऐसे व्यक्तियों को ही परिसर में प्रवेश की अनुमति दी जाएगी, जिनमें कोरोना के कोई लक्षण नहीं हो। मास्क अथवा फेस कवर का उपयोग करने पर ही प्रवेश की अनुमति दी जाएगी। प्रवेश द्वार पर

कोरोना (कोविड-19) संक्रमण से बचाव के उपाय के संबंध में पोस्ट, स्टैण्ड लगाया जाना अनिवार्य होगा। संक्रमण के बचाव के संबंध में ऑडियो, विडियो क्लिप के माध्यम से जागरूकता फैलाया जाएगा।

मूर्तियों और पवित्र पुस्तको को छूने की अनुमति नही

मूर्तियों, पवित्र पुस्तक आदि को स्पर्श करने की अनुमति नहीं होगी। बड़ी सभाएं निषिद्ध रहेगी। संक्रमण के फैलने के संभावित खतरे के मद्देनजर, जहां तक संभव हो, रिकार्ड किये गये भक्ति संगीत, गाने बजाए जा सकते हैं, गाना बजाने वालों या गायन समूहों को अनुमति नहीं दी जाएगी। एक दूसरे को बधाई देते समय शारीरिक संपर्क न हो। प्रार्थना हेतु सार्वजनिक मेट (चटाई) वर्जित होगा, प्रत्येक आगंतुक स्वयं के मेट (चटाई, दरी) का उपयोग करेंगे।

सोशल डिस्टेंसिंग अनिवार्य

परिसर में सोशल डिस्टेंसिंग बनाये रखने के लिए आगंतुकों की कतार हेतु चिन्हांकन किया जाना अनिवार्य होगा। परिसर में प्रवेश एवं निकास की अलग व्यवस्था की जाएगी। प्रवेश के समय प्रत्येक व्यक्ति के बीच 6 फीट की दूरी अनिवार्य होगी। परिसर में बैठने की व्यवस्था इस तरह से की जाए कि सोशल डिस्टेंसिंग बनी रहे।

वेंटिलेशन का ऐसा होगा उपयोग

एयर कंडिशनर, वेंटिलेशन के उपयोग के संबंध में सीपीडल्यूडी के दिशा निर्देशों का पालन किया जाना होगा, जिनके अनुसार एयर कंडिशनर उपकरणों का तापमान सेटिंग 24-30 डिग्री सेल्सियस की सीमा में होना चाहिए। ह्यूमिडिटी रेंज 40-70 प्रतिशत होनी चाहिए। जहां तक संभव हो ताजा हवा तथा कास वेंटिलेशन की व्यवस्था होनी चाहिए।

खुद के वाहनो में रखने पडेंगे जूते और चप्पल

जूते चप्पल स्वयं के वाहन में रखकर प्रवेश करेंगे अथवा प्रत्येक परिवार के जूते चप्पल पृथक रखे जाएंगे। परिसर के अंदर एवं बाहर भीड़ को व्यवस्थित करने एवं सोशल डिस्टेंस बनाये रखने हेतु प्रबंधन द्वारा पर्याप्त व्यवस्था की जाएगी। परिसर के भीतर एवं बाहर स्थित सभी दुकान, स्टॉल, कैफेटेरिया को सोशल डिस्टेंसिंग के सिद्धांत का पालन अनिवार्य होगा।

चेंबर पदाधिकारियों ने कलेक्टर से की मुलाकात

भाटापारा। जिला के नव पदस्थ कलेक्टर सुनील कुमार जैन से भाटापारा चेंबर के अध्यक्ष श्रीचंद छाबडिया, कार्यकारी अध्यक्ष मुकेश सोनी, व चेंबर कार्यकारी अध्यक्ष बाबू तोरण साहू(महोदय)ने सौजन्य मुलाकात की। इस दौरान उनसे कोरोना संक्रमण के चलते व्यापार में आने वाली समस्यायों और निराकरण पर चर्चा हुई।उक्त जानकारी बाबू तोरण दास महोदय ने दी।

एकलव्य आवासीय विद्यालय प्रवेश परीक्षा अब 26 जून को

भाटापारा। जिला में स्थित एकलव्य आदर्श आवसीय विद्यालयो में वर्ष 2020-21 हेतु कक्षा 6 वीं में अनुसूचित जनजाति विद्यार्थियों का प्रवेश परीक्षा अब 26 जून 2020 दिन शुक्रवार को होगी।यह परीक्षा सुबह 10 बजकर 30 मिनट से दोपहर12 बजकर 30 मिनट तक होगी। पूर्व में यह परीक्षा 11 जून 2020 को होनी थी जिसे कोरोना वायरस के चलते परिवर्तन किया गया है। इस परीक्षा हेतु पात्र विद्यार्थी एवं उनके अभिभावक रोल नंबर आदि की जानकारी संबंधित प्रधान पाठक एवं विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी कार्यालय से प्राप्त कर सकते है। परीक्षा केंद्रों की सूचना बाद में अलग से दी जायेगी

कपड़ा दुकान पर गुमाश्ता एक्ट पर हुआ पांच हजार का जुर्माना

भाटापारा। साप्ताहिक अवकाश वाले दिन दुकान खोलकर व्यवसाय करने वालो के खिलाफ मंगलवार को कलेक्टर के निर्देश पर जुर्माना की कार्यवाही की गई,वही अधिकारीयो ने दुकान संचालको की दुकान बन्द करवा कर उन्हें भविष्य में गुमास्ता कानून के तहत दुकान संचालन करने की हिदायत दी। जिला के नवपदस्थ कलेक्टर सुनील कुमार जैन के निर्देश पर एसडीएम महेश सिंह राजपूत के मार्ग दर्शन में तहसीलदार प्रवीण तिवारी,सीएमओ आशिष तिवारी थानेदार महेश कुमार धुव ने मंगलवार को शहर का भ्रमण करते हुए साप्ताहिक अवकाश वाले दिन मंगलवार को दुकान खोलकर व्यापा करने वाले दुकान संचालको के खिलाफ अर्थ दंड स्वरूप जुर्माना की राशि वसूल की तथा उनकी संस्थाओ को बंद कराया गया। मुख्य नगरपालिका अधिकारी आशिष तिवारी ने बताया की काफी लम्बे समय से गुमास्ता एक्ट का उल्लंघन करने की शिकायत मिल रही थी,जिसके पालन के लिए स्थानीय व्यापारियो से निवेदन भी किया गया था,उसके बावजूद सदर बाजार हटरी बाजर में दुकान खोल कर व्यापार किये जाते पकडे गए दुकानदारी से आज अर्थ दंड स्वरुप सिर्फ जुर्माना ही लेकर उनकी दुकानों को बंद कराया गया,अगर भविष्य में भी गुमास्ता कानून का उल्लंघन किया जायेगा तो सख्त और कठोर कार्यवाही की जायेगी।

व्यक्तिगत रूप से सबसे ज्यादा राशि देने वाली बनी सरिता ठाकुर

भाटापारा । जिला पँचायत की उपाध्यक्ष श्रीमती सरिता सत्यनारायण ठाकुर ने अपने रायपुर प्रवास के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से मुलाकात करते हुए मुख्यमंत्री सहायता कोष में एक लाख एक हजार का चेक दिया। मुख्यमंत्री ने सरिता ठाकुर की उदारता के लिए उनके प्रति कृतज्ञता जाहिर की।इस दौरान प्रदेश कांग्रेस उपाध्यक्ष गिरीश देवांगन,जिला पंचायत अध्यक्ष राकेश वर्मा सहित अन्य नेतागण भी उपस्थित थे।

जानकारी अनुसार सरिता ठाकुर पुरे विधान सभा क्षेत्र में व्यक्तिगत रूप से एक ही चेक के माध्यम से इतनी बड़ी धन राशि दान में देने वाली प्रथम महिला बनी। जिले के वरिस्ठ युवा कांग्रेस नेता सत्यनारायण ठाकुर ने बताया की जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमती सरिता ठाकुर ने अपने जिले के कांग्रेसजनों के साथ प्रदेश कांग्रेस उपाध्यक्ष गिरीश देवांगन के नेतृत्व में प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के निवास में उनसे मुलाकात की।इस दौरान श्रीमती सरिता ठाकुर ने मुख्यमंत्री को 1 लाख 1 हजार धन राशि का चेक मुख्यमंत्री सहायता कोष फंड के लिए उन्हें सौपा।मुख्यमंत्री ने व्यक्तिगत रूप से दी जा रही इस राशि के लिए सरिता ठाकुर के प्रति अभार भी जताया। श्रीमती सरिता ठाकुर ने कहा की कोरोना संकट एक विशाल संकट है इससे निपटने के लिए हर किसी को मुख्यमंत्री सहायता कोष में सहयोग करना चाहिए आज जो भी राशि मुख्यमंत्री सहायता कोष में मैंने जमा किया है उससे जरूरतमंद लोगों को सामग्री राशि व् राहत पहुंचाई जाएगी।इस अवसर पर शेख अलीमुद्दीन,रज्जु भाई,अदिति बाघमार,सिदार जी,पूर्व पार्षद चंद्र शेखर चक्रधारी,सेवादल अध्यक्ष राजेन्द्र वर्मा सहित अन्य कांग्रेसजन भी उपस्थित थे।

नि :शुल्क अध्ययन के साथ कैरियर गाइडेंस का भी मिल रहा लाभ

भाटापारा। लाक डाउन अवधि में राज्य सरकार द्वारा शुरु की गई पढ़ई तुंहर द्वार योजना के माध्यम से प्रदेश के अन्य शहरों के साथ भाटापारा के स्कूलों के विद्यार्थी न केवल विकासखंड बल्कि जिला स्तरीय एवं राज्य स्तरीय क्लासेस का भी cgschool.in पोर्टल के माध्यम से लाभ उठा रहे हैं। वेब पोर्टल के माध्यम से स्टेट लेवल पर प्रति शनिवार केरियर विशेषज्ञों के द्वारा प्रतियोगी परीक्षाओ की तैयारी के संदर्भ में विशेष मार्गदर्शन किया जा रहा है।अध्ययन में एकाग्रता बढ़ाने के लिए नियमित दिनचर्या, पाठ्यक्रम के सरल तरीके से अभ्यास,नित्य योग और व्यायाम को जीवनशैली में शामिल कर दे हेतु प्रेरित किया जा रहा है। एससीईआरटी की कैरियर विशेषज्ञ श्रीमती वर्षा वरवंडकर ने ऑनलाइन पढ़ाई के रोचक तरीकों से विद्यार्थियों को अवगत कराया। भाटापारा विकासखंड के तरेंगा हा सेकेंडरी शाला के प्राचार्य श्री सुधांशु मिश्रा बताते हैं कि पढ़ई तुंहर द्वार योजना अंतर्गत ऑनलाइन पढ़ाई के नए सिस्टम से विद्यार्थी नए उत्साह के साथ अध्ययन कार्य में रूचि ले रहे है। पंचम दीवान पूर्व माध्यमिक शाला प्रधान पाठक एवं ब्लाक के आईसीटी प्रभारी श्री केशव राम वर्मा ने बताया कि ऑनलाइन पढ़ाई के नवाचारी तरीके से विद्यार्थियों में ज्ञान की ललक बढ़ी है। पालक भी मोबाइल के माध्यम से बच्चों को दी जा रही निशुल्क शिक्षण व्यवस्था में अपना योगदान दे रहे हैं। प्राथमिक शाला सुरखी की गायकवाड मैडम बताती है कि 4 बच्चों के पीछे घर में एक ही मोबाइल उपलब्ध होने के बावजूद पालक के काम से वापसी पर सभी एक साथ बैठकर cgschool.in पोर्टल के आडियो और वीडियो देखकर सीखने की कोशिश करते है।

छग राज्य महिला आयोग ने आवश्यक कार्यवाही के लिए एसपी को लिखा पत्र

■ महिला को मिल सकती है उचित मदद

गंडई पंडरिया। बीते एक सप्ताह पहले थाना क्षेत्र गंडई मे एक बड़ा मामला प्रकाश मे आया था । मामला यह था की महिला के साथ गंडई के थाना प्रभारी शिव चंद्रा द्वारा महिला से मारपीट व गंदी गाली ङ्क गलौज का मामला सामने आया था । पीड़िता महिला सागर बाई साहू पिता अनुज साहू पंडरीया के वार्ड नंबर 1 की रहने वाली है। यह मामले मे थाना प्रभारी द्वारा लाठी डंडे से क्यू मारा यह मामला अभी तक सामने नहीं आया है । गंडई के थाना प्रभारी ने घर पर ही घुसकर लाठी डंडे से खूब मारपीट कर गाली गलौज किया । यह मामला 4 मई सोमवार साढ़े 11 बजे का बताया जाता है। पीड़ित परिवार द्वारा कई जगहो पर सिकायत भी किया गया है।

प्रधान मंत्री से भी लगाई थी जांच की गुहार

मिली जानकारी के अनुसार पीड़िता महिला ने घटना के संबंध मे जांच की गुहार लगाते हुये प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, राष्ट्रपति नई दिल्ली, केंद्रीय गृह मंत्री नई दिल्ली, केंद्रीय गृह सचिव नई दिल्ली, राष्ट्रीय महिला आयोग नई दिल्ली, संहित छत्तीसगढ़ के सभी जिम्मेदार नागरिक व आला अधिकारियों से पीड़िता ने पत्र के जरिये गुहार लगाई । पत्र मे लिखा था की मै सागर साहू पिता अनुज साहू वार्ड नंबर 1 पोस्ट गंडई जिला राजनांदगांव निवासी हूं और आपकी पुत्री तुल्य हूं, मुझे छत्तीसगढ़ राज्य के जिला राजनांदगांव के अधीन आने वाले थाना गंडई के थाना प्रभारी शिव प्रसाद चंद्रा द्वारा पार्श्विक बर्बरतापूर्ण और अमानवीय तरीके से मारा और पीटा गया है। बड़ी क्ररता से मेरे हाथ को, कलाई को गंभीर चोटिल किया गया। बेरहमी से मेरे परिवार के लोगों को भी पीटा गया, मेरी नारी सम्मान की इज्जत दलित की गई। मेरी लिखित शिकायत जिला पुलिस अधीक्षक को देने के बाद भी आज दिनांक 26 मई 2020 तक कोई कार्यवाही उचित जान नहीं पड़ती। अतः बाह्य होकर मैं आपसे निवेदन करती हूं कि गंडई थाना प्रभारी शिव चंद्रा के इस दुष्ट कृत्य की शिकायत आपसे कर रही हूं मुझे आशा है नहीं पूरा विश्वास है कि मेरे एवं संपूर्ण नारी जाति के अस्मिता की रक्षा के लिए एक उचित न्याय दिलाने के लिए राज्य सरकार से उचित जांच की आग्रह करती हूं।

पत्र मे यह भी लिखा था की भारतीय राजनीतिक व्यवस्था मे कई महत्वपूर्ण कार्य होते है आप देश के मुख्य कार्यकारी है जिस पर पत्र में यह भी लिखा था कि आप सरकार के मुखिया हैं उसी प्रकार आप आम जनता के भी मुखिया हैं आप पालक तुल्य हैं और बात तो जब महिला अस्मिता की आती है तो पालक का दायित्व भी बढ़ जाता है।

छ. ग. राज्य महिला आयोग ने लिया संज्ञान में

पीड़िता ने छत्तीसगढ़ महिला आयोग मे भी पत्र के जरिये निवेदन कि थी। जिसे उक्त विभाग ने संज्ञान मे लेते हुये पुलिस अधीक्षक राजनंदगांव को दिनांक 26 मई को लिखित आवेदन प्रेषित किया की इस घटना के आवेदन का अवलोकन करे जो आपके विभाग से संबन्धित है।राज्य महिला आयोग ने पत्र मे आवेदित किया की आवेदिका ने आवेदक के विरुद्ध मानसिक प्रताड़ना और मारपीट करने एवं शराब पीकर जबरदस्ती घर घुसकर अश्लील गाली - गलौज करने व कारवाही करने से संबंधित शिकायत की है। जिसकी प्रति आयोग को दी है। उक्त महिला आयोग ने अनुरोध किया की आवेदन का अवश्य कार्यवाही करते हुए आयोग को की गई कार्यवाही को अवगत कराये।

बिजली घंटों गुल, वसूली मनमानी

> किसी भी उपभोक्ता को बिल ज्यादा गया है तो उसकी शिकायत विभाग में कर दें तत्काल उस पर कार्यवाही करते हुए रीडिंग सुधार कर बिल भेजा जाएगा
>
> **वीके तिवारी,** प्रभारी जेई

देवभोग। बिजली की आंख मिचोली में घंटो घंटो भर लाइट गुल रहने के बाद भी उपभोक्ताओं से मनमानी बिल वसूला जा रहा है। मतलब गलत रीडिंग का भार देते हुए लोगों के जेबों से हर माह लाखों रुपए का डाका डाला जा रहा है। जिसकी शिकायत ब्लॉक के अधिकांश लोगों ने विभाग में दर्ज कराया है । मगर वह शिकायत लेटर अधिकारियों के फाइल में धूल खा रही है। हालांकि जिम्मेदार सुधार के लिए उच्च कार्यालय भेजने के बात कहकर महीनों महीनों तक अपना पल्ला झाड़ते नजर आ रहे हैं। यही वजह है कि गरीब उपभोक्ताओं लाइट काट देने के डर से परिवार की महिलाओं के जेवरात के अलावा घर का अन्य सामग्री गिरवी कर भी बिजली बिल पटाने को मजबूर हो रहे हैं। बावजूद इसके अधिकारी मीटर सुधारने या रीडिंग को लेकर कोई ठोस कदम नहीं उठा रहे हैं। जिसे लेकर विभाग के अधिकारियों पर बिजली ठेकेदार को आर्थिक लाभ पहुंचाने के चलते लेट लतीफ का आरोप भी लगाया जा रहा है ।क्योंकि कुछ उपभोक्ताओं को 8 से 10 महीनों गलत रीडिंग का बिल पटाते आ रहे हैं। 17 हजार से लेकर लाखों रुपए तक बिजली बिल उपभोक्ताओं के हाथों में थमाया जा रहा है । बकायदा बिल समय पर पटाने के लिए लाइट तक काट दिया जाता है। और इतनी राशि एक साथ नहीं पटा पाने के एवज में अधिकारियों द्वारा इंस्टॉलमेंट में बिल पटाने के लिए कहा जाता है। इसके अलावा बिजली बिल पटाने में कोई रियायत बरती नहीं जाती ऐसे कई मामले नवप्रदेश के सामने आया है। जिसमें गरीब से लेकर टीचर को 80 हजार से अधिक का बिल थमाया गया है। ऐसे और कई मामले सरकारी फाइल मैं विभागीय अफसरों ने दफन कर रखा है जिसका खामियाजा आम जनता को भुगतना पड़ रहा है। क्योंकि रीडिंग और मीटर बोर्ड में सुधार अब तक नहीं हुआ है।

पहला मामला : मुँगझर पंचायत वृंदा कश्यप पति खेमराज कश्यप का है जहां 6 माह पहले करीब 80 हजार का बिल भेजा गया जबकि मीटर बंद कर दिया गया था तब 60 हजार का रीडिंग बिल बताया गया था और मीटर बंद होने के बाद भी 20 हजार बढ़ाकर करीब 80हजार का बिल दिया गया है और बिल नहीं पटाने के चलते वर्तमान में वृंदा कश्यप के घर का बिजली काट दिया गया है

दूसरा मामला: देवभोग बस्तीपारा के बसंत कुमार पंडा का है बसंत पंडा के अनुसार नवंबर 2019 को 90 हजार का बिल आया रहा फिर फरवरी माह मे 16 हजार आया जिसमें मार्च महीने में ?6800 का भुगतान किया गया इसके बाद फिर अप्रैल माह में 15000 का बिल भेजा गया है जबकि दो पंखा एक टीवी और दो बल्ब ही जलाया जाता है बावजूद इसके लगातार बढ़-चढ़कर बिजली बिल आ रहा है जिसे सुधारने के लिए भी बिजली विभाग के अधिकारियों को अवगत कराया गया लेकिन अब तक सुधार नहीं हो पाया है

तीसरा मामला : तीसरा मामला झाराबहाल की खुशी राम यदु का है खुशीराम यदु के घर पर तो पहले से ही सलामत बिल भेजा जाता था लेकिन अब एक साथ रीडिंग बिल भेजा गया है इस बार 17 हजार का बिल थमाया गया है जिसकी शिकायत दर्ज कराती मीटर सुधार करने के साथ भेजे गए दिन में भी सुधार के लिए अफसरों को अवगत कराया है लेकिन अब तक रीडिंग और बिल सुधारने में कोई कार्यवाही नहीं हो पाया है।

बिरसा मुंडा की पुण्यतिथि मनाई गई

देवभोग । मूल निवासियों की क्रांतिकारी बिरसा मुंडा का आज पुण्यतिथि गांधी चौक स्थित शहीद वीर नारायण स्थल पर मनाया गया जिसमें सामाजिक संगठन के लोगों ने दूसरा महीना को श्रद्धा सुमन अर्पित करने के साथ उनके बताए गए मार्गदर्शन पर चलने का प्रण लिया मौके पर एसटी एससी संयुक्त मोर्चा के अध्यक्ष धन सिंह मरकाम भीम सेना के प्रदेश उपाध्यक्ष टेकलाल प्रधान हेमराज माझी अरुण सोनवानी के अलावा अन्य लोग मौजूद रहे।

हवाई और ट्रेन सेवा शुरू होने के बाद फेस शील्ड, मास्क में बढ़ी मांग

भाटापारा। मास्क, सैनिटाइजर और सोशल डिस्टेंस जैसे सुरक्षा उपाय के बीच अस्पताल कर्मियों में भी बढ़ते संक्रमण के मामले के बाद अब फेस शील्ड मास्क की डिमांड में अचानक से उछाल आने लगी है। इधर हवाई और रेल सेवाएं शुरू होने के बाद बढी जागरूकता से भी मास्क की इस किस्म मैं मांग बढ़ने लगी है। सोशल डिस्टेंसिंग सबसे सुरक्षित उपाय। संक्रमण से बचने के लिए सैनिटाइजर। भीड़ से बढ़ते संक्रमण के मामले और अस्पतालों में चिकित्सकों से लेकर वार्ड ब्वॉय तक का स्टाफ भयभीत है क्योंकि अब यह वर्ग भी तेजी से संक्रमण की चपेट में आ रहा है। यह तेजी इतनी ज्यादा है कि अब अस्पतालों में काम करने तक से इंकार की खबरें आ रही है। अब फेस शील्ड मास्क का बाजार तेजी से बढ़ता नजर आने लगा है क्योंकि इसका उपयोग अस्पतालों से निकलकर आमजन तक किए जाने की शुरू हो चली है। एक और वजह है फेस शील्ड मास्क में बढ़ती मांग की। वह यह कि हवाई और रेल सेवाएं शुरू होने के बाद इस वर्ग के यात्री भी इसकी खरीदी कर रहे हैं क्योंकि यात्रा के दौरान इसे अपने आप में काफी सुरक्षित माना जा रहा है।

प्रथम पृष्ठ का शेष...

बघेल की केंद्र से मांग...

निष्फल साबित होने के कारण राज्य सरकारों का दायित्व अब और भी बढ़ गया है। राज्य की जनता को राहत देने के लिए अतिरिक्त वित्तीय संसाधनों के साथ ही इस दिशा में त्वरित एवं प्रभावी कार्यवाही किया जाना आवश्यक है।

सुधार के कार्य जरूरी पर यह समय उचित नहीं लग रहा

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य के 14 जिले वामपंथी गतिविधियों से प्रभावित हैं। दूरस्थ एवं वनांचल क्षेत्र वाले गांवों में पीओएस मशीन की स्थापना सहित उचित मूल्य की दुकानों का आटोमेशन करना मुश्किल लक्ष्य है। इसी प्रकार कृषि प्रधान राज्य में किसानों को दी जा रही विद्युत सब्सिडी समाप्त कर डीबीटी प्रणाली लागू करने में भी कई तकनीकी बाधाएं हैं। यद्यपि सुधार के ये कार्य काफी महत्वपूर्ण हैं, फिर भी इन कार्यों के लिए यह समय उचित प्रतीत नहीं होता है।

मुख्यमंत्री सहायता कोष...

कोष में और सहयोग राशि प्रदान करें। मुख्यमंत्री ने इसके साथ ही सामाजिक और स्वयं सेवी संगठनों, औद्योगिक और व्यापारिक प्रतिष्ठानों सहित आमजनों से भी आगे आकर जरूरतमंदों की मदद करने की अपील की है। मुख्यमंत्री सहायता कोष के लिए भारतीय स्टेट बैंक के खाता नंबर 30198873179, IFSC CODE : SBIN0004286 पर यह सहयोग राशि जमा की जा सकती है। इसके साथ ही यूपीआई आइडी - cgcmrelieffund@sbi पर ऑनलाइन भी सहयोग राशि जमा की जा सकती है।

आईजी-एसपी कंट्रोल में रखें....

पब्लिक पर बर्बरतापूर्वक कार्रवाई जैसा और कोई उदाहरण अब न सुनाई पड़े इसके लिए सभी आईजी-एसपी अपने स्टाफ पर सख्त नियंत्रण रखें।

बता दें कि एक मां के साथ जा रहे बेटे की बेदर्दी से लाठियों से पिटाई और बचाने आई मां से दुर्व्यवहार का वीडियो देशभर में खूब वायरल हुआ है। इस करतूत के बाद छत्तीसगढ़ की पूरे देश भर में किरकिरी हुई है। खुलेआम सड़क पर जिस तरह के थानेदार ने महिलाओं-बच्चों और आमलोगों पर लाठियां बरसायी, उससे ना सिर्फ पुलिस की बदनामी हुई। बल्कि खुद मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को भी इस मामले पर बयान देना पड़ा। अब इस मामले में डीजीपी डीएम अवस्थी का कड़ा रुख सामने आया है। डीजीपी डीएम अवस्थी ने सभी आईजी और एसपी को निर्देश दिया है कि वो पुलिस अधिकारी व कर्मचारी को कड़े कंट्रोल में रखे।

ये बताया दोनों ने : घटना की विस्तृत चर्चा करते हुए बताया है कि दोनों सब्जी खरीदकर घर जा रहे थे। उसके पिता दिव्यांग हैं और बिस्तर पर ही पड़े रहते हैं। घर का खर्चा भी युवक ही चलाता है। पीड़ित युवक मितेश गुप्ता की मां मीरा गुप्ता ने बताया कि उनका परिवार मूलतः बिहार का है और लंबे समय से वे बिरगांव में ही रहते हैं। टीआई नितिन उपाध्याय की पिटाई से आई चोट के निशान दिखाते हुए बताया कि वह काम पर भी नहीं जा सका। अकेले उनका बेटा ही नौकरी करता है और घर में हमारी देखभाल करता है। उसकी पिटाई के बाद से ही वह ड्यूटी पर नहीं जा सका है।

टीआई की गैरमौजूदगी में...

आर्य थाने में मौजूद रहते हैं तो वह उनकी गोदी में बैठकर छोटे बच्चे की तरह अठखेलियां करता है। टीआई प्रदीप आर्य भी इसे ईश्वर प्रदत्त वरदान मान कर बंदर की हरकतों से नाराज नहीं होते।

थाने के जवान ही करते हैं वानर के खाने-पीने की व्यवस्था

पहली बार तारबाहर थाना पहुंचने वालों को इस बंदर की भावभंगिमा को देख जरूर आश्चर्य होता है, लेकिन जो लोग जान चुके हैं उनके लिए अब यह सामान्य बात हो गई है। बंदर के लिए रोज खाने-पीने की व्यवस्था तारबाहर थाने के पुलिस जवान ही करते हैं। आगे यह देखना दिलचस्प होगा कि ये अनोखा वानर थाने में और कितने दिन रहता है।

जहां जाना चाहते हैं...

बाद फैसला सुरक्षित रख लिया था। सुनवाई करने वाली खंडपीठ में न्यायमूर्ति संजय किशन कौल और न्यायमूर्ति एम आर शाह शामिल हैं।

ये हुआ था पहले की सुनवाई में: गौरतलब है कि गत शुक्रवार को हुई मैराथन सुनवाई के दौरान न्यायालय ने लॉकडाउन की वजह से पलायन कर रहे कामगारों को उनके पैतृक स्थानों तक पहुंचाने के लिए केन्द्र और राज्यों को 15 दिन का समय देने का संकेत दिया था। केन्द्र सरकार की ओर से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने पीठ को सूचित किया था कि प्रवासी श्रमिकों को उनके पैतृक स्थान तक पहुंचाने के लिए तीन जून तक 4,270 'विशेष श्रमिक ट्रेन' चलाई गयी हैं। मेहता ने कहा था कि अभी तक एक करोड़ से ज्यादा श्रमिकों को उनके गंतव्य तक पहुंचाया गया है और अधिकांश रेलगाड़ियां उत्तर प्रदेश और बिहार गयी हैं।

याचिकाकर्ता को आयोग जाने...

दिशानिर्देश जारी कर सकता है। न्यायालय ने कहा कि यदि याचिकाकर्ता को आयोग से राहत नहीं मिलती है तो उन्हें फिर से याचिका दायर करने की छूट होगी। खंडपीठ ने बिहार सरकार से कहा कि उसे पता है कि राज्य सरकार का ध्यान इस समय प्रवासी मजदूरों को लेकर है, लेकिन बंधुआ मजदूरों को भी न्यूनतम वेतन मिले, इस पर भी ध्यान दिया जाना चाहिए। गौरतलब है कि याचिकाकर्ता का कहना था कि एनएचआरसी के 11 मई के आदेश के बावजूद उत्तर प्रदेश के संभल और बिहार के रोहतास में ईंट भट्ठों में काम करने वाले 187 बंधुआ मजदूरों की मदद के लिए प्रशासन ने कोई कार्रवाई नहीं की।

कोरोनाः प्रदेश में 14 नए...

यह आंकड़ा 1211 हो गया है। इनमें से 347 को स्वस्थ होने के बाद डिस्चार्ज कर दिया गया है। जबकि पांच मौतें दर्ज की गई है।

बालश्रम और भिक्षावृत्ति में लगे...

प्रसन्ना आर के मार्गदर्शन में टास्क फोर्स की टीम ने राजधानी सहित जिले के विभिन्न क्षेत्रों में जाकर लोगों को, प्रतिष्ठानों में बाल श्रम, भिक्षावृत्ति और नशा पीड़ित बच्चों के परिवारों को समझाईश दी गई।

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.), साजा जिला बेमेतरा (छ.ग.)

ईश्तहार

sdorsaja@gmail.com

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक मीनाराम साहू पिता नेतराम साहू निवासी ग्राम भाडाभाठा तहसील साजा, जिला- बेमेतरा (छ.ग.) द्वारा ग्राम साजा स्थित भूमि ख.नं. 2266/24 रकबा 0.020 हेक्ट. भूमि को आवासीय/ व्यवसायिक प्रयोजनार्थ व्यपवर्तित किए जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसे संहिता की धारा 172 सहपठित धारा 5(2), (5) के तहत व्यपवर्तित किया जाना है।

अतः इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति को उजर-दावा हो तो दिनांक 15.06.2020 तक स्वतः अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में शाम 5.00 बजे तक दावा आपत्ति पेश कर सकते हैं। बाद में प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 03.06.2020 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पदमुद्रा सहित जारी किया गया।

सील

अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
साजा, जिला-बेमेतरा (छ.ग.)

कार्यालय, नगर पालिक निगम, जोन क्र. 5 रायपुर

ईदगाह भाठा, पानी टंकी, रायपुर (छ.ग.)
ph.No. 0771-40455819 Email rmczone5@gmail.com

ईश्तहार/आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना

नामांतरण प्र.क्र. 452, दिनांक 6.6.2020
वार्ड का नाम वार्ड- डॉ. खूबचंद बघेल-67

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि डॉ. खूबचंद बघेल वार्ड-67 स्थित भूमि 67-के-369 जो कि निगम अभिलेख में श्री श्रीकांत वैरागड़े s/o स्व. मानिकचंद वैरागड़े के नाम से दर्ज है जिसको श्रीमती वैशाली वैरागड़े w/o स्व. श्रीकांत वैरागड़े ने रजिस्ट्री/ लिखित द्वारा वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा समयावधि पश्चात किसी भी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी।

जोन कमिश्नर
जोन क्रमांक-5
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय वनमंडलाधिकारी मरवाही वनमंडल, पेंड्रारोड (छ.ग.)

E-mail-dfomarwahi@yahoo.com

नीलाम-सूचना

सर्व सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि मारवाही वनमंडल, पेंड्रारोड के मड़ना डिपो एवं अन्य डिपो में निम्न विवरण अनुसार वनोपज नीलाम किया जाना है। इच्छुक व्यापारी नीलाम में अवश्य भाग लेवें। नीलाम की शर्तें एवं अन्य जानकारी कार्यालयीन दिवस में कार्यालय अथवा मड़ना डिपो में प्राप्त कर सकते हैं।

डिपो का नाम - मड़ना काष्ठागार
नीलाम दिनांक - 19.06.2020
नीलाम प्रारंभ - प्रात: 9.00 बजे

वनोपज की अनुमानित मात्रा

डिपो का नाम	प्रजाति	लट्ठा (घ.मी.)		बल्ली (नग)		जलाऊ चट्टा	
		पुराना	नया	पुराना	नया	पुराना	नया
मड़ना डिपो	सागौन	3.630	-	615	-	-	-
	साल	18.718	85.300	531	500	0	0
	साजा	1.302	68.200	-	250	-	-
	बीजा/तिंसा	0.917	18.100	-	-	-	-
	हल्दू/मू./ख.	-	38.500	-	-	-	-
	धावड़ा	5.091	48.200	-	-	-	-
	सलिहा	1.635	3.500	-	-	-	-
	अन्य	11.367	17.100	-	300	-	-
	नीलगिरी	22.691	135.200	7177	27500	-	-
	बांस	-	-	1000	-	-	-
	योग :-	**65.351**	**414.100**	**9323**	**28550**	**-**	**-**
पेण्ड्रा जलाऊ डिपो	सतकठा जलाऊ	-	-	-	-	-	555
	नीलगिरी जलाऊ	-	-	-	-	-	303
	सागौन जलाऊ	-	-	-	-	-	-
	सलिहा जलाऊ	-	-	-	-	-	-
	योग :-					-	**858**

टीप :- 1. क्रेता को पेन नं. एवं रजिस्ट्रेशन वर्ष 2020 एवं जी.एस.टी. की छायाप्रति प्रस्तुत करना अनिवार्य है।
2. भारतीय स्टेट बैंक का मल्टीसिटी चेक अथवा बैंक ड्राफ्ट ही स्वीकार किए जायेंगे। अन्य बैंकों के मल्टीसिटी चेक स्वीकार नहीं किया जायेंगे।

वनमंडलाधिकारी
मरवाही वनमंडल, पेंड्रारोड

जी-81442/3

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक व संपादक यशवंत धोटे* द्वारा बंसल स्कूल कैम्पस, अशोक विहार कॉलोनी, पण्डरी से मुद्रित कर ब्रिस्टल चौक छोटापारा रायपुर से प्रकाशित,
फोन व फैक्स : 0771-4035602, RNI NO.CHHHIN/2012/41806/ डाक पंजीयन क्रमांक सी.जी./आर.वाई.पी. डीएन/40/2019-2021

रणवीर सिंह के गाने 'आंख मारे' पर सुष्मिता सेन ने किया डांस

मंबई (वार्ता)। बॉलीवुड अभिनेत्री सुष्मिता सेन ने सुपरहिट डांस नंबर आंख मारे पर डांस किया है जो काफी वायरल हो रहा है।

सुष्मिता सेन वेब सीरीज आर्या के साथ दस साल के बाद एक्टिंग की दुनिया में वापसी कर रही हैं। अब सुष्मिता सेन ने आर्या के सेट्स से एक वीडियो शेयर की है। इस वीडियो में सुष्मिता सेन अपने क्रू मेंबर के साथ रणवीर सिंह के आंख मारे पर थिरकती नजर आ रही हैं। इस वीडियो में रणवीर सिंह और सारा अली खान स्टारर फिल्म सिम्बा का हिट गाना आंख मारे बज रहा है।वीडियो शेयर करते हुए सुष्मिता सेन ने लिखा, 'संदीप मोदी से आपकी पहचान करवाते हैं।ये हैं बेहतरीन डायरेक्टर हैं, जो पूरा दिन शूट पर हमें नचाते थे और फिर पैकअप के बाद हम इन्हें नचाते थे. और भाई, क्या डांस करते हैं ये!

कोरोना से जागरूक करेगी लघु फिल्म आईना

मुंबई (वार्ता)। वैश्विक महामारी कोरोना वायरस से बचने के सबंध में लोगों को जागरूक करने के लिए चौतरफा प्रयास हो रहा है और इस सन्दर्भ में फ़िल्म जगत भी पीछे नहीं है। देश में महामारी के भयावह परिणाम और परिस्थिति को देखते हुए ,जैसे ही राष्ट्रव्यापी लॉकडाउन 5.0 का ऐलान हुआ, बॉलीवुड हस्तियों जैसे अमिताभ बच्चन, प्रियंका चोपड़ा, रजनीकांत, रणबीर कपूर, दिलजीत दोसांझ, और आलिया भट्ट, जैसे अन्य लोगों ने साथ मिलकर 'फैमिली' नामक एक लघु फिल्म बनाई। उसी तरह बॉलीवुड अभिनेता करन आनंद को लेकर लॉकडाउन के दौरान 'आईना' नाम की एक लघु फिल्म मौजूदा स्थितिओं को देखते हुए और जागरूकता फैलाने के लिए बनाई गयी।

35 की हुयी सांवरिया गर्ल सोनम कपूर

मुंबई (वार्ता)। बॉलीवुड की सांवरिया गर्ल और अनिल कपूर की पुत्री सोनम कपूर आज 35 वर्ष की हो गयी।

अनिल कपूर की लाडली सोनम कपूर का जन्म 09 जून 1985 में मुंबई में हुआ। घर में फिल्मी माहौल होने के कारण सोनम का झुकाव भी फिल्मों की ओर था।सोनम ने वर्ष 2007 में प्रदर्शित संजय लीला भंसाली की फिल्म सांवरिया से अपने सिने कैरियर की शुरूआत की। रणबीर कपूर की भी यह पहली फिल्म थी।

सोनम कपूर ने इसके बाद राकेश ओम प्रकाश मेहरा की वर्ष 2009 में प्रदर्शित फिल्म दिल्ली 6 में अभिनय किया। फिल्म हालांकि टिकट खिड़की पर कुछ खास कमाल नहीं दिखा सकी लेकिन उनके अभिनय को दर्शकों ने जरूर पसंद किया। वर्ष 2013 सोनम कपूर के करियर का महत्वपूर्ण वर्ष साबित हुआ। इस वर्ष सोनम कपूर की रांझना और भाग मिल्खा भाग जैसी सुपरहिट फिल्में प्रदर्शित हुयी।

वर्ष 2015 में सोनम कपूर की एक और सुपरहिट फिल्म प्रेम रतन धन पायो प्रदर्शित हुयी । फिल्म ने 200 करोड़ से अधिक की कमाई की। वर्ष 2016 में सोनम की फिल्म नीरजा प्रदर्शित हुई है। यह फिल्म एयर होस्टेस नीरजा भनोत के जीवन पर आधारित है जिन्होंने आतंकवादियों से विमान यात्रियों की जान बचाते हुए अपनी जान दे दी थी। वर्ष 2018 में सोनम की पैडमैन, संजू और वीरे दी वेडिंग जैसी कामयाब फिल्में प्रदर्शित हुयीं। इसी साल सोनम ने बिजनेसमैन आनंद आहूजाके साथ शादी कर ली। वर्ष 2019 में सोनम की फिल्म एक लड़की को देखा और द जोया फैक्टर प्रदर्शित हुयी। सोनम के कैरियर की अन्य उल्लेखनीय फिल्मों में आई हेट लव स्टोरी.आयशा.थैंक्यू.मौसम.प्लेयर्स आदि है।

गुंजन सक्सेना-द करगिल गर्ल नेटफ्लिक्स पर होगी रिलीज

मुंबई (वार्ता)। बॉलीवुड फिल्मकार करण जौहर की आने वाली फिल्म गुंजन सक्सेना-द करगिल गर्ल नेटफ्लिक्स पर रिलीज होगी।

जाह्नवी कपूर की फिल्म गुंजन सक्सेना को लेकर सोशल मीडिया पर कई दिनों से चर्चा चल रही थी। फिल्ममेकर करण जौहर ने खुद इस बात का ऐलान कर दिया है कि फिल्म गुंजन सक्सेना नेटफ्लिक्स पर रिलीज होगी। करण जौहर ने ट्विटर पर एक वीडियो शेयर करते हुए लिखा, उसके प्रेरणादायक सफर ने इतिहास रच दिया। ये उसकी कहानी है। गुंजन सक्सेना-द करगिल गर्ल, जल्द आ रही है नेटफ्लिक्स पर। वीडियो में जाह्नवी कपूर का वॉयस ओवर है जो बता रही हैं, गुंजन सक्सेना, लखनऊ की एक छोटी सी लड़की। जिसका एक बहुत बड़ा सपना था। बड़ी होकर पायलट बनने का सपना।

सैफ को लेकर पजेसिव हैं करीना

मुंबई (वार्ता)। बॉलीवुड अभिनेत्री करीना कपूर का कहना है कि वह अपने पति सैफअली खान को लेकर बेहद पोजेसिव है। करीना और सैफबॉलीवुड के सबसे पावरफुल कपल में शुमार किए जाते हैं। हाल ही में कपल का एक थ्रोबैक इंटरव्यू भी वायरल हो रहा है। इस इंटरव्यू में दोनों से पूछा गया कि आखिर दोनों में से ज्यादा पोजेसिव पार्टनर कौन है। इस पर करीना ने शुरुआत में तो फन्नी लुक दिया और संकेत दिया कि सैफज्यादा पोजेसिव है। सैफने कहा कि मुझे लगता है कि हम दोनों ही एक दूसरे को काफी चाहते हैं और हम दोनों ही एक दूसरे के लिए काफी पोजेसिव हैं। इसके बाद करीना ने कहा था कि उन्हें काफी ईर्ष्या होती है। यदि सैफके साथ कोई खूबसूरत लड़की बात कर रही होती है तो ऐसे में वे भी सैफ के लिए काफी पोजेसिव हो जाती हैं।

चाहता हूं कि भारत-ऑस्ट्रेलिया सीरीज में दर्शक मौजूद रहें: ली

ऑस्ट्रेलिया के पूर्व तेज गेंदबाज ब्रेट ली का कहना है कि उन्हें इस बात की उम्मीद है कि इस साल के अंत में भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच होने वाली टेस्ट सीरीज में दर्शक मौजूद रहेंगे।

नई दिल्ली (वार्ता)। कोरोना वायरस के कारण दुनियाभर में क्रिकेट गतिविधियां ठप्प पड़ी हुई है और ऐसे में क्रिकेट दोबारा शुरु होने पर दर्शकों के बिना खेल आयोजित करने पर चर्चा जारी है। इस बीच इंग्लैंड और वेस्टइंडीज के बीच आठ जुलाई से होने वाली तीन मैचों की टेस्ट सीरीज दर्शकों के बिना कराई जाएगी।

भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच साल के अंत में चार टेस्ट मैचों की सीरीज खेली जानी है। ली ने भारत के पूर्व लीजेंड बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर से 100 एमबी एप के माध्यम से चर्चा की जिसमें दोनों के बीच भारत-ऑस्ट्रेलिया टेस्ट सीरीज को लेकर बात हुई।

ली ने सचिन से कहा, ÷मुझे उम्मीद है कि जब इस साल भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच टेस्ट सीरीज हो तो दर्शकों को मौजूद रहने की इजाजत मिले। लेकिन अगर ऐसा नहीं होता है तो इससे काफी मुश्किल होगी। जब मैं खेलता था तो मुझे दर्शकों की मौजूदगी से ऊर्जा मिलती थी। उन्होंने कहा, ÷अगर दर्शकों को इजाजत नहीं दी जाए तो शायद स्टेडियम में स्पीकर की व्यवस्था हो जिसमें दर्शकों की आवाजें सुनाई दें। ऐसा शायद भारत-ऑस्ट्रेलिया सीरीज में शुरु किया जाए।

भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच साल के अंत में चार टेस्ट मैचों की सीरीज खेली जानी है। ली ने भारत के पूर्व लीजेंड बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर से 100 एमबी एप के माध्यम से चर्चा की जिसमें दोनों के बीच भारत-ऑस्ट्रेलिया टेस्ट सीरीज को लेकर बात हुई। ली ने सचिन से कहा, मुझे उम्मीद है कि जब इस साल भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच टेस्ट सीरीज हो तो दर्शकों को मौजूद रहने की इजाजत मिले। लेकिन अगर ऐसा नहीं होता है तो इससे काफी मुश्किल होगी। जब मैं खेलता था तो मुझे दर्शकों की मौजूदगी से ऊर्जा मिलती थी।

विंडीज टीम कोरोना टेस्ट में पास, इंग्लैंड के लिए होगी रवाना

एंटीगा (वार्ता)। वेस्टइंडीज टीम के सभी खिलाड़ियों और सहायक स्टाफका कोरोना वायरस का टेस्ट किया गया जिसमें सभी के नतीजे नेगेटिव आने के बाद टीम जल्द ही इंग्लैंड दौरे के लिए रवाना होगी।

वेस्टइंडीज को इंग्लैंड के खिलाफआठ जुलाई से तीन मैचों की टेस्ट सीरीज खेलनी है। दिशा निर्देशों के अनुसार इंग्लैंड रवाना होने से पहले टीम के सभी खिलाड़ियों और सहायक स्टाफका कोरोना टेस्ट किया जाना अनिवार्य था।

क्रिकेट वेस्टइंडीज के मुख्य कार्यकारी अधिकारी जॉनी ग्रेव ने कहा कि सभी खिलाड़ियों और स्टाफका कोरोना टेस्ट किया गया जिनका नतीजा नेगेटिव आया है। कप्तान जैसन होल्डर के नेतृत्व में टीम चार्टर प्लेन से एंटीगा से रवाना होगी और मैनचेस्टर पहुंचेगी। टीम के खिलाड़ी ओल्ड ट्रेफर्ड में ठहरेंगे और वहां तीन सप्ताह तक ट्रेनिंग करेंगे। टीम तीन जुलाई को साउथम्पटन के लिए रवाना होगी जहां आठ जुलाई से पहला टेस्ट खेला जाएगा। पिछले सप्ताह वेस्टइंडीज ने 11 रिजर्व खिलाड़ी सहित कुल 25 सदस्यीय टीम की घोषणा की थी।

इंग्लैंड दौरे के लिए पाकिस्तान के बल्लेबाजी कोच बने यूनुस खान

इस्लामाबाद (वार्ता)। पाकिस्तान के पूर्व बल्लेबाज यूनुस खान को इंग्लैंड दौरे के लिए टीम का बल्लेबाजी कोच नियुक्त किया गया है। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने मंगलवार को यह जानकारी दी।

मुख्य कोच मिस्बाह उल हक के नेतृत्व में पाकिस्तान की टीम इस साल अगस्त में इंग्लैंड का दौरा कर सकती है। पाकिस्तान को इंग्लैंड के खिलाफतीन टेस्ट और तीन टी-20 मैचों की सीरीज खेलनी है। टीम में वकार यूनुस गेंदबाजी कोच है और मुश्ताक अहमद स्पिन कोच के रुप में इंग्लैंड के खिलाफटीम में शामिल होंगे। यूनुस ने कहा, ÷मेरे लिए अपने देश का प्रतिनिधित्व करना हमेशा सम्मान की बात रही है और एक बार फिर मुझे इंग्लैंड जैसे चुनौतीपूर्ण दौरे के लिए टीम में शामिल करने से मैं गौरवान्वित महसूस कर रहा हूं। पाकिस्तान में कुछ प्रतिभाशाली खिलाड़ी है और मिस्बाह, मुश्ताक और वकार के साथ मिलकर हम टीम को सर्वश्रेष्ठ टीम बनाने की कोशिश करेंगे।

खेलकूद से कोरोना को भगाएं विषय पर ऑनलाइन पेंटिंग प्रतियोगिता

नई दिल्ली (वार्ता)। शारीरिक शिक्षा और खेलकूद को बढ़ावा देने के लिए काम कर रही संस्था फिजिकल एजुकेशन फाउंडेशन ऑफ इंडिया (पेफी) कोरोना महामारी के दौरान बच्चों के लिए एक ऑनलाइन पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन करेगी। आयोजन सचिव डा. चेतन कुमार ने बताया कि प्रतियोगिता का विषय यूनाइटेड अगेंस्ट कोरोना, एक्सप्रेस थ्रू स्पोर्ट्स रखा गया है जिसमें अलग-अलग उम्र के बच्चे खेलकूद से कोरोना को भगाएं विषय पर अपनी कल्पना शक्ति दिखाएंगे।

कोरोना के कारण जब बच्चों की खेलकूद और पढ़ाई आदि सभी गतिविधियां बंद हैं, ऐसे समय में पेफी इन बच्चों के लिए एक ऑनलाइन पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन करवा रही है। पेफी भारत सरकार के खेल मंत्रालय से मान्यता प्राप्त संस्था है।

भोपाल में मंगलवार से शुरू हो जाएंगे खेल

भोपाल (वार्ता)। भोपाल में मंगलवार यानी नौ जून से बैडमिंटन, टेनिस, ट्रायथलन और हॉकी खेलों की शुरुआत की जा रही है। दूसरे चरण में प्रारंभ होने वाले बैडमिंटन, टेनिस, हॉकी और ट्रायथलन खेलों में 15 से 30 वर्ष तक आयु समूह के खिलाड़ी ही भागीदारी कर सकेंगे। आधिकारिक जानकारी के अनुसार टी टी नगर स्टेडियम में टेनिस, बैडमिंटन और ट्रायथलॉन खेलों में खिलाड़ी अभ्यास करेंगे।

आईसीसी को उम्मीद, बुधवार को दूर होगी टी20 वर्ल्ड कप पर जारी दुविधा

नई दिल्ली। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) को बुधवार को होने वाली बोर्ड सदस्यों की बैठक में ऑस्ट्रेलिया में इस साल होने वाले टी20 विश्व कप के भविष्य को लेकर गतिरोध दूर होने की उम्मीद है। इस बैठक में अगले चेयरमैन के लिए नामांकन प्रक्रिया शुरू करने की घोषणा भी की जा सकती है। बोर्ड के सदस्य इस समय ऑस्ट्रेलिया में होने वाले टी20 विश्व कप को लेकर कोई ठोस फैसला कर सकते हैं जिस पर कोविड-19 महामारी के कारण अनिश्चितता के बादल मंडरा रहे हैं। ऐसे में क्या भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के आग्रह पर 2021 के बजाय 2022 में मेजबानी करने पर सहमत हो जाएगा।

इस सवाल के जवाब में बीसीसीआई कोषाध्यक्ष अरुण धूमल ने भाषा से कहा कि पहले आईसीसी को घोषणा करने दो कि उनका इस साल के विश्व टी20 को लेकर क्या इरादा है। इस साल के टूर्नामेंट को लेकर अभी तक कोई औपचारिक घोषणा नहीं की गई है। आईसीसी बोर्ड की जानकारी रखने वाले एक वरिष्ठ अधिकारी ने गोपनीयता की शर्त पर कहा कि भारत या तो पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 2021 के टूर्नामेंट की मेजबानी करेगा और ऑस्ट्रेलिया में 2022 में इसका आयोजन होगा या फिर इसके उलटा भी हो सकता है। किसी भी स्थिति में यह फैसला बाइलेटरल सीरीज को ध्यान में रखकर करना होगा। एक अन्य पहलू प्रसारक स्टार इंडिया है जिसने आईपीएल और आईसीसी प्रतियोगिताओं में भी निवेश किया है।अधिकारी ने कहा कि स्टार भी हितधारक है। उनकी राय भी मायने रखेगी। ऐसे भी कयास लगाए जा रहे हैं कि अगर टी20 विश्व कप स्थगित या रद्द कर दिया जाता है तो अक्टूबर-नवंबर में इंडियन प्रीमियर लीग का आयोजन किया जा सकता है।

एक अन्य महत्वपूर्ण पहलू यह होगा कि क्या आईसीसी के निवर्तमान चेयरमैन शशांक मनोहर और बोर्ड उनके उत्तराधिकारी के लिए नामांकन प्रक्रिया की औपचारिक घोषणा करेंगे। इस पद के लिए कई दावेदार हैं। एक महीने पहले तक इंग्लैंड एवं वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) के कोलिन ग्रेव्स सर्वसम्मत पसंद लग रहे थे और अब भी वह मुख्य दावेदार हैं लेकिन बीसीसीआई अध्यक्ष सौरव गांगुली और पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के एहसान मनी के नाम भी इस पद के लिए उछाले जा रहे हैं जिससे मामला दिलचस्प बन गया है। बीसीसीआई ने हालांकि अभी तक गांगुली को उम्मीद्वार बनाने का औपचारिक फैसला नहीं किया है। धूमल ने कहा कि जल्दबाजी क्या है। वे पहले चुनाव प्रक्रिया घोषित करें। इसके लिए समयसीमा होगी। हम सही समय पर फैसला करेंगे। एक अन्य मसला भारत में 2021 में होने वाले टी20 विश्व कप के लिए करों में छूट से जुड़ा है। बीसीसीआई पहले ही भारत में 2016 में खेले गये टी20 विश्व कप से संबंधित करों को लेकर लड़ाई लड़ रहा है।

चीन में खेल प्रेमियों के लिए जिम खुले

नेनिंग (वार्ता)। कोरोना को स्त्रोत देश चीन में कोरोना मामलों में कमी आने के बाद अब चीन के कम जोखिम वाले क्षेत्रों में अधिकतर जिम को खेल प्रेमियों के लिए खोल दिया गया है।

चीन में कोरोना के बाद से जिम को बंद कर दिया गया था लेकिन चीन में कोरोना के मामलों में कमी आयी है और जिम तथा अन्य खेल हाल को खेल प्रेमियों के लिए खोल दिया गया है। जिम खुलने के बाद ली निंग स्पोर्ट्स पार्क में करीब 2500 लोग आये, हालांकि जनवरी के मुकाबले यह संख्या 70 फीसदी कम है।

आने वाले लोगों को साफ़ तौर पर कहा गया है कि वे पहले फोन या ऑनलाइन अपने सही नाम के साथ पंजीकरण करवाएं और अपने तापमान की भी जानकारी दें। हर स्थल को रोजाना सेनेटाइज किया जाता है। फिलहाल लोगों की संख्या को सीमित रखा जा रहा है। चीन में फिटनेस सेंटर में व्यक्तिगत कोचिंग की मांग बढ़ गयी है। चीन में धीरे-धीरे सार्वजानिक स्थलों और जिम्नेजियम को खोला जा रहा है।

न्यूज गैलरी

नगर के भाजपा कार्यालय में अधिकारी कर्मचारी ने ली शपथ

खरोरा। केंद्र सरकार का एक साल पूरा होने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लिखित पत्र को जनता तक पहुचाने और केंद्र सरकार की उपलब्धियों से जनता को अवगत कराने की शुरुआत नगर खरोरा में दिनांक 7/06/2020 से हुई कार्यक्रम में प्रमुख रूप से प्रदेश के भाजपा के पूर्व संगठन मंत्री रामप्रताप सिंह ने बताया कि इस अभियान के तहत भाजपा ने इस पत्र को देश मे 10 करोड़ लोगों तक बाँटने का लक्ष्य रखा है बैठक में पूर्व संगठन मंत्री ने सभी पदाधिकारियों को आत्मनिर्भर भारत, विश्व कल्याण के लिए भारत की भूमिका व कोरोना बचाव की सावधानियों एवं स्वस्थ्या रहने के लिए अच्छी आदतों के संकल्प दिलाया। इसके साथ ही उन्होंने राम मंदिर, तीन तलाख, 370-35 ए व काश्मीर जैसे अहम मुद्दे को कई सालों से पेंडिंग थे उसमे रिजल्ट आना व प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अनेक उपलब्धियों से लोगो को अवगत कराया वही कार्यक्रम के अंत मे पूर्व धरसींवा विधायक देवजी भाई पटेल ने चापा विधायक एवं प्रमुख कार्यकर्ता मनोज अग्रवाल के निधन पर दो मिनट का मौन रखा उनकी आत्मा की शांति के लिए प्राथना की। कार्यक्रम में भाजपा के पूर्व संगठन मंत्री रामप्रताप सिंग, पूर्व विधायक देवजी भाई पटेल,भाजपा रायपुर जिला ग्रामीण अध्यक्ष गुलाब सिंह टिकरिया,जिला कोसाध्यछ अनिल अग्रवाल, भाजपा मंडल अध्यक्ष नरेंद्र सिंह ठाकुर,संजय ढिधी, महामंत्री सूरज सोनी,जिला पंचायत रायपुर सदश्य सोना वर्मा, जिला पंचायत सदश्य तंकराम वर्मा,जनपद सदश्य शिवशंकर वर्मा, नगर पंचायत अध्यक्ष अनिल सोनी, सलमंडल अध्यक्ष तिल्दा विष्णु शर्मा, गिरीश वर्मा, विकाश ठाकुर, दीपक धनकर, छगन यादव, परसनायक एवं अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यकर्ताओ द्वारा घर घर जाकर लोगो को प्रधमंत्री नरेंद्र मोदी का पत्र भी बाट गया।

15 साल के भाजपा राज में जब पलायन खत्म हो गया था तो ढ़ाई लाख मजदूर आए कहां से- प्यारे

खरोरा। कोरोना काल में छत्तीसगढ़ से अन्य प्रदेशों में पलायन किए मजदूरों कि बड़ी संख्या राज्य सरकार के विशेष पहल से अपने राज्य पहुंच चुकी है वही कुछ का अभी भी आना बाकी है यह आंकड़ा

लगभग ढाई से तीन लाख का है। अपने राज्य में रोजगार के अभाव में रोजगार की तलाश मे अन्य प्रदेशों में विगत कई वर्षो से पलायन किए बड़ी संख्या में मजदूरों का आंकड़ा आने पर साहू समाज युवा प्रकोष्ठ रायपुर संभाग के अध्यक्ष एवं जिला कांग्रेस कमेटी रायपुर ग्रामीण के पूर्व महामंत्री एवं प्रवक्ता प्यारे लाल साहू ने पूर्ववर्ती भाजपा सरकार द्वारा छत्तीसगढ़ से पलायन खत्म के दावे पर सवाल करते हुए कहा है कि अगर पलायन खत्म हो गए थे तो इतने सारे मजदूर कहां से आ गए हैं। पलायन किए इतनी बड़ी संख्या में मजदूरों के वापस आने से बीजेपी का झूठ एक बार फिर उजागर हुआ है इसके लिए प्रदेशवासियों को भाजपा से माफी मांगनी चाहिए। श्री साहू ने कहा है कि छत्तीसगढ़ एक अमीर धरती है जहां विभिन्न प्रकार के खनिज संपदा का अथाह भंडार है। जल ,जंगल एवं जमीन से समृद्ध है यहां कई सारे उद्योग लगे हुए हैं लेकिन भाजपा सरकार अपने 15 साल के राज में आम मजदूर एवं किसान के हित के प्रति कभी सोचा ही नहीं यहां के उद्योगों में स्थानीय लोगों के लिए कोई नियम ही नहीं बनाया गया जिसका नतीजा रहा है कि यहां के उद्योगों में अन्य राज्यों के श्रमिक कार्यरत थे वही स्थानीय बड़ी संख्या में अन्य प्रदेशों में रोजगार के लिए पलायन को मजबूर थे जो कि एक बहुत ही दुखद एवं शर्मनाक है।

बालोद जिला के नवनियुक्त कलेक्टर ने डौंडी क्षेत्र के क्वारंटाइन सेंटरों का किया निरीक्षण,दिए जरूरी सुझाव

डौंडी। बालोद जिला के नए कलेक्टर जनमजेय मोहबे आज आकस्मिक दौरे पर डौंडी पहुँचे। इस दौरान उन्होंने क्षेत्र के कवारेंटाइन सेंटरों का जायजा लिया। उन्होंने कवारेंटाइन सेंटरों में रह रहे मजदूरों से उनकी जुबानी हालचाल नजदीकी से जाना, श्रमिको ने बताया कि उन्हें रहने,खाने, पेयजल की उचित सुविधाएं मुहैया कराई गई है। कलेक्टर ने कहा कि किसी को इस महामारी संक्रमण से जरा भी डरने की आवश्यकता नही है, कोई भी शारीरिक तकलीफों को डॉक्टरों से साझा करें। संक्रमण से बचाव हेतु नियमों का पालन करना हर वर्ग के नागरिकों के लिए अति आवश्यक है। राज्य शासन सभी प्रवासियों का उचित ख्याल रख रहा है तथा जिला प्रशासन अपनी भूमिका पूरी निष्ठा के साथ निभा रहे है। कलेक्टर द्वारा उपस्थित अधिकारियों को जरूरी दिशा निर्देश भी दिया गया।और कहा कि आइसोलेशन में रह रहे किसी भी व्यक्ति को कोई परेशानी नहीं आना चाहिए। कलेक्टर को अपने बीच पाकर प्रवासी मजदूरों के मध्य खुशी देखी गई।

निधन

रामकुमार सेन

खरोरा। भाजपा के प्रथम नगर अध्यक्ष, पूर्व सांसद प्रतिनिधि, भारतीय जनता पार्टी के जड़, भाजपा नेता रामकुमार सेन का निधन हो गया वह कुछ वर्ष से अस्वस्थ चल रहे थे। नगर के प्रतिष्ठित नागरिक व समाज सेवक रामकुमार सेन प्रथम ऐल्डर मेन नगर पंचायत खरोरा रामकुमार सेन 70 वर्ष में निधन हो गया वह अपने पिछे प्रेम सेन पूर्व ऐल्डर मेन ,नरेन्द्र सेन ,रामकिशोर सेन भाई व जितेन्द्र सेन (पुत्र)पूर्व पार्षद ,सुमित सेन सहित अपने पिछे भरापूरा परिवार छोड़ गया,जिनका अतिम यात्रा नगर के वार्ड क्रमाक 01नायकटाड मे आज 9/मई को दिन मंगलवार किया गया।

राज्यसभा सांसद फूलो देवी नेताम ने किया मां बम्लेश्वरी देवी का दर्शन

नवप्रदेश संवाददाता

डोंगरगढ़। नवनिर्वाचित राज्यसभा सांसद एवं महिला कांग्रेस की प्रदेश अध्यक्ष श्रीमती फूलों देवी नेताम ऊपर माँ बम्लेश्वरी देवी मंदिर और नीचे बम्लेश्वरी मंदिर दर्शन के पश्चात विश्राम गृह में कांग्रेसी कार्यकर्ताओं से भेंट की। सांसद निर्वाचित होने के पश्चात श्रीमती फूलो देवी नेताम डोंगरगढ़ आगमन तय हुआ था परंतु लॉक डाउन के कारण यह संभव नहीं हो पाया था। आज नवनिर्वाचित सांसद के डोंगरगढ़ पहुंचने पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी एवं समस्त कांग्रेस विंग के कार्यकर्ताओं द्वारा उनका स्वागत किया गया। विश्राम गृह में कार्यकर्ताओं से भेंट के पश्चात तीसरे रेलवे लाइन एवं कटघोरा रेल लाइन संघर्ष समिति के सदस्यों के एक प्रतिनिधिमंडल ने उनसे भेंट कर अपनी समस्याओं को उनके सामने रखा जिस पर उन्होने दिल्ली में उनकी आवाज

पहुंचाने का आश्वासन दिया। इस दौरान जिला कांग्रेस कमेटी (ग्रामीण) अध्यक्ष पदम सिंह कोठारी विधायक भुवनेश्वर बघेल प्रदेश महिला कांग्रेस उपाध्यक्ष संध्या देशपांडे सुधा सरोज हेमलता साहू प्रेमलता भोई जिला महिला कांग्रेस अध्यक्ष रामछत्री चंद्रवंशी ब्लॉक शहर कांग्रेस अध्यक्ष संजीव गोमास्ता नपाध्यक्ष सुदेश मेश्राम महेंद्र यादव उमा महेश वर्मा संजय श्रीवास्तव धीरज मेश्राम नलिनी मेश्राम रिम्मी भाटिया अनिल मेश्राम ममता शिंदे किरण मेश्राम मधु श्रीवास्तव राजकुमारी सिन्हा रूपचंद खोबरागडे हरीश भंडारी शिशुपाल भारती गणेश साहू नरेश करसे इंदरपाल राजा प्रमोद टेंभुर्णीकर गणेश मुदलियार अश्वनी फुले संजय यादव वीरेंद्र पाल अकिल कुरैशी बंशी साखरे विद्या रामटेके अमीन उके लखन पाटकर मतीन खान गौरव टेंबुरकर सूरज साहू अंबरीश टांडिया मयूर हथेल श्रीकांत जनबंधु स्टीफन स्टेनगिल रामचंद्र मंडावी सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता गण उपस्थित रहे।

पुलिस कप्तान को अपने घर देख खुश हुआ शहीद परिवार

■ कोविड-19 के संक्रमण के बीच प्रशांत ठाकुर खुद मिलने पहुंचे शहीद परिवारों से

नवप्रदेश संवाददाता

भाटापारा। जिले के पुलिस अधीक्षक प्रशांत ठाकुर सोमवार की शाम स्थानीय संतमाता कर्मा वार्ड अवरेठी पारा पहुँच कर शहीद संतोष धुव के परिजनो से मुलाकात ही नही करी बल्कि उनके परिजनो का कोरोना टेस्ट कराते हुए अपने तरफ से परिजनो को फल देते हुए परिजनो का हौसला अफ्जाई भी किया।

जिला पुलिस अधीक्षक प्रशांत ठाकुर अपने जिले के शहीद परिवारों से मिलने के लिए खुद ही पहुंच गए। उन्होंने शहीद धनंजय वर्मा के गांव टोनाटार पहुँचकर उनके परिजनो से मुलाकत की।उसके पश्चात एस पी प्रशांत ठाकुर ने भाटापारा में शहीद संतोष धुव के परिजनो से मिल कर आश्वस्त किया की वे पुलिस परिवार के ही सदस्य है और हर परिस्थिति में पुलिस प्रशासन उनके परिवार के साथ है।

पुलिस अधीक्षक श्री ठाकुर ने शहीद परिवार के सदस्यों का covid test करवाया और साथ ही रुटीन स्वास्थ्य परीक्षण भी करवाया एवम् हैंड सेनेटाइज़र मास्क भी दिए, ष्थ1द्वस्र 19 से संक्रमण से किस तरह बचाव किया जाए, इसके बारे में परिजनो को विस्तार से बताया

रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढाने के लिए उपाय बताए और अपने साथ लाए हुए कुछ ऐसे फल और हरी सब्जी एवं मसाले जो रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाते हैं परिवार के सदस्यों को दिया।

शहीद परिजनो से बातो के दौरान जिले के नए पुलिस अधीक्षक प्रशांत ठाकुर ने बातों बातों बोला कि मैं अपनी माँ के साथ रहता हूँ घर पर छोटे बच्चे हैं। मै जानता हूं कि इस ष्थ1द्वस्र 19 के समय पर बच्चों और बुजुर्गो को कितना सावधान रहने कि आवश्यकता है। आप सभी मेरे परिवार के ही सदस्य है मेरे माता पिता की तरह है इसलिए आज उनके बीच पहुंचे हैं।

भावुक हुए परिजन

शहीदों के परिजनों ने नम आंखों से अपने शहीद पुत्र को याद किया और पुलिस अधीक्षक को इस तरह अपने बीच पाकर भावुक हो गए। पुलिस अधीक्षक प्रशांत ठाकुर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक निवेदिता पॉल और एसडीओपी के.बी.द्विवेदी,थाना प्रभारी महेश धुव ग्रामीण थाना प्रभारी यशवंत सिंह ,सहायक उप निरीक्षक ओम साहू आदि साथ थे।

छत्तीसगढ़ सामान्य प्रशासन विभाग के आदेशों का पालन,10 दिनों के बाद भी नहीं

छुरा। छत्तीसगढ़ में छत्तीसगढ़ शासन के सामान्य प्रशासन विभाग के आदेश का पालन 10 दिन बीत जाने के बाबा भी नहीं होना,अपने आप में ही आश्चर्य लगता है। छुरा जनपद के नए मुख्य कार्यपालन अधिकारी जी द्वारा 10 दिन बीत जाने के बाद भी आज दिनांक तक पद- भार ग्रहण नहीं किया गया है, इससे छुरा में चर्चाओं का दौर शुरू हो गया है क्योंकि छत्तीसगढ़ सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा, जो आदेश जारी किया गया है, वह माननीय मुख्यमंत्री जी के अनुमोदन से ही जारी हुआ है। ऐसे में सवाल उठता है कि छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री जी के अनुमोदन वाले आदेश का पालन 10 दिनों तक ना हो तो, किसके आदेशों का पालन होगा। कहीं यह प्रतिनियुक्ति आदेश केवल कागजो में ही सीमित न रह जाए ? अतः छत्तीसगढ़ के माननीय मुख्यमंत्री जी से विनम्र निवेदन है कि किसी भी अधिकारी / कर्मचारियों का ट्रांसफर या प्रतिनियुक्ति आदेश जारी के बाद, उसे रोका ना जाए।

आरंग विकासखण्ड में 25.39 करोड़ की लागत से सड़कों का निर्माण काम जारी

आरंग। नगरीय प्रशासन एवं श्रम मंत्री डॉ. शिवकुमार डहरिया की विशेष पहल पर प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत आरंग विकासखण्ड के विभिन्न मार्गो में लगभग 25 करोड़ 39 लाख रूपए से सड़क निर्माण का कार्य प्रगति पर है। इनमें प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजाना के तहत 19 करोड़ 41 लाख रूपए की और मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत पांच करोड़ 98 लाख रूपए का विकास कार्य शामिल है। मंत्री डॉ. डहरिया ने आज आरंग विकासखण्ड में चल रहे इन कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों से संबंधित ठेकेदारों से समन्वय कर कार्यो में तेजी लाने के निर्देश दिए। अधिकारियों ने बताया कि आरंग विकासखण्ड अंतर्गत मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत सात मार्गो-ग्राम तुलसी से परसदा में सड़क निर्माण कार्य प्रगति पर है। इसकी लागत एक करोड़ 69 लाख 82 हजार रूपए है। इसी प्रकार धोबट्टी से परसवानी सड़क निर्माण की लागत 37 लाख 02 हजार, अछोली से भैंसमुड़ी मार्ग सड़क निर्माण की लागत 68 लाख 60 हजार रूपए, खुटेरी से जरौद मार्ग सड़क निर्माण के लिए 74 लाख 30 हजार रूपए, गोढ़ी पानी टंकी हाई स्कूल से भानसोज रोड तक सड़क निर्माण की लागत 39 लाख 15 हजार रूपए, आरंग गोठान से चंडीखार पहुंचमार्ग की लागत 94 लाख 18 हजार रूपए और राटाकाट से आरंग मार्ग सड़क निर्माण की लागत एक करोड़ 14 लाख 61 हजार रूपए की लागत से सड़क निर्माण कार्य प्रगति पर है।

कलेक्टर डेहरे ने जिला कार्यालय के विभिन्न शाखाओं का किया औचक निरीक्षण

गरियाबंद। कलेक्टर छतर सिंह डेहरे ने आज दोपहर जिला कार्यालय स्थित विभिन्न शाखाओं और कार्यालयों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अपने समक्ष कार्यालयों में आलमारी के ऊपर रखे फाईलों और अनावश्यक वस्तुओं को हटवाया। साथ ही कार्यालय की सफाई भी करवाई। कलेक्टर श्री डेहरे ने निरीक्षण के दौरान प्रभारी अधिकारियों और स्टॉफको अपने कार्यालय को घर जैसे स्वच्छ रखने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि कोविड-19 के इस दौर में कार्यालय में प्रवेश द्वार पर सेनेटाईजर की अनिवार्य रूप से व्यवस्था की जाए। उन्होंने भू-अर्जन शाखा, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, उद्योग, श्रम विभाग, निर्वाचन शाखा, शिक्षा मिशन, कैंटिन, शिक्षा विभाग, आबकारी, महिला एवं बाल विकास, उद्यानिकी, सांख्यिकी, खनिज, आदिवासी विकास विभाग सहित एनआईसी कक्ष का अवलोकन किया। निरीक्षण के दौरान अपर कलेक्टर जे.आर चौरसिया एवं डिप्टी कलेक्टर ऋचा ठाकुर मौजूद थी।

श्री डेहरे ने अवलोकन के दौरान जिला कार्यालय के परिसर और गैलरी में फैले हुए अनावश्यक वस्तुओं को तत्काल हटाने के निर्देश दिये। उन्होंने महिला एवं बाल विकास विभाग के कार्यालय में टूटे-फुटे डस्टबिन को हटाने और नये डस्टबिन उपयोग में लाने निर्देश दिये। उद्योग, शिक्षा,श्रम,आदिवासी विकास विभाग में सामग्री एवं फाईलों को बेतरतीब ढंग से रखे जाने के कारण नाराजगी जाहिर की गई एवं तत्काल साफ-सफाई करने व सामग्रियों को सु-व्यवस्थित रूप से रखने के निर्देश दिये। उन्होंने गैर जरूरी सामग्रियों जैसे- कार्टून,टूटे हुए फर्निचर, कम्प्युटर सामग्री को हटाने के निर्देश दिये। साथ ही संबंधित उक्त कार्यालयो के प्रभारी अधिकारी और चपरासियों को नोटिस देने के निर्देश दिये हैं। श्री डेहरे ने कार्यालयों में आलमारी और रेक के उपर कोई भी वस्तु या फाईल नहीं रखने के सख्त निर्देश दिये। बरामदों, गैलरी की नियमित सफाई हेतु नगर पालिका को निर्देश दिये गये।

हितग्राहियों को विधायक प्रतिनिधि ने दिया चेक

साजा। नगर पंचायत साजा अंतर्गत कन्या जन्म प्रोत्साहन योजना के तहत वार्ड क्र. 02 निवासी सरला प्रकाश सोनी एवं मृतक अंतिम संस्कार के तहत सुरेश वर्मा पिता जनक और हरी राम वर्मा पिता जगेसर को 2-2 हजार रू का चेक वितरण नगर पंचायत कार्यालय में विधायक प्रतिनिधि मनोज जायसवाल द्वारा प्रदान किया गया। उक्त अवसर पर युगेश्वर सोनी उपाध्यक्ष, सीएमओ आरएल सुधाकर, भारत भूषण ठाकुर, ठुब्लू राम सिन्हा, केशव राम साहू सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।

सोसायटी के उपकेंद्र भरदा में चबूतरा निर्माण का अध्यक्ष ने किया भूमिपूजन

साजा। सेवा सहकारी समिति बेलतरा के आश्रित ग्राम भरदाकला के उपकेन्द्र में मनरेगा के तहत स्वीकृत तीन नग चबूतरा निर्माण का भूमि पूजन समिति अध्यक्ष पंकज राठी ने किया। इस अवसर पर सरपंच ठाकुर प्रसाद साहु, संचालक सदस्य तोप सिंह, हीराऊ राम, फूदरू राम , टुम्मनराम, शारदा साहु, दीनदयाल साहु, गोवर्धन साहु, सुनील साहु एवं अन्य किसान साथी, संचालक सदस्यगण उपस्थित रहे।

भाटापारा में बढ़ी कोरोना की रफ्तार, संक्रमितों का आंकड़ा आधा दर्जन पार

भाटापारा। लाकडाउन के चार चरणों तक बिल्कुल संरक्षित एवं सुरक्षित रहे भाटापारा के लिए पांचवा चरण एक विपदा की तरह आया एवं बुधवार 3जून को मिले पाजिटीव के दो मामले के साथ ही शहर मे कोरोना की दस्तक हो गई, इसके साथ ही शहर के निश्चिन्त वातावरण मे चिंता की लहर प्रवेश कर गयी, साथ ही साथ उन बिन्दुओ पर भी शहर का ध्यान अब जाता हुआ प्रतीत हो रहा है जो संक्रमण की संभावना को बढ़ातें है,

दो दिन संपूर्ण लाकडाउन रहा शहरः पांच पाजिटीव मरीज मिलने की पुष्टि के साथ ही प्रशासन द्वारा आवश्यक कार्यवाही को अंजाम दिया गया, जिसके तहत मातादेवालय वार्ड मुंशी इस्माइल वार्ड एवं नयापारा वार्ड को कन्टेन्टमेन्ट जोन घोषित होते ही इन परिक्षेत्रों को सील कर।दिया।गया।वही इस प्रकार की विपदा को देखते हुए व्यसाईओ ने 6एवं सात जून को भाटापारा मे संपूर्ण लाकडाउन कर पूरा व्यबसाय को बंद रखा गया।इसमें सिर्फ आवश्यक सेवाओं को छोड़कर सभी प्रतिष्ठान बंद रहें एवं लोगों के बेवजह बाहर निकलने पर मनाही लगा के रखी गई। जिसकी सूचना प्रशासन द्वारा मुनादी के माध्यम से जन जन तक पहुँचायी गयी।

पांच नये मरीजों से शहर हुआ चिंतित

शहर मे मिले दो मरीजों के बाद जारी हडकंप की स्थिति एवं उससे जुड़े चर्चा मे मशगूल शहर के लिए 5जून सनसनी फैलाने का सबब साबित हुआ एवं भाटापारा मे पांच नये मरीजों की जानकारी मिलने के साथ ही समूचा शहर एक तरह से हतप्रभ रह गया, क्योंकि मिले पांच मरीजों मे 3स्वास्थय विभाग से जुड़े हुए हैं, एवं उनकी ड्यूटी रेल्वे स्टेशन मे मजदूरों का स्वाब सेंपल लेने के लिए लगी हुई थी, इन कोरोना योद्धाओं के संक्रमित होने की सूचना जनमानस को भावुक कर गयी तथा उनके लिए संवेदना का भाव भी लोगों मे उठता हुआ प्रतीत हुआ, इसके अलावा एक मरीज मातादेवालय वार्ड एवं एक टेहका सेन्टर से भी मिलने की जानकारी मिल रही है।

कलेक्टर की क्लास क्वारंटाईन सेंटर के आसपास साफ-सफाई के साथ हो दवा का छिड़काव

अधिकारी पूरी तैयारी के साथ बैठक में हो शामिल : कलेक्टर डेहरे

गरियाबंद। कलेक्टर छतर सिंह डेहरे ने आज अधिकारियों की समय- सीमा प्रकरणों की समीक्षा बैठक में विभागवार लंबित प्रकरणों की समीक्षा की। साथ ही उन्होंने प्रवासी मजदूरों के लिए क्वारेंटाईन सेन्टर में व्यवस्था तथा कलेक्टर कॉन्फ्रेंस के लिए निर्धारित बिन्दुओं की विभागवार भी समीक्षा की। कलेक्टर श्री डेहरे ने कहा कि समय-सीमा के लंबित प्रकरण के निराकरण के संबंध में अधिकारी पूरी तैयारी के साथ बैठक में शामिल होना सुनिश्चित करें ताकि प्रकरण के संबंध में विस्तृत समीक्षा की जा

सके। उन्होंने अधिकारियो को विभाग द्वारा संचालित योजनाओं के क्रियान्वयन के संबंध में भी विस्तृत जानकारी रखने कहा। कलेक्टर ने जन-शिकायत से संबंधित प्रकरण को प्राथमिकता के साथ निराकृत करने तथा पी.जी.एन. और पी.एम.पोर्टल से संबंधित प्रकरणों को तत्परतापूर्वक निपटाने के निर्देश दिये। कलेक्टर ने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप सभी विकासखंडों में उद्यानिकी को बढ़ावा दिया जायेगा। इसके लिए संबंधित एस.डी.एम व जनपद सी.ई.ओ विकासखंड अंतर्गत उद्यानिकी विभाग के लिए 100 एकड़ जमीन चिन्हांकित कर विभाग को उपलब्ध कराये। उक्त जमीन एक ही स्थान पर उपलब्ध नहीं होने पर खंड-खंड में भी उद्यानिकी विभाग को उपलब्ध कराई जाये। ताकि उद्यानिकी विभाग अपने कार्य योजना के अनुरूप उद्यान विकसित कर सके। इसी प्रकार जिले के नवनिर्मित गौठानों में पशु चिकित्सा विभाग द्वारा पशुधन विकास के लिए नवाचारी कार्य योजना का क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाये। कलेक्टर ने मानसून पूर्व कार्यालयों की साथ-सफाई पर जोर देते हुए वर्षा ऋतु में अधिक से अधिक भू-जल संचयन के लिए कार्यालयों में वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगाने कहा। उन्होंने विभागवार पौधरोपण हेतु कार्य योजना की भी समीक्षा की। वन अधिकार पट्टा वितरण के संबंध में प्राथमिकता के तौर पर सामुदायिक वन अधिकार पट्टा वितरण किया जाये। कलेक्टर ने जिले में प्रवासी मजदूरों के आगमन और क्वारेंटाईन सेन्टर में क्वारेंटिन प्रवासी मजदूर की जानकारी लेते हुए मानसून को ध्यान में रखते हुए क्वारेंटाईन सेन्टर के आसपास साथ-सफाई, मिट्टी तेल व दवाई आदि का छिड़काव कराने के निर्देश अधिकारियों को दिये। उन्होंने क्वारेंटाईन सेन्टर में जन सहयोग और क्वारेंटिन प्रवासी मजदूरों के परिजनों के माध्यम से खाट व पलंग की व्यवस्था कराने कहा।

यूपी में पटरी दुकानदारों को एक साल के लिए 10 हजार मिलेगा लोन

लखनऊ। नगर विकास मंत्री आशुतोष टंडन ने कहा है कि शहरी पटरी दुकानदारों को 10 हजार रुपये का कर्ज एक साल के लिए दिया जाएगा। आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय भारत सरकार के सचिव ने वीडियो कांफ्रेंसिंग से इस योजना की शुरुआत की है। यूपी में इसी महीने काम शुरू करते हुए जुलाई से कर्ज देने की प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी।

नगर विकास मंत्री ने बताया कि आत्मनिर्भर भारत के अंतर्गत 'प्रधानमंत्री स्ट्रीट वेंटर आत्मनिर्भर निधि (पीएम स्वनिधि)' योजना की शुरुआत की गई है। योजना का मकसद लॉकडाउन से प्रभावित पटरी दुकानदारों की आजीविका में सुधार लाने लिए ब्याज अनुदान आधारित कर्ज दिया जाएगा। यूपी में जून में ही इसकी गतिविधियां शुरू कर दी गई हैं। शीघ्र ही सहभागी बैंकिंग संस्थाओं के साथ राज्य स्तर पर बैठक कर कर्ज बांटने की कार्यवाही को अंतिम रूप दिया जएगा और 1 जुलाई से कर्ज उपलब्ध कराने की प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी। नगर विकास ने बताया है कि 24 मार्च 2020 से पहले शहरी क्षेत्रों में फुटपाथ पर

